आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 183, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 16

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 15

## एक नजर

### मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रूद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला, हड़कंप

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

### बेटी का यौन शोषण करने पर 20 साल की जेल

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नौ वर्षीय बेटी का यौन शोषण करने का दोषी ठहराते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस मामले का खुलासा उसके पड़ोसी ने किया था। पॉक्सो के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने मंगलवार को अपने आदेश में 35 वर्षीय दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

### दिल्ली से अपहृत बच्ची को ट्रेन से किया बरामद

**बक्सर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-मालदा ट्रेन से राष्ट्रीय राजधानी से कुछ दिन पहले अपहृत की गई आठ वर्षीय बच्ची को अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त कराया। आरपीएफ कर्मियों ने मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बरामद किया और इस मामले में बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हुनरमंद उप्र ने किया निहाल

## उप राष्ट्रपति बोले, यूपी के लिए गेम चेंजर साबित हुए योगी आदित्यनाथ

## गली ब्वाय से विदेशों तक की उड़ान ने बदली छोटे उद्यमियों की तकदीर

**इंटरनेशनल ट्रेड-शो**

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा-पहले सरकार मंच देती तो हुनरमंद बदलते देश की तस्वीर

विवेक सक्सेना/धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड-शो का रंगारंग आगाज हुआ। इंडिया एक्सपो मार्ट में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रेड शो की शुरुआत के साथ हुनरमंद उत्तर प्रदेश की तस्वीर दुनिया के सामने छा गई। अपने बाप-दादे के हुनर को गली-कस्बों, बाजारों और मेलों तक ढो रहे, उनकी नवोदित प्रतिभाओं को देश-विदेश तक खरीदार और प्रशंसकों की कतार देखने को मिली।

मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तरह-तरह के हुनर से सजे छोटे-छोटे उद्यमियों की कलाकृतियों से अभिभूत नजर आए। किसी की चिकन कढ़ाई तो किसी के जरीदोंजी, बांसुरी, खिलौनों, हॉर्न क्राफ्ट से लेकर 80 जीआई टैग हुए हुनर से हर कोई उत्साहित दिखा। मुख्यमंत्री योगी के साथ यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने के बाद उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा लगा वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं, इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24x7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे रोजगार का सबसे बड़ा मंच करार दिया।



इंटरनेशनल ट्रेड-शो के उद्घाटन अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राधे-श्रीकृष्ण की मूर्ति देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

### कृषि के बाद एमएसएमई सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उप्र में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

**विधानसभा चुनाव**

## जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56 प्रतिशत से अधिक मतदान

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 80.74 प्रतिशत वोटिंग

**जम्मू/ श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के दूसरे चरण की 26 सीटों पर बुधवार शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया। रात साढ़े ग्यारह बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औसतन 56.94 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सर्वाधिक वोट श्री माता वैष्णो देवी सीट पर 80.74 प्रतिशत और हब्बाकदल सीट पर सबसे कम 19.81 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में छह जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, गंदेरबल, श्रीनगर और बड़गाम के 26 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। प्रवासी कश्मीरी मतदाताओं ने 24 विशेष मतदान केंद्रों में मतदान किया। प्रवासी कश्मीरियों के लिए जम्मू में 19, उधमपुर में एक और दिल्ली में चार मतदान केन्द्र बनाए गए थे। दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई।

# देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने जजों को दी हिदायत-टिप्पणी करने में सावधानी बरतें
- कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी मामले में सुनवाई बंद

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अदालतों को ऐसी टिप्पणियां करने के खिलाफ सतर्क रहने को कहा जो स्त्रियों के प्रति द्वेषपूर्ण मानी जाएं या किसी खास लैंगिकता या समुदाय के खिलाफ हों। साथ ही न्यायालय ने कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की कार्यवाही बंद करते हुए ये कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सतर्क रहना चाहिए कि न्यायिक प्रक्रियाओं के दौरान ऐसी टिप्पणियां न की जाएं। कर्नाटक हाईकोर्ट के महापंजीयक द्वारा सौंपी एक रिपोर्ट के संदर्भ में पीठ ने कहा कि इससे साफ संकेत मिलता है कि सुनवाई के दौरान की गईं टिप्पणियां कार्यवाही से असंबंधित थीं और इनसे बचना ही बेहतर था।

शीर्ष न्यायालय ने एक मामले में अदालत की कार्यवाही के दौरान एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणियों और एक अन्य मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को पाकिस्तान कहने को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश की विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर 20 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय शामिल थे।

### किसी गलत बात पर परदा डालना समाधान नहीं

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता और इससे जुड़ी गोपनीतया इसे बहुत खतरनाक बनाती है। इस पर प्रधान न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन मैं आपको बता दूं कि किसी गलत बात पर परदा डालना कोई समाधान नहीं है बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका जवाब कूपमंडूक बने रहना नहीं है। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया की पहुंच में अदालती कार्यवाहियों की व्यापक रिपोर्टिंग शामिल हो गई है तथा देश के ज्यादातर हाईकोर्ट ने अब लाइव स्ट्रीमिंग या वीडियो कांफ्रेंस के लिए नियम अपना लिए हैं। सभी को सतर्क रहना होगा कि अदालत में हो रही सुनवाई की पहुंच महज वहां उपस्थिति लोगों तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य दर्शकों तक भी उपलब्ध है।

# वक्फ बिल पर 1.25 करोड़ फीडबैक, जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा सांसद बोले-आंकड़े चौंकाने वाले आईएसआई-चीन की हो सकती है भूमिका

भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति को मिले करीब 1.25 करोड़ प्रतिवेदनों को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि इनके स्रोत की जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई है कि इतनी अधिक संख्या में आवेदन मिलने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और चीन की भूमिका हो सकती है।

दुबे ने समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल को लिखे एक पत्र में कहा कि इस जांच के दायरे में कट्टरपंथी संगठनों, जाकिर नाइक जैसे व्यक्तियों और पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) व चीन जैसी विदेशी शक्तियों के साथ ही उनके छद्म प्रतिनिधियों की संभावित भूमिका भी शामिल होनी चाहिए। समिति के सदस्य और चार बार के लोकसभा सदस्य दुबे का कहना है कि इस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है कि ये प्रतिवेदन कहां-कहां से आए हैं। दावा किया कि इतने ज्यादा प्रतिवेदनों का अकेले भारत से ही आना सांख्यिकीय रूप से असंभव है।

## टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद हाजी एसके नुरुल इस्लाम का बुधवार को निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे।

टीएमसी सूत्रों के मुताबिक नुरुल इस्लाम ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नुरुल इस्लाम को सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाएगा। नुरुल इस्लाम पहली बार 2009 में बशीरहाट लोकसभा सीट से चुने गए थे।

## कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में गुरुवार से झमाझम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से कई राज्यों समेत उप्र. में भारी बारिश हो सकती है। नए विकसित वेदर सिस्टम के चलते गरज चमक के साथ जोरदार बारिश लखनऊ से नोएडा तक देखने को मिलेगी। ऐसे में अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने पूर्वी उप्र. के बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी सहित अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अगले तीन-चार दिन यह बारिश जारी रह सकती है। शुरुआती दो दिन आंधी के साथ बारिश का अनुमान है। इतना ही नहीं, पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

# जमीन घोटाला : सिद्धारमैया के खिलाफ होगी लोकायुक्त जांच

बेंगलुरु, एजेंसी

- विशेष अदालत ने मांगी लोकायुक्त पुलिस से तीन महीने में रिपोर्ट

कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस से जांच कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का रास्ता साफ हो गया।

विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट के इस आदेश से एक दिन पहले कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच कराने की राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखा था। इस मामले में एमयूडीए पर सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंड आवंटित करने में अनियमितताएं बरतने का आरोप है। विशेष अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को जांच शुरू करने और 24 दिसंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### मैं जांच का सामना करने को तैयार: सिद्धारमैया

विशेष अदालत के आदेश पर सिद्धारमैया ने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मैंने पहले ही कहा है कि मैं जांच का सामना करने के लिए तैयार हूं। मैं जांच से नहीं डरता।

# राहुल की नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के विवाद पर केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी को की गई शिकायत पर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है।

जुलाई माह में इसी याची की याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया था। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। वह लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है। याचिका में राहुल गांधी के दोहरी नागरिकता धारण करने को अपराध बताते हुए सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गई है। अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

# तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

## एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्विक रैंकिंग में मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं- आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।



अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।

### 58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।



## शहर में आज



☞ रामगंगा विहार के केसरी कुंज कालोनी में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह का दूसरा दिन शाम 5 :00 बजे।

☞ रामलीला मंचन के लिए लाजपत नगर में भूमि पूजन पूर्वाह्न 11 :30 बजे।

☞ अटेवा पेंशन बचाओ मंच की सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क से रैली निकलेगी दोपहर 2 :00 बजे।

☞ गोल्डन गेट स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का उद्घाटन सुबह 8 :00 बजे।



बारिश के कारण अवंतिका कॉलोनी में हुआ जलभराव। • अमृत विचार



बारिश के कारण जेल रोड पर हुए जलभराव में गुजरते लोग। • अमृत विचार

### जेल रोड पर दुकानों में घुसा पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दोपहर में हुई मूसलाधार बारिश से जेल रोड पर पानी भर गया। दुकानों में पानी घुस जाने से दुकानदारों को दुकान का शटर गिराना पड़ा। बारिश से हर ओर जलभराव होने से किसी को रास्ता नहीं सूझ रहा था। बारिश के पानी से होकर आगे बढ़े।

## एक नजर

### प्रदीप सक्सेना एडवोकेट बने प्रांतीय संयोजक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इंटरनेशनल हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड (अराजनैतिक संगठन) के चार्टर द्वारा एडवोकेट अरुण प्रदीप सक्सेना उर्फ प्रदीप सक्सेना एडवोकेट को उत्तर प्रदेश का प्रांतीय संयोजक प्रांतीय बोर्ड उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। अपने मनोनयन पर प्रदीप सक्सेना ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग शंकर मिश्रा ने जिस उम्मीद के साथ मुझे प्रांतीय संयोजक मनोनीत किया गया है उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उनके मनोनयन पर संजीव सक्सेना, डॉ. संजीव सक्सेना आदि ने बधाई दी है।



### पांच किसानों के ट्यूबवेलों से सामान चोरी

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मंगलवार की देररात क्षेत्र के अहलातपुर में चोरों ने पांच किसानों के ट्यूबवेल से स्टार्टर केबल व अन्य जरूरी उपकरण चोरी कर लिए। पीड़ितों ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। चोरों ने ताजदार आलम साजिद, तहसीन, मकसूद आलम, कल्लू आदि के ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए केबल कट, आउटर व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने मैनाठेर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई क मांग की है।

# 2 घंटे की बारिश में महानगर बना तालाब, हर ओर पानी ही पानी

## सिविल लाइंस, कचहरी परिसर, कांठ रोड, आशियाना, रामगंगा विहार, लाइनपार में भरा बारिश का पानी, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 2 घंटे की बारिश में महानगर तालाब बन गया। राहत से अधिक बारिश आफत बन गई। हर ओर जलभराव से किसी को नहीं सूझ रहा था किधर से जाएं। हर सड़क, हर गली में बारिश और नाले का पानी भरने से लोगों की दुर्दशा हुई। बारिश से नगर निगम प्रशासन की जलनिकासी और नाला सफाई की हकीकत फिर सामने आ गई।

बुधवार को दोपहर 12:30 बजे के करीब अचानक मौसम बिगड़ गया। मूसलाधार बारिश होने लगी। लगभग 2 घंटे तक हुई तेज बारिश में महानगर तालाब में तब्दील हो गया। हर ओर सिर्फ बारिश और नाले का पानी और कचरा सड़कों पर बह रहा था। सिविल लाइंस, कचहरी परिसर, कांठ रोड, आशियाना, रामगंगा विहार, लाइनपार सहित अन्य मोहल्ले व कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। लाइनपार में मानों नदी बह रही थी। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ऐसी स्थिति थोड़ी देर की बारिश में बन जाती है। आशियाना कॉलोनी फेज एक में मुख्य सड़क के अलावा अंदर की गलियां पूरी तरह जलमग्न रहीं। कांठ रोड के गड्ढों में बारिश का पानी भरने से वाहनों को हिचकोले खाते हुए जाने पड़ा। कई दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरने से बचे। महानगर के अवंतिका कॉलोनी में भी जलभराव होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

वहीं लाइनपार में बारिश का पानी भरने पर वरिष्ठ अधिवक्ता व अध्यक्ष लाइनपार विकास संघर्ष समिति पंडित देशराज शर्मा का कहना है कि इस बड़ी दुर्दशा का जिम्मेदार मुरादाबाद विकास प्राधिकरण है। प्राधिकरण ने मानसरोवर योजना तालाब में खड़ी कर दी। उस समय के अधिकारियों ने यह नहीं सोचा कि इसमें जो पूरे महानगर का पानी आता है वह कहां जाएगा। नागरिकों की समस्या का समाधान करने की बजाय उसे परेशानी में डालकर अधिकारी निश्चिंत हैं।



बारिश के दौरान साइकिल लेकर कुछ इस तरह जातीं छात्राएं। • अमृत विचार



झब्बू का नाला रोड पर भरा बारिश का पानी। • अमृत विचार



कचहरी परिसर में भरा बारिश का पानी। • अमृत विचार

### बारिश में भीगते हुए लौटे छात्र-छात्राएं

दोपहर हुई अचानक बारिश में भीगते हुए छात्र-छात्राओं को स्कूल से घर लौटना पड़ा। सुबह तेज धूप के चलते बारिश का अंदाजा किसी को न होने से बचाव का उपाय करके भी न निकलने से बच्चों को भीगते हुए घर आना पड़ा। स्कूल प्रबंधन ने भी छात्र छात्राओं को कुछ देर स्कूल में रोकने की जहमत नहीं उठाई। जिससे वह भीगने से बच सकें।

**परेशानी**

- नगर निगम का जलनिकासी का प्रबंध धराशायी
- नाला चोक होने से पॉश कालोनियों में भी जलभराव के बीच गुजरे लोग

### कचहरी परिसर में पानी भरने से हुई परेशानी

बारिश से कचहरी परिसर में पानी भरने से अधिवक्ताओं, वादकारियों को परेशानी झेलनी पड़ी। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव अभिषेक भटनागर का कहना है कि नगर निगम प्रशासन का नाला सफाई व जलनिकासी पर कोई ध्यान नहीं है। कचहरी परिसर में थोड़ी देर की बारिश में पानी भरने से अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारियों व वादकारियों को परेशानी होती है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी सुरेश चंद्र गुप्ता का कहना है कि जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराना नगर निगम प्रशासन का काम है। कचहरी परिसर में जलभराव से अधिवक्ताओं, वादकारियों को असुविधा होती है। घुटने भर पानी के बीच से आना जाना पड़ा।

## बारिश से भीषण गर्मी और उमस से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को अचानक हुई तेज बारिश से पिछले तीन दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिल गई। तापमान में भी कमी आई। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि अभी दो दिन और बारिश का अनुमान है। 28-29 से मौसम साफ होने लगेगा। 30 सितंबर या उसके बाद से उत्तर भारत से मानसून का सीजन समाप्त हो जाएगा।

अचानक हुई तेज बारिश से जहां जलभराव से लोग जूझे वहीं पिछले तीन दिनों से उमस व गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली।

- तापमान में आई कमी, अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस

बारिश से तापमान में कमी आई। अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

आर्द्रता 89 प्रतिशत रही। जबकि 9.3 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि अभी दो दिन और हल्की से तेज बारिश होगी। 28 के बाद मौसम साफ रहेगा।

उन्होंने कहा कि यह मानसून का आखिरी दौर है। 30 सितंबर या इसके बाद से उत्तर भारत से मानसून समाप्त हो जाएगा।

### घटते-बढ़ते क्रम में रहा नदियों का जलस्तर

जिले में नदियों का जलस्तर घटते बढ़ते क्रम में रहा। कलेक्ट्रेट स्थित जिला बाढ़ कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को रामगंगा नदी का जलस्तर कटघर रेलवे पुल पर 187 .90 मीटर रहा। जो उतरते क्रम में रिकॉर्ड किया गया। वहीं रामगंगा कालागढ़ में जलस्तर चढ़ाव पर 358 .120 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि मुरादाबाद में गागन नदी का जलस्तर 189 .80 मीटर उतार के क्रम में रहा।

## जर्जर कांठ रोड का निर्माण कार्य बारिश ने रोका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पिछले साल से खस्ता हालत में पड़े कांठ रोड का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले बारिश के कारण रुक गया। हालांकि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी लंबे से निर्माण कार्य शुरू करने में बारिश की आड़ ले रहे हैं। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग के अनुसार 25 सितंबर को कार्य शुरू कराने की तैयारी पूरी कर ली है। बुधवार को निर्माण कार्य शुरू किया जाना था। दोपहर बाद होने वाली बारिश ने कार्य पर रोक लगा दी है। मुरादाबाद से 13 किलोमीटर के बाद कुचावली और लदावली के बीच निर्माण कार्य की शुरुआत की जानी थी। लेकिन मौसम विभाग के अनुमान के आधार पर फिलहाल निर्माण कार्य टल गया है।

बुधवार को लोक निर्माण के मुख्य अभियंता संजय सिंह के मुताबिक कांठ रोड की गड्ढों भरी सड़क से महानगर के लोगों को जल्द राहत मिलने वाली थी। सड़क निर्माण के साथ छजलैट तक स्टेट हाईवे की सड़क का चौड़ीकरण भी किया जाना था। लेकिन अब बारिश के चलते इस पर रोक लगा दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो से तीन दिन बारिश होने की संभावना के चलते लोक निर्माण विभाग से अनुबंधित कार्यदायी संस्था ने कार्य बंद कर दिया है। यह कार्य कुछ दिन बाद शुरू हो सकेगा। इसके लिए मुरादाबाद की ही एक कन्ट्रक्शन कंपनी को टेंडर दिया गया है। कंपनी के जिम्मेदारों ने बुधवार को अपनी लेबर से कुचावली और लदावली के बीच कार्य की शुरुआत कराई थी। सड़क निर्माण से पहले सड़क की सफाई का कार्य लेबर कर रही थी कि बारिश ने फिर से दस्तक दे दी। जिससे अब कुछ दिनों के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

मुख्य अभियंता ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए पैसा मार्च के शुरू में आ गया था। लेकिन उस वक्त टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। 17 मार्च को ही 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लग गई थी। इसके बाद जून के अंत में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो पाई। इसके बाद बारिश के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर निर्माण कार्य लंबे समय के लिए टल गया। फिर बारिश के चलते कार्य शुरू नहीं हो पाया था। शासन से फव्वारा चौक से छजलैट तिराहे तक की 22 किलोमीटर की सड़क के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।



कांठ रोड पर पीएसी तिराहा के पास टूटी सड़क। • अमृत विचार

**दिक्कत**

- निर्माण कार्य में लंबे समय से रोड़ा साबित हो रही बारिश
- बारिश का बहाना कर लंबे समय से लटकाए रखा निर्माण कार्य

## आरटीआई के लिए अब ऑनलाइन करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आवेदन पत्र तथा प्रथम अपीलों को ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर निस्तारित करने के लिए शासन ने वेबसाइट http://rtionline.up.gov.in को विकसित किया है।

नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने बताया की इस पोर्टल पर कार्य करने के लिए विभिन्न स्तरों के कार्यालयों में नामित जन सूचना अधिकारियों को यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भविष्य में जन सूचना के लिए आवेदन व प्रथम अपील करने के लिए इस वेब पोर्टल का प्रयोग किया जा सकता है। लोक प्राधिकरण के नियंत्रण वाली सूचनाओं तक नागरिकों की पहुंच सुनिश्चित करने तथा सूचना के प्रवाह को व्यावहारिक बनाए रखने के उद्देश्य से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पूरे देश में प्रभावी है।

## दलितों के घर जलाने वालों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिहार में माजी टोली बस्ती के दलितों के घरों को दूसरी जाति के लोगों द्वारा आग लगाने के खिलाफ बुधवार को भारतीय सोशलिस्ट मंच द्वारा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

बुधवार को भारतीय सोशलिस्ट मंच द्वारा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर बिहार में महादलित परिवार के साथ हुई घटना का विरोध जताया और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि बिहार के नवादा जिले के कृष्णा नगर गांव के माजी टोली बस्ती के महादलितों के 80 घरों को जमीनी विवाद में पासवान जाति के दबंग लोगों के द्वारा आग लगा दी गई। भारतीय सोशलिस्ट मंच इस घटना को कड़े शब्दों में निंदा करता है और मांग करता है कि घटना के दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन देने वालों में डिंपल सागर, मंसूर रहमानी, मुफ्ती आजम, अतर सिंह सैनी, सफदर नियाजी, मिर्जा अरशद बेग, सोहेल शम्सी, कल्लू सिंह, अमीरुल हसन जाफरी, गीता गोयल, सुरेश सिंह, शाहिद हुसैन, सूफी तकरीज, रुखसार, गीता गोयल, अरसला बेग, प्रदीप सक्सेना, कमलसैनी, नरेंद्र कुमार सैनी, तुषार गुप्ता, कैसी बंसल, दिव्या सरन, शीशपाल सिंह तलवार, नरेश यादव, असलम कुरैशी, ललित सैनी, कोमल शर्मा, साहिल शम्सी व आदित्य कुमार शामिल रहे।




कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे सोशलिस्ट मंच के कार्यकर्ता।

- भारतीय सोशलिस्ट मंच ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



सदस्यता अभियान के दौरान उपस्थित डॉ. विशेष गुप्ता व अन्य भाजपा नेता। • अमृत विचार

## दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय मॉडल राजनीति में पथ प्रदर्शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भाजपा संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बुधवार को भाजपा चंद्रनगर मंडल के शक्ति केंद्र बैंक कॉलोनी के सेंटधारा एकेडमी के बूथ पर मनाई गई। सभी ने उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय मॉडल राजनीति में आज भी पथ प्रदर्शक है। कार्यक्रम की प्रस्तावना महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया ने प्रस्तुत की। संचालन तुषार शर्मा ने किया। इसके बाद बैंक कॉलोनी में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्षद गीता शर्मा, केपीएस सरल, दीपा गुप्ता, आशीष माथुर आदि का योगदान रहा।

**चेतावनी** थीम पार्क को नगर निगम को हस्तांतरित करने का मंडलायुक्त ने दिया निर्देश

## निर्धारित जोन में न चलने वाले ई रिक्शा होंगे सीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में महानगर के विकास को लेकर बैठक हुई। मंडलायुक्त ने पुराना बस अड्डे के पास से अवैध रूप से लग रहे ठेलों को हटाने का निर्देश अपर नगर आयुक्त को दिया। साथ ही थीम पार्क को नगर निगम को हस्तांतरित करने के लिए आवास विकास के अधिकारियों से कहा।

मंडलायुक्त ने महानगर में सभी ठेलों का 1 सप्ताह में पंजीकरण कराने और इसके बाद बिना पंजीकृत नंबर के ठेलों को सीज करने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा निर्धारित जोन में ही ई-रिक्शा का संचालन होना चाहिए। यदि निर्धारित जोन में ई-रिक्शा का संचालन नहीं किया जा रहा है तो उसे सीज करने की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक यातायात के स्तर से की जाए। लोक निर्माण विभाग व नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर गड्ढों को दुरूस्त कराएं।

मंडलायुक्त ने मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग से कहा कि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण/नगर निगम आदि विभागों के विकास कार्यों से संबंधित अनापत्ति प्रमाणपत्र तत्काल उपलब्ध कराएं। बैठक में उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, अपर आयुक्त प्रशासन, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार के अलावा रेलवे, बिजली, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, आवास विकास एवं स्मार्ट सिटी से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कार्यालय सभागार में बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में उपाध्यक्ष एमडीए शैलेष कुमार व अन्य अधिकारी।

- महानगर में सभी ठेलों का 1 सप्ताह में पंजीकरण करने को कहा




जूडो प्रतियोगिता में विजयी एसएस चिल्ड्रन एकेडमी के खिलाड़ी, साथ में शिक्षक।

## दिव्यांशी ने जूडो में जीता सिल्वर मेडल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांठ रोड स्थित एसएस चिल्ड्रन एकेडमी की कक्षा नौ वीं की छात्रा दिव्यांशी सिंह ने सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरदाना मेरठ में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत कर अपने विद्यालय और महानगर का नाम रोशन किया।

सीबीएसई द्वारा आयोजित जूडो प्रतियोगिता नार्थ जोन अंडर 19 श्रेणी 57 भार वर्ग में दिव्यांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल ने बताया कि जूडो में द्वितीय स्थान लाने वाली दिव्यांशी सिंह का सीबीएसई जूडो नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल ने बताया कि उनका विद्यालय सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इस मौके पर नरेश रावत, ललित सिंह राणा, आराध्य ठाकुर, शिक्षिका मीनू पांडे, सुप्रिया अग्रवाल शामिल रहे।

**आज का मौसम**

कहीं कहीं छिटपुट बारिश की संभावना है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 31.0° | 24.0° |
| सूर्योदय 06 :05 | सूर्यास्त 06 :08 |


श्री बाली जी एण्ड पार्टी

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्यः- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001


## सांसद ने मुख्यमंत्री के होटल, रेस्टोरेंट पर नेम प्लेट लगाने के आदेश को बताया गलत

# जिसके खाने में गड़बड़ी मिले उस पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**नाराजगी**

- बोलीं, एनकाउंटर के मामले में सर्वोच्च न्यायालय लगाए रोक
- हिंदू व्यक्ति के खाने में भी हो सकती है खामियां



**अमृत विचारः** सांसद रुचि वीरा ने होटल रेस्टोरेंट पर नेम प्लेट लगाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को गलत बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जनता के खाने की सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता पर ध्यान दें तो बेहतर होगा। साथ ही खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले लोगों पर कार्रवाई करें। नेम प्लेट का कोई फायदा नहीं है। मुस्लिम ही नहीं हिंदू नाम वाले व्यक्ति से भी खामी हो सकती है। प्रदेश में हो रहे एनकाउंटर और बुलडोजर वाली कार्रवाई पर प्रदेश सरकार पर सांसद ने निशाना साधा। उन्होंने मंदिर- मस्जिदों के लिए पूर्वजों द्वारा जमीन खाली कराने की बात पर एतराज जताया। कहा कि जमीन का सत्यापन करा लें कि सही है या नहीं।

सपा की मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा बुधवार को दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर समाधान का भरोसा दिलाया। सांसद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि हमारा देश धर्म-निरपेक्ष है। यहां से दुनिया में हिंदू मुस्लिम भाई-भाई का संदेश दिया जाता है। प्रदेश में होटल रेस्टोरेंट पर नेम प्लेट लगाने से कोई खास फायदा नहीं है। रही बात खाद्य सामग्री में गड़बड़ी करने की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। न कि उस वर्ग विशेष को निशाना बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब पिछली सरकारों के सापेक्ष भाजपा सरकार में 207 एनकाउंटर हो चुके है जो कि गलत हुए हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय को इस पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने वक्फ बोर्ड की जमीन को लेकर कहा कि जिन लोगों ने अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए मदरसे के लिए जमीन दान में थी।

उन जमीन का सत्यापन करें न कि उस पर कार्रवाई के नाम पर बुलडोजर चलाया जाए। इससे केवल एक वर्ग विशेष को मैसेज देकर परेशान करने का काम किया जा रहा है। भारत देश आपसी भाईचारे वाला देश है इसकी आजादी के लिए हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी ने कुर्बानियां दी है। इस पर सभी का हक है।

# प्रशासन ने सपा के आरोपों को खारिज किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**जांच में खुलासा**

- पूर्व विधायक के परिवार के एक सदस्य का सूची में दो जगह था नाम
- मो. उबैश ने नाम काटने की अनुमति देकर भरा था फॉर्म-7

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी की ओर से कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर मतदाताओं के नाम काटने के आरोप को जिला प्रशासन ने खारिज कर दिया है। आरोपों की जांच के बाद जिला प्रशासन ने अपनी बात सामने रखते हुए साफ किया कि सपा के पूर्व विधायक हाजी रिजवान के आरोप जांच में निराधार पाए गए हैं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र ने बताया कि मामले में एसडीएम बिलारी से रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजर की आख्या के साथ रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर भेजी। जिसमें सपा के पूर्व विधायक के सभी आरोप निराधार पाए गए हैं। जांच में सामने आया है कि वोटर लिस्ट में पूर्व विधायक हाजी रिजवान के परिवार के 3 सदस्यों के नाम काटने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के लोगों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था। लेकिन, जांच में सत्यता आई है कि पूर्व विधायक के 3 पुत्र हैं। मोहम्मद जुबैर का वोटर लिस्ट में क्रम संख्या 155 पर नाम है। फैजान का नाम क्र.सं 158 और मो. उबैश का क्रम संख्या 159 पर नाम दर्ज है। इसके अलावा क्रमांक संख्या 156 पर दर्ज मो. नासिर पुत्र मो.रिजवान और क्रम संख्या 159 पर दर्ज मो उबैश की फोटो एक ही है।

निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में हाउस-टू-हाउस भौतिक सत्यापन के समय पूर्व विधायक के परिवार के एक मतदाता के डबल प्रविष्टि होने के कारण मो उबैश ने क्रम संख्या 156 की प्रविष्टि को अपनी बताते हुए काटने की अनुमति देकर फॉर्म 7 भरा था।

वहीं पूर्व विधायक के पिता भूलन पुत्र छुट्टन का नाम मतदाता सूची के बूथ नंबर 361 के क्रमांक 152 पर दर्ज है। बीएलओ द्वारा पूर्व विधायक के पिता नाम काटने के संबंध में फॉर्म 7 नहीं भरा गया है।

## एक नजर

### सरहिंद और सहरसा के बीच चलेगी त्योहार स्पेशल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के चलते पंजाब के सरहिंद से सहरसा के बीच त्योहार स्पेशल ट्रेन 7 अक्टूबर से चलेगी। सहरसा से मंगलवार और सरहिंद से सोमवार को चलने वाली ट्रेन के सात फेरे होंगे। 18 जनरल कोच की ट्रेन के मंडल में मुरादाबाद, बरेली और सीतापुर में स्टॉपेज होंगे। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि आगामी त्योहारों के चलते यात्रियों की सुविधा के लिए 7 अक्टूबर से चलने वाली त्योहारी सीजन ट्रेन 19 नवंबर तक चलेगी।

### 25 हजार का जुर्माना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवीन मंडी समिति के बिना गेट पास के जा रही लाखों की लकड़ी से भरे ट्रक को गश्त के दौरान मंडी प्रभारी निरीक्षक मुकेश पाल ने मंगलवार की देर रात रामपुर बाईपास पर पकड़ लिया। वह इससे संबंधित अभिलेख नहीं दिखा पाए। सभापति किंशुक रस्तोगी के निर्देश पर रामपुर से यमुना नगर ले जाई जा रही डेढ़ लाख से अधिक कीमत की लकड़ी पर 23 हजार रुपये ,1575 मंडी शुल्क समेत 25 हजार रुपये की धनराशि सरकारी कोष जमा कराई।

# मंदिर के पास खुले नॉनवेज रेस्टोरेंट में मिलीं खामियां, टीम ने किया सील

## बजरंगदल कार्यकर्ताओं के हंगामे पर सक्रिय हुआ खाद्य सुरक्षा विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नागफनी थाना क्षेत्र में अलकरीम नॉनवेज रेस्टोरेंट को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सील कर दिया। प्रसिद्ध मंदिर के पास नॉनवेज बेचने पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया था। कार्यकर्ताओं ने मंदिर से 30 मीटर दूरी पर स्थित नॉनवेज रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग थी। शिकायत पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मानक के अनुरूप रेस्टोरेंट संचालित न होने पर उसे अग्रिम आदेश तक सील कर दिया है।

थाना क्षेत्र के दौलतबाग स्थित प्रसिद्ध मंदिर नागमणी के पास मोहम्मद परवेज का अल करीम के नाम से नॉनवेज का रेस्टोरेंट है। रोड के किनारे स्थित रेस्टोरेंट में परवेज कबाब समेत अन्य नॉनवेज खाद्य सामग्री बेचता था। प्रसिद्ध मंदिर नागमणी से 25 से 30 मीटर की दूरी पर नॉनवेज रेस्टोरेंट खुलने की भनक बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को लगी। मंगलवार



मंदिर के पास खुला अलकरीम रेस्टोरेंट।

की रात करीब 10 बजे एकजुट होकर कार्यकर्ता अलकरीम रेस्टोरेंट पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने वहां जमकर हंगामा किया। इसके बाद सभी नारेबाजी करते हुए नागफनी थाने पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर दिया। रेस्टोंरेट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर शांत किया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रेस्टोरेंट पर पहुंचकर वहां नॉनवेज के व्यंजनों को चेक किया। अधिकतर खाद्य सामग्री मानकों के विरुद्ध मिलने पर टीम ने अग्रिम आदेश तक अलकरीम रेस्टोरेंट को सील कर दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएसडी सच्चन आदि शामिल रहे।

**मंदिर के पास नॉनवेज रेस्टोरेंट खोलना हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाने की साजिश**

बजरंग दल के महानगर संयोजक ने बताया कि दौलतबाग में स्थित नागमणी प्रसिद्ध मंदिर है। यहां हर नागपंचमी को मंदिर में दूध चढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि मंदिर के पास नॉनवेज रेस्टोरेंट खोलना हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाने की साजिश है। उन्होंने कहा रेस्टोरेंट से करीब 25 से 30 मीटर दूरी पर नागमणी मंदिर है और थोड़ी दूरी पर झारखंडी मंदिर भी है। ऐसे में मंदिर जाते समय क्षेत्र के लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है। साथ ही मंदिर तक मीट के अवशेष पहुंचने की आशंका है।

## घर में घुसकर महिला को दबोचा कपड़े भी फाड़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस के अगवानुपर क्षेत्र में महिला को अकेला पाकर पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे दबोच लिया। छींटाकशी में शोहदों ने महिला के कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई है। कोर्ट के आदेश पर तीनों पड़ोसियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सिविल लाइंस के अगवानपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला के पति ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया कि पड़ोस के रहने वाले इरफान, अरबाज और अनीस उनकी पत्नी पर बुरी नजर रखते थे। एक दिन तीनों ने उसकी पत्नी को रास्ते में घेरकर छेड़खानी की। इसके बाद पति ने तीनों को डांट दिया। आरोप है कि 5 सितंबर की शाम को घरेलू सामान लेने बाजार गई थी। तीनों ने रास्ते में अकेला देख महिला को घेरकर छेड़खानी करने लगे। पीड़िता जैसे-तैसे घर पहुंची। तीनों आरोपी घर में घुस गए। महिला को दबोच लिया। छींटाकशी में कपड़े फाड़ दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग अपने-अपने घरों से निकल आए। लोगों को पास आते देख जान से मारने की धमकी देकर तीनों फरार हो गए।



रामगंगा नदी के कल्यानपुर घाट पर शव के पास मौजूद पुलिसकर्मी व अन्य।

# मछली पकड़ रहे मछुआरों ने बहता शव देख किया रेस्क्यू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, शिनाख्त में जुटी

**अमृत विचारः** कटघर थाना क्षेत्र के रामगंगा नदी से मछली पकड़ने गए मछुआरों में नदी में उतराता हुआ शव देख हड़कंप मच गया। ये देख सभी नदी में कूद गए, कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने कल्यानपुर घाट पर शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

थाना क्षेत्र के पीतल बस्ती निवासी मछुआरे बुधवार दिन में रामगंगा पुल के पास नदी से मछली पकड़ रहे थे। साथ में कुछ बच्चे पुल के ऊपर खड़े थे। इसी दौरान बच्चों को नदी में बहता हुआ जा रहा शव दिखाई पड़ा। लाश देखने के बाद बच्चों में हड़कंप मच गया। जोर-जोर से चिल्लाने लगे...लाश जा रही... निकाल लो...लाश जा रही है निकाल लो। बच्चों का शोर सुनकर पुल के पास कांटा डालकर मछली पकड़ रहे पप्पू व अन्य मछुआरों के होश उड़ गए। अपना ही समझ पप्पू ने नदी में छलांग लगा दी। नदी के तेज बहाव में बहती हुई जा रही लाश के पीछे-पीछे तैरते हुए पप्पू और अन्य साथियों ने कल्यानपुर घाट पर शव को पकड़ा।

इसके बाद उन्होंने नदी के किनारे रख दिया। मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पोस्टमार्टम में नहीं हो सकी हत्या की पुष्टि विसरा सुरक्षित

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हत्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने 17 दिन पुराना कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम होने के बाद शव का विसरा सुरक्षित किया गया है।

बता दें कि कुंदरकी थाना क्षेत्र के डींगरपुर रोड निवासी नफीस अहमद ने अपनी बेटी अंजुम बी की शादी 11 साल पहले मूंढापांडे के ककरघटा निवासी इमदाद हुसैन के साथ कराई थी। सात सितंबर को सुसराल में अंजुम की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। ससुरालियों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को दफना दिया था। इसके बाद मृतका के पिता ने ससुरालियों के खिलाफ बेटी की हत्या कर शव ठिकाने लगाकर साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने मंगलवार को 17 दिन पुराना शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में भी महिला की हत्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का विसरा सुरक्षित किया है। थाना प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया है कि विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारण का पता चलेगा।

# गन्ने के खेत में मिले गोवंश के अवशेष क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की साजिश

कार्यालय संवाददात, मुरादाबाद/भोजपुर

**अपराध**

- पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने नमूने लेकर जांच के लिए भेजे
- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** भोजपुर थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की साजिश की है। पुलिस ने ईख के खेत से गोवंश के अवशेष बरामद किए है। मौके पर पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने अवशेषों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव बाकरपुर अटायन और वाजिदपुर में अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की साजिश की है। किसी ने गोंवशीय पशुओं की हत्या कर उनके अवशेषों को ईख के खेत में फेंक दिया। इस्लामनगर निवासी पिंकू किसी काम से खेत पर गए थे। इसी दौरान अचानक से उन्होंने अटायन और वाजिदपुर गांव के बीच में ईख के खेत में कुछ गोवंशीय अवशेष पड़े देखे।

आनन-फानन में उन्होंने गांव वालों को मौके पर बुला लिया। देखते ही देखते माहौल गरमा हो गया। इसके बाद पिंकू ने पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक हरि सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पशुचिकित्सा अधिकारी नरेश कुमार को मौके पर बुलाकर अवशेषों की जांच कराई। टीम ने अवशेषों के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेज हैं। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से पुलिस ने गड्ढा खुदवाकर अवशेषों को दवा दिया। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया है कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

गोवंश केअवशेष मिलने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। अवशेषों के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। मामले में लिप्त आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी होगी।

**-कुंवर आकाश सिंह,** प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक देहात

## जेठ ने किया दुष्कर्म, पति ने महिला को दिया तलाक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की निवासी महिला के साथ जेठ ने दुष्कर्म किया। शिकायत पर पति ने तलाक देकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने डीआईजी मुनिराज जी से न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के कॉलोनी निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी चार साल पहले रामपुर के टेहरी ख्वाजा निवासी नाजिम से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि बीती 14 अगस्त को उसका पति काम कर गया था। इसी दौरान मौका पाकर जेठ ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद रात में ही महिला के पति को बुलवाया। पति से शिकायत करने पर उसने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता ने मामले में डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई है।

# पाकबड़ा में सहारा व आयुष्मन्न अस्पताल सील

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचारः** 2 दिन पहले सहारा अस्पताल में बच्चे की मौत हो गई थी। जिसको गंभीर बताते हुए संचालक एवं डॉक्टर लेकर निजी अस्पताल मुरादाबाद पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने मना कर दिया था। उसके बाद परिजन लेकर अपने गांव चले गए थे। उसके पिता राजवीर ने बताया था कि अस्पताल में इसकी मौत हुई है। इस खबर को प्रमुखता से अमृत विचार ने प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेते हुए उच्च अधिकारियों के आदेश पर सहारा अस्पताल को सील किया गया। आयुष्मन्न हॉस्पिटल को भी सील कर दिया गया है।

थाना क्षेत्र के समाथल रोड पर स्थित सहारा अस्पताल एवं आयुष्मन्न अस्पताल में उच्च अधिकारियों के आदेश पर डिप्टी सीएमओ/नोडल अधिकारी नरेंद्र



सहारा अस्पताल को सील करते हुए नोडल अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र चौधरी।

चौधरी एवं पाकबड़ा सीएचसी प्रभारी ने संयुक्त टीम के साथ सहारा एवं आयुष्मन्न अस्पताल में छापामारी की है। दो अस्पतालों में एक साथ छापामारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। झोलाछाप अपनी लैब एवं हॉस्पिटल बंद कर भाग निकले। नोडल अधिकारी एवं सीएचसी प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए दोनों अस्पतालों को सील कर दिया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि सहारा अस्पताल में दो बच्चे भर्ती पाए गए। जो अपनी सहमति से उन बच्चों को कहीं ओर भर्ती कराने के लिए ले गए। हमारे यहां कार्यालय में कोई भी पंजीकरण नहीं है इसको शाने आलम एवं नासिर द्वारा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करने पर कार्रवाई की गई है।

**अमृत विचार**
**खबर का असर**



जिसमें अस्पताल को सील कर दिया गया है। साथ नोडल अधिकारी आयुष्मन्न अस्पताल में पहुंचे। जहां भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल में भेजा गया। इसके बाद जैसे ही नोडल अधिकारी ने संचालक डॉ. लक्ष्मण से कहा कि कागज पर साइन कर दो जिसमें लिखा था कि कोई भी कागज मौके पर नहीं दिखाए गए न ही कोई डॉक्टर पाया गया। इस बात पर नोडल अधिकारी व डॉक्टर लक्ष्मण के बीच कहासुनी भी हुई।

# फर्जी पासपोर्ट बनवाने में आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 7 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अदालत ने 20 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

**अमृत विचारः** फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवाने के मामले में अदालत ने बुधवार को दोषी पाते हुए आरोपी को 7 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये की अर्थदंड भी लगाया है। आरोपी ने 25 साल पहले दो पहचानों पर अलग-अलग पासपोर्ट बनवाए थे।

नागफनी थाना क्षेत्र के मोती बाग इतवार का बाजार नब्बन खां के खिलाफ 26 जुलाई 1999 को धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उस समय दी तहरीर में बताया था कि नब्बन खां ने पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदन किया था। विभाग द्वारा जांच कराई गई तो मामला पकड़ में आ गया है। विभागीय जांच में नब्बन ने दो अलग-अलग पते की जानकारी दी थी। जबकि फोटो दोनों आवेदनों पर एक ही था। फर्जीवाड़ा का संदेह होने पर टीम जांच करने पासपोर्ट धारक नब्बन खां के घर गई तो पता चला कि वह वहां रहता ही नहीं है। इसके बाद टीम मोती बाग इतवार का बाजार पहुंची, तो नब्बन वहां मौजूद था। जांच के दौरान उसकी पारिवारिक जानकारी ली गई। इसी दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आ गया। नब्बन ने एक पासपोर्ट में अपना नाम बुस्सर खां पुत्र स्व. हबी बुल्ला बताया था। जबकि दूसरा मोती बाग इतवार पर आवेदन किया था। एक में हिंदी में और दूसरे में उर्दू में हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद मामले में एलआईयू निरीक्षक योगेश कुमार ने नागफनी थाने में नब्बन के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी कागजात बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तपस्या त्रिपाठी की अदालत में की गई।

**पहल** ई-पाठशाला के रिकॉर्डिंग रूम का मंडलायुक्त और नगर विधायक ने फीता काटकर किया आरंभ

# ऑनलाइन शिक्षण से बेहतर होगी शिक्षा की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की संकल्पना अब जिले में और बेहतर तरीके से साकार हो सकेगी। इसके लिए बुधवार को पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में मिशन ई-पाठशाला के अंतर्गत वीडियो रिकॉर्डिंग कक्ष का मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, नगर विधायक रितेश गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव मुख्य ने फीता काट कर शुभारंभ किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मिशन ई-पाठशाला का उद्देश्य जिले में 38 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने व ऑनलाइन शिक्षण के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कराना है। माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट



जीआईसी लाइनपार में वीडियो रिकॉर्डिंग कक्ष का उद्घाटन करते नगर विधायक रितेश गुप्ता।

एलईडी और कैमरों की स्थापना की गई है। जिससे राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार के वीडियो रिकॉर्डिंग कक्ष से जोड़कर ऑनलाइन शिक्षण का शुभारंभ किया गया।

मंडलायुक्त, नगर विधायक व मुख्य विकास अधिकारी ने दोनों तरफ वार्ता कर उपकरणों को परखा। बताया कि राजकीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा किया जाएगा। नगर विधायक ने कहा कि मिशन ई पाठशाला से जिले के राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं यूपी बोर्ड की परीक्षा में टॉप 10 की सूची में अपना स्थान बना सकेंगे। कार्यक्रम में मौजूद 38 विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को मंडलायुक्त ने बताया कि एक सक्षम इंसान बनाने में शिक्षा का बहुत महत्व है। इसमें यह पाठशाला बहुत उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि अब सभी छात्र-छात्राओं का समय से बोर्ड का पाठ्यक्रम भी पूरा हो सकेगा। इसके साथ ही सभी राजकीय विद्यालयों की एक समान समय सारिणी तैयार की जाए और उसके अनुसार सभी विद्यालयों का शिक्षण कार्य संपन्न कराया जाएग।

उन्होंने कहा कि योग्य शिक्षक से रिक्त विषयों के वीडियो पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार के रिकॉर्डिंग कक्ष में तैयार कराकर माध्यमिक शिक्षा के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए जाएं। जिससे छात्रों को अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि संबंधित विषय के शिक्षक विद्यार्थियों से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने सभी का आभार जताया।

# ब्यूटी पार्लर से लौट रही युवती से छेड़छाड़, धर्मांतरण का दबाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर जा रही युवती के साथ शोहदों ने छेड़खानी कर दी। साथ ही धर्मांतरण कराकर शादी करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। जान की सुरक्षा के लिए पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने 2 नामजद समेत 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के अगवानपुर निवासी युवती की मां ने दी तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी हरथला में ब्यूटी पार्लर में लड़कियों को सिखाने जाती है। कॉलोनी के ही रहने वाले दिलशाद और मुम्तयाज अपने दोस्तों के साथ रास्ते में युवती से छेड़खानी और अश्लीलता करते हैं। जबरन मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाते हैं। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपनी मां को दी। मां ने आरोपियों से शिकायत की तो लकड़ों के परिजनों ने उल्टा उसे ही डांट दिया। आरोप है कि बीते गुरुवार को रोजाना की तरह युवती पार्लर से घर जा रही थी। इसी दौरान देर शाम 8 बजे दिलशाद और मुम्तयाज ने चार साथियों के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन हरथला रोड पर युवती को घेर लिया। आरोपी उसे सुनसान इलाके में खींचकर ले गए। वहां पर अश्लीलता करने लगे। छींटाकशी में युवती के कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर साथ में लाए तेजाब डालने की धमकी देने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोगों जुट गए। लोगों के आते देख आरोपी फरार हो गए। जैसे-तैसे पीड़िता घर पहुंची। पीड़िता की मां ने दिलशाद और मुम्तयाज समेत 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## एक नजर



एसपी सिटी रणविजय सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करते व्यापारी।

### एसपी सिटी को व्यापारियों ने किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में कानून व्यवस्था में हो रहे सुधार और बुधबाजार क्षेत्र में गुमशुदा बालक को तत्परता से बरामद करने पर संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी कांठ रोड स्थित एसपी सिटी के कार्यालय पर पहुंचे। जहां सभी व्यापारियों ने एसपी सिटी रणविजय सिंह, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, इंस्पेक्टर जयपाल सिंह ग्वाल और बुधबाजार चौकी इंचार्ज राजविंदर कौर को स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी, आशुतोष गुप्ता, विपिन गुप्ता, दीपक कत्याल, रिजवान कामिल, तस्वीर हुसैन, अनुज गुप्ता, आदेश गुप्ता, टोनी सहगल, मनु मेहरोत्रा, अग्रिम गुप्ता व सुनील कत्याल समेत अन्य व्यापारी शामिल रहे।

### राज्यमंत्री आज करेंगी समीक्षा बैठक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला 26 सितंबर को जिले में भ्रमण पर रहेंगी। वह दोपहर 2 :30 बजे मूंढापांडे विकास खंड के सभागार में अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक करेंगी। इसके बाद वह राष्ट्रीय पोषण माह व महिला कल्याण विभाग के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगी।

### सेमिनार में रोटेरियन होने की दी जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को रोटरी क्लब मुरादाबाद सेंट्रल ने सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में एक रोटेरियन होने का क्या फायदा है इसकी जानकारी दी गई। सेमिनार में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौर व चीफ असिस्टेंट गवर्नर सुशील साहू रहे। कार्यक्रम का आरंभ रोटेरियन नीरज गुप्ता ने अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता व डॉ. गौरव कुमार को कॉलर पहनाकर किया। इस मौके पर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, संजय अग्रवाल, सोनाली मेहरा, प्रेम सुनेजा व राज ग्रोवर, डीजीएन पायल गौर, हिमांशु गर्ग, आलोक मेहरोत्रा, तरुण मदान, सुशील साहू व सुधीर खन्ना शामिल रहे।

### भगवान कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को खुशहालपुर में सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट द्वारा चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास व्योम त्रिपाठी ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाकर लोगों को श्रद्धापूर्वक भक्ति करने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ध्रुव मात्र पांच वर्ष की आयु में ही प्रभु की ऐसी भक्ति में लीन हुए की प्रभु को प्रकट होकर दर्शन देने पड़े। अंत में आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर उदयभान सिंह, राजेंद्र प्रसाद सक्सेना, सुनील शर्मा, रजनी सक्सेना, ह्रदेश कुमार सिंह, सुधांशु कौशिक, डॉ. निश्चल भटनागर व मोहित अरोड़ा शामिल रहे।

---

### आदिल और अख्तर रामलीला में पेंटिंग के माध्यम से देते हैं सहयोग, रामलीला में सालों से कई मुस्लिम कलाकार निभा रहे किरदार

# गंगा-जमुनी तहजीब: शाहजादे मेघनाथ व रईस निभाएंगे परशुराम की भूमिका

सलमान खान, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शाहजादे आलम और मोहम्मद रईस आज के दौर में हिंदुस्तान की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल को जिंदा रखे हैं। यह दोनों मुस्लिम होने के बावजूद खुले मन से रामलीला में अलग-अलग किरदार निभाते हैं। पहले भगवान राम, रावण और लक्ष्मण, भगवान शंकर के अलावा अन्य किरदार निभा चुके शाहजादे इस बार मेघनाथ और रईस परशुराम भगवान का किरदार रामलीला में करेंगे। यह दोनों मुस्लिम कलाकार कार्तिकेय संस्था की ओर मध्यप्रदेश में होने वाली रामलीला में 27 सितंबर से अभिनय करेंगे।

इस बार मध्य प्रदेश और हरियाणा के रोहतक में कार्तिकेय संस्था की ओर से होने वाली रामलीला सर्व धर्म समभाव का संदेश दे रही है। इस रामलीला में मोहम्मद रईस भगवान परशुराम का किरदार निभाएंगे तो वहीं शाहजादे आलम मेघनाथ के रोल में अदाकारी पेश करेंगे। कार्तिकेय संस्था के निर्देशक पंकज अग्रवाल दर्पण ने बताया कि शहजादे आलम पेशे से पेंटर हैं, वह पिछले 20 साल से हमारे साथ जुड़े हैं और हर साल रामलीला में अलग-अलग किरदार निभाते हैं। वहीं मूल रूप से जनपद बरेली के रहने वाले मोहम्मद रईस पोल्ट्री फार्म चलाते हैं, लेकिन 20 साल से रामलीला में अभिनय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार रईस परशुराम और शाहजादे मेघनाथ का रोल करेंगे। हमारी पहली रामलीला मध्य प्रदेश के धार जिले में 27 सितंबर से होने जा रही है, जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। इसके बाद दूसरी रामलीला हरियाणा के रोहतक में होगी। वहीं दूसरी ओर श्री राम मानस मंच के संस्थापक निदेशक राजेश रस्तोगी ने बताया कि वह पिछले 43 सालों से मुंबई में रामलीला कर रहे हैं। उनके साथ आदिल और अख्तर भी साथ जाते हैं। उन्होंने बताया कि आदिल और अख्तर हर साल पेंटिंग कर पूरा मंच सजाते हैं।



दीनदयाल नगर में अभ्यास करते श्री राम मानस मंच के कलाकार। ● अमृत विचार

> मैं पिछले 20 सालों से कार्तिकेय संस्था के साथ जुड़कर रामलीला में अलग-अलग किरदार निभाता आ रहा हूं। टीम से जुड़ने के दौरान मुझे कभी नहीं लगा कि मैं दूसरे धर्म से हूं। मैं खुद को मुस्लिम नहीं, बल्कि भगवान का सेवक समझकर किरदार निभाता हूं। इस बार मैं मेघनाथ का किरदार निभाऊंगा।
>
> **-शाहजादे आलम,** रामलीला कलाकार



> इससे पहले मैं रामलीला में भगवान राम, भरत, इंद्र देव का किरदार निभा चुका हूं। मैं पिछले 20 साल से कार्तिकेय संस्था के साथ अलग-अलग शहरों में रामलीला में जा चुका हूं। वैसे तो मेरा पोल्ट्री फार्म का काम है, लेकिन मैं हर साल रामलीला के लिए अलग से समय निकालता हूं और बरेली से मुरादाबाद आता हूं।
>
> **-मोहम्मद रईस,** रामलीला कलाकार



> हमारी रामलीला में शाहजादे आलम और मोहम्मद रईस के अलावा ईसाई और सिख समाज के लोग भी जुड़े हैं, जो हर साल रामलीला मंचन में सहयोग देते हैं। हमारी रामलीला सर्वधर्म समभाव का संदेश दे रही है।
>
> **-पंकज दर्पण,** निर्देशक



### महानगर में कल से शुरू हो जाएगा रामलीला का मंचन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में 27 सितंबर से अलग-अलग स्थानों पर रामलीला का मंचन शुरू होगा। सबसे पहले श्रीरामलीला मैनेजिंग कमेटी के तत्वावधान में 27 सितंबर से लाइनपार के रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन मुकुट पूजन एवं खाटूश्याम के कीर्तन से किया जाएगा। कमेटी के सचिव राजीव बंसल ने बताया कि यहां मंचन 15 अक्टूबर को श्रीराम के अभिषेक के साथ संपन्न किया जाएगा। वहीं श्रीराम कथा मंचन समिति लाजपत नगर के तत्वावधान में रामलीला मैदान लाजपतनगर में 30 सितंबर को भगवान गणेश एवं भगवान वाल्मीकि पूजन तथा नारद मोह से मंचन की शुरुआत से होगी। कमेटी के मंत्री श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि रामलीला का समापन 13 अक्टूबर को राजगद्दी जुलूस निकाल कर किया जाएगा। इसके अलावा प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट पर रामलीला का मंचन एक अक्टूबर को भगवान गणेश की वंदना और मुकुट पूजन से शुरू होगा। उधर, श्रीरामलीला कमेटी सिविल लाइंस की रामलीला का मंचन चार अक्टूबर को नेहरू युवा केंद्र में किया जाएगा।

---

# यूपीएस के खिलाफ उरमू ने दिया धरना

### पुरानी पेंशन योजना बहाली और यूपीएस की खामियों के खिलाफ चल रहा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाली और यूपीएस में खामियों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान उरमू के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में कर्मचारियों के साथ रेलवे अस्पताल के बाहर धरना देकर विरोध जताया।

बुधवार को उरमू के मंडल मंत्री शलभ सिंह के निर्देश पर मुरादाबाद द्वितीय ब्रांच द्वारा सहायक मंडल मंत्री संतोष यादव के नेतृत्व में पुरानी पेंशन योजना बहाली और यूपीएस में खामियों को लेकर रेलवे अस्पताल के बाहर धरना देकर नारेबाजी की गई। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने मांग करते हुए कहा कि यूपीएस में संशोधन किया जाए कि 12 माह की औसत वेतन या अंतिम वेतन का आधा दोनों में से जो अधिक हो वह दिया जाए। जो एक जनवरी 2024 के पश्चात एनपीएस के नाम से 10 प्रतिशत कामगार के वेतन से कटता है, ग्रेच्युटी के अलावा छह माह का एकमुश्त वेतन व महंगाई भत्ता दिया जाए। यूपीएस में 40 प्रतिशत का कम्युटेशन का प्रावधान किया जाए।

पेंशन के लिए एससी/एससी एसटी व अन्य सभी के लिए 20 वर्ष की क्वालीफाइंग सर्विस रखी जाए। पूर्व की भांति जब भी नया वेतनमान आए, यूपीएस पेंशन को भी संशोधित किया जाए। 20 से 25 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर अगर कोई कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना लेता है तो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर तुरंत पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। यूपीएस में भी कर्मचारी और उसकी पत्नी की मृत्यु हो जाने पर आश्रित लड़की तलाकशुदा, अविवाहित लड़का व लड़की को पेंशन दी जाए और यूपीएस तथा एनपीएस में विकल्प का समय कम से कम छह महीने का दिया जाए। धरने का संचालन शाखा सचिव नितिन कुमार ने किया।

इस मौके पर शेखर ठाकुर, धर्मवीर, केके पांडेय, नितिन कुमार, आकाश, सिद्धार्थ शंकर, अंकित कुमार, चंद्र शेखर, रोहित कुमार, अरुणा गुप्ता, अनिता राय, झनझन लाल मीणा शामिल रहे।



रेलवे अस्पताल के बाहर प्रदर्शन करते उरमू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### शादी तय होने पर शोहदों ने मंगेतर को दी धमकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में युवती का रिश्ता तय होने से बौखलाए दो युवकों ने उसे रास्ते में घेर लिया और छेड़खानी की। इसके बाद आरोपी ने मंगेतर को कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बीए की छात्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका रिश्ता बिजनौर के नगीना थाना क्षेत्र निवासी युवक से तय हो गया था। इसकी भनक हर्ष और प्रशांत को लग गई। आरोपियों ने उस पर दबाव बनाया कि वह रिश्ता खत्म कर दे। छात्रा बाहर जाती तो आरोपी रास्ते में मिल जाते और उसे रोककर छेड़खानी करते थे। छात्रा ने परिजनों को इसकी जानकारी दी। फिर आरोपियों ने युवती के मंगेतर को फोन पर रिश्ता तोड़ने के लिए धमकाया। मंगेतर ने रिश्ता तोड़ने से इनकार किया तो जान से मारने की धमकी देने गले। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि युवती की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता।

## प्रदेश में हो रहा छात्रों का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को छात्र सभा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के कार्यालय में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

बुधवार को कलेक्ट्रेट पर छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते छात्र सभा के जिलाध्यक्ष असलम चौधरी ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तभी से महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की फीस में वृद्धि हो रही है। हॉस्टल फीस भी बढ़ा दी गई है। भाजपा फीस बढ़ाकर कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न कर रही है। शिक्षक भर्ती घोटाले में उच्च न्यायालय ने छात्रों के हक में फैसला सुनाया था। लेकिन भाजपा सरकार ने उस पर स्टे लाकर साबित कर दिया कि वह गलत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को पीडीए परिवार से आने वाले छात्र अपराधी दिखाई देते हैं। अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

---

# मरीजों के हित में तत्पर रहते हैं फार्मासिस्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर बुधवार को जिला चिकित्सालय में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिप्लोमा फार्मासिस्टों को उनके दायित्व की जानकारी देने के साथ ही मरीजों व तीमारदारों को फल वितरित किया गया।

एसोसिएशन के जिला मंत्री हेमंत चौधरी ने कहा की फार्मासिस्टों की जिम्मेदारी सिर्फ दवा वितरित करना ही नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि उनके इस्तेमाल से कोई अप्रिय प्रभाव न हो। डिप्लोमा फार्मासिस्ट प्रशिक्षुओं को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के महत्व बताया। कहा कि फार्मासिस्टों को दवाओं के दुष्प्रभाव को पहचानने, रिपोर्ट करने की प्रणाली को और भी सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। दवाओं की सुरक्षा और उचित निगरानी करना भी उनका दायित्व है। कार्यक्रम में औषधियों के रख रखाव व उपयोग पर चर्चा हुई। मरीजों को फल और मास्क वितरित किए गये। इस दौरान निश्चल भटनागर, पंकज पाण्डेय, हरीश चौहान, हरिबाबू शाक्यवार, प्रेमनाथ तिवारी, चंडी प्रसाद थपलियाल, नरेंद्र पंवार, राजेश पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



मरीजों को फल वितरित करते डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

**विश्व फार्मासिस्ट दिवस**

- जिला अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों को बांटे फल
- दवाओं के रख रखाव व उपयोग पर हुई चर्चा

### शिविर लगाकर दिलाई भाजपा की सदस्यता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आह्वान पर एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बुधवार को मनाई गई। मध्य नगर मंडल के बूथ संख्या 30 पर क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम कार्यकारिणी के उप सभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के नेतृत्व में शिविर में 8800002024 पर मिस्ड काल कराकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन कर उनको नमन किया। इस दौरान बूथ अध्यक्ष गगन भंडूला, आशुतोष शर्मा, आशीष, सचिन बिन्द्रा, प्रदीप शर्मा, गोविंद गुप्ता, पुनीत, राज शर्मा, गंधर्व अरोड़ा, सुमित सिंघल, अनिल, साहिल सक्सेना, सारथी, सुमित कुमार, अशोक कुमार, सुधीर कुमार, मदनपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के खिलाफ षड्यंत्र है जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में धरना दिया। संयुक्त शिक्षा निदेशक के माध्यम से मुख्यमंत्री को 27 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में 1981 से लेकर 2020 तक प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के 40 हजार शिक्षकों व कर्मचारियों की नियुक्तियों की सतर्कता अधिष्ठान से जांच कराने का विरोध, पुरानी पेंशन बहाली, तदर्थ शिक्षकों की सेवा बहाल करना, चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 व 21 की व्यवस्थाओं को माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 में समाहित करने की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा के आदेश 28 अगस्त द्वारा 1981 से 2020 के बीच नियुक्त 40,000 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्तियों की सतर्कता अधिष्ठान में जांच कराने को शिक्षकों के खिलाफ षडयंत्र बताया। उन्होंने कहा कि विजिलेंस जांच से शिक्षकों का आर्थिक शोषण संभव है। धरने का संचालन डॉ. सुनीत गिरि और मंडलीय मंत्री प्रेम सिंह ने किया। मंडलीय अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रदेशीय मंत्री डॉ. जीपी. सिंह, रविन्द्र कुमार शर्मा, मनोज रस्तोगी, मोहित सक्सेना, राजीव कुमार पाठक, पुष्पेश मिश्रा, विक्रम कुमार, अनुज कुमार वर्मा आदि शामिल रहे।



संयुक्त शिक्षा निदेशक को ज्ञापन देते उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

- संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर शिक्षकों ने दिया धरना
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा 27 सूत्रीय ज्ञापन

---

## आरआरके स्कूल के विद्यार्थियों ने जिले का नाम रोशन किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जनपद मेरठ में 21 से 24 सितंबर तक हुई सीबीएसई नॉर्थ जोन-एक जूडो चैंपियनशिप में आरआरके स्कूल के छात्रों ने जिले का नाम रोशन किया।

अंडर 14 में 50 किलो से अधिक भार वर्ग में पार्थ कुमार सैनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर 11 में 40 किलो भार वर्ग में इशिका भटनागर ने रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 11 में 40 किलो से अधिक भार वर्ग में एनी तातरन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर 19 में 60 किलो में वासु पांडे ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पार्थ कुमार सैनी और इशिका भटनागर झारखंड में आयोजित सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

इस दौरान प्रबंधक सलिल कोठीवाल, डायरेक्टर केके मिश्रा व प्रधानाचार्या वंदना छाबड़ा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सुधीर पाठक बने मीडिया इंचार्ज



**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कांग्रेस के मीडिया विभाग द्वारा जिला उपाध्यक्ष और प्रवक्ता सुधीर पाठक को कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव के लिए मीडिया इंचार्ज बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। जिसमें मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा शामिल है। कुंदरकी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी से जियाउर रहमान बर्क विधायक थे, लेकिन लोकसभा चुनाव में जियाउर रहमान के संभल के सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हो गई है।

**आयोजन** विजेता टीम 28 सितंबर को रामपुर में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में करेगी प्रतिभाग

# जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में एसएस कॉलेज बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज के संयोजन में माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-19 का फाइनल मुकाबला एसएस इंटर कालेज और पारकर इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें एसएस इंटर कालेज की टीम ने जीत हासिल की।

प्रतियोगिता के फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए पारकर इंटर कालेज की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में सात विकेट खोकर 76 रन बनाए। जिसमें पारकर की तरफ से विनीत ने 13 व समीर ने 27 रनों का योगदान किया। एसएस इंटर कालेज की तरफ से प्रत्यूष व आशु ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में उतरी एसएस इंटर कालेज की टीम ने 77 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ ओवरों में ही तीन विकेट खोकर 77 रन बनाकर प्रतियोगिता की विजेता बनी। जिसमें एसएस इंटर कालेज की ओर से प्रतुल गुप्ता ने 32 व प्रत्यूष ने 10 रन बनाए। जबकि पारकर इंटर कालेज की तरफ से विनीत ने दो व यश ने एक विकेट लिया। जनपदीय चयनित टीम 28 सितंबर को अब रामपुर में आयोजित होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

चयनकर्ता में सचिन चौधरी, भोजराज सिंह, देश दीपक रहे। अंपायर सुमित शर्मा और राजीव कुमार रहे। जबकि स्कोरिंग पवन त्रिवेदी ने की। इस मौके पर जनपदीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर, वीर सिंह, सुमित कुमार शर्मा, अनूप अग्रवाल, निशीत बी दास व जसवंत सिंह शामिल रहे।



एसएस इंटर कॉलेज की विजयी टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

### सोनकपुर स्टेडियम में होंगी प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन शताब्दी के अवसर पर जनपद स्तरीय व राज्यस्तरीय सीनियर महिला व पुरुष वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी नरेश चंद्र यादव ने बताया कि इसके लिए जिलास्तरीय व मंडलस्तरीय ट्रायल सोनकपुर स्टेडियम में आयोजित होंगे। जिसमें 1 व 3 अक्तूबर को महिला कबड्डी, 8 व 9 को पुरुष हैण्डबॉल, 9 और 10 को बाक्सिंग, 15 व 16 को एथलेटिक्स, 16 व 17 को महिला वॉलीबाल और 17 व 18 अक्तूबर को हॉकी का ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

## दिव्य ज्ञान का भंडार है श्रीमद्भागवत महापुराण : आचार्य अर्द्धमौनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आयोजन**

- रामगंगा विहार में श्रीमद्भागवत कथा का पहला दिन
- कलश पूजन, जाप व मूल पाठ से की गई शुरुआत

**अमृत विचार:** रामगंगा विहार के केसरी कुंज कालोनी में श्राद्ध पक्ष के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह का शुभारंभ बुधवार को हुआ। कलशयात्रा, चौकी पूजन, जाप व मूलपाठ से इसकी शुरुआत की गई। कथा व्यास आचार्य धीरशान्त ''अर्द्धमौनी'' ने बताया कि संसार का सर्वोच्च, महान, कल्याणकारी, मानवीय गुणों से भरपूर दिव्य ज्ञान का भंडार श्रीमद्भागवत महापुराण है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य का परम धर्म यही है जिसका आचरण करने से भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम हो जाये। प्रभु से प्रेम का नाम है भक्ति। भक्ति सर्वोपरि है। धर्म का हेतु मोक्ष हैं। कोई भी कामना शेष रहेगी तो फिर जन्म लेना पड़ेगा। कथा व्यास ने कहा कि कलियुग में श्रीकृष्ण नाम के रूप में अवतरित हुए हैं। समस्त मन्त्रों का सार हरिनाम ही हैं तथा यही सभी शास्त्रों का निष्कर्ष भी है। आज कथा में महात्म्य, भक्ति महारानी उद्धार, शुकदेव व परीक्षित संवाद के साथ धुन्धुकारी मुक्ति का मनोहारी वर्णन सुनकर श्रोता अभिभूत हो गए। कथा के आयोजन में राधेश्याम अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, शिवांग अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, ज्ञान चन्द्र शर्मा, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, निखिल प्रभु, अशीष स्वरूप शर्मा, अनिकेत शर्मा आदि ने सहयोग दिया।

## एक नजर

### थैले में रखे फोन और सामान होटल से चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर के पैंठ बाजार स्थित माशाल्लाह रेस्टोरेंट से सोमवार रात को खाना खाने गए दुकानदार के थैले में रखे तीन मोबाइल फोन चोरी हो गए। गांव हाथीपुर चित्तू निवासी मो. आलम पुत्र आरिफ हाजी की मोबाइल फोन की दुकान है। देर रात वह साथियों के साथ पैठ बाजार स्थित एक रेस्टोरेंट में खाने के लिए गया। बताया कि चार कीमती मोबाइल फोन थैले में रखे थे और कुछ अन्य सामान भी था। इस दौरान थैले को अज्ञात चोर उठाकर ले गए। मो. आलम का कहना है कि उसने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल जाकर सीसीटीवी फुटेज खांगले। थाना प्रभारी प्रदीप सहरावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### महिला को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगूपुरा निवासी बिजनेस कुमारी पत्नी विशंभर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बुधवार की सुबह वह अपनी दुकान पर थी। तभी मोहल्ले के ही लखमी पुत्र रामचंद्र, विजेंद्र पुत्र लखमी ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। बचाव करने आए उसके पति विशंभर को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बिजली कर्मचारी बनकर घर में घुसे बदमाश

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव सलेम सराय में विद्युत विभाग के कर्मचारी बनकर बदमाश लूट के इरादे से घर में घुस गए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना बुधवार की सुबह तड़के 4:00 की है। गांव निवासी अरशद अली और साजिद अपने घरों में सोए थे। तभी बदमाशों ने बिजली चेकिंग करने के नाम पर विद्युत कर्मी बताकर घर का दरवाजा खुलवाया। अरशद ने गेट खोल दिया तो नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोल दिया। वह तमंचे लहराते हुए दोनों घरों में घुस गए और महिलाओं से सोने चांदी के आभूषण लूटने का प्रयास किया। शोर मचाने पर घटनास्थल पर ग्रामीण एकत्र हो गए। जिस पर बदमाशा बाइक छोड़कर भाग गए। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग लिखी बाइक पर कब्जे में ले ली। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जयंती पर याद किए गए पं. दीनदयाल उपाध्याय

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, स्कूलों में भी आयोजन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते छात्र व शिक्षक।


कुंदरकी में पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मानवतावाद व अंत्योदय के प्रेरणा स्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शरीफनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर ब्लॉक प्रमुख के पति भाजपा नेता डॉ. वीर सिहं सैनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद बूथ संख्या 65,66,67,68 पर 118 लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, राजीव कुमार, पंकज कुमार, भीम सिंह, मनोज कुमार, ब्रजराज सिंह, तुलाराम, महावीर राणा, सोमपाल, सहदेव चौहान, संजीव कुमार, महेश कुमार आदि उपस्थित रहे। वही ठाकुरद्वारा भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ 154 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस मनाया गया। नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय हमारे लिए देशभक्ति व राष्ट्रवाद के प्रेरणा स्रोत हैं। इस दौरान हिना अंजुम निधि, शकुंतला, यशमीन, फिजा, कुसुम रानी, मोनिका रानी, रितेश कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं राम सरनलाल मेमोरियल इंटर कॉलेज फसियापूरा पदार्थ में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उनके जीवन पर आधारित लघु नाटिका एवं अन्य प्रेरणादायक शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जयपाल सिंह, रघुवीर सिंह, अनिल कुमार, हसीन खान, मुकेश कुमार, निर्वेश कुमारी, चंचल कुमारी, सलोनी चौहान, मधु, शशि वाला, पूनम शर्मा, दामिनी, संजना मनीषा आदि शामिल रहे।

### नगर व देहात में मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मोहन तखतपुर में स्थित भारत माता जूनियर हाई स्कूल में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जिसमें भाजपा के मंडल महामंत्री अरविन्द कुमार पुंडीर ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के बारे में बताया। कार्यक्रम में नसीम खान, नक्शे अली, हाजी मजलूम पाशा, ग्राम प्रधान मोहनपुर बृजपाल सिंह सैनी, जयपाल चौधरी,डॉ. मुकीम पाशा, नरेंद्र चौधरी, प्रवीण चौधरी, मो. अब्बास, हुकम सिंह पाल आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर ग्राम कुतुबपुर अज्जू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जिसमें संजय कश्यप, सतीश ठाकुर, राजू ठाकुर ,राजेश ठाकुर, किरनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। वहीं नगर में मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट के आवास पर व ग्रामीण क्षेत्रों में मोहनपुर, तखतपुर, जैतपुर पट्टी, बांकीपुर जटनी,सौंदा, शेखूपुर खास आदि में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई।

## सार संक्षेप

### पं. दीनदयाल की जयंती पर चलाया सदस्यता अभियान

**डिलारी / ठाकुरद्वारा : अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रह्मनान, बूथ संख्या 363 पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रजलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान भी चलाया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल मुख्य अतिथि, सहकारिता प्रकोष्ठ से सभापति पं .राधेश्याम शर्मा एवं क्षेत्रीय संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ पश्चिमी उ .प्र . भजनलाल पाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, राजेश रूहेला, अल्पना पंकज भारद्वाज, बाबूराम रूहेला, लक्ष्मीकांत कश्यप, त्रिमल सिंह, छोटे सिंह, भीमसिंह, चिन्टू सागर, डेविड कुमार, डोरी सिंह सैनी, अरूण प्रजापति, सोनू आदि मौजूद रहे। संचालन जीवन सिंह पाल ने किया।

### तेज रफ्तार डंपर व ट्रक की टक्कर, दो घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार रेत बजरी से भरे डंपर व ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें डंपर के दो टुकड़े हो गए। डंपर का चालक व हेल्पर घटना में घायल हुए हैं। घटना मंगलवार रात्रि 1:30 बजे की है। रेत बजरी से भरे डंपर का चालक ठाकुरद्वारा होते हुए शरीफ नगर मार्ग से बिजनौर जा रहा था। जैसे ही डंपर जसपुर मोड पर पहुंचा तो जयपुर मार्ग से आ रहे तेज रफ्तार कागज के रोल से भरे ट्रक से टकरा गया। जिसमें डंपर के दो टुकड़े हो गए। देखते देखते वहां पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल चालक को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। वहीं चिकित्सकों ने घायल बिजनौर के थाना रेहड के गांव केरीपुर निवासी महेश कुमार पुत्र ओमपाल को प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### छात्राओं को स्वच्छता अभियान के प्रति किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत के तत्वाधान में नगर के बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया गया एवं प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बुधवार को कु. प्रियंका अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत के नेतृत्व में बिहारी आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज में स्कूल की छात्राओं ने निबंध व रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि इक़बाल आलम अध्यक्ष नगर पंचायत द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वच्छ सारथी क्लब के सभी सदस्यों व ब्राण्ड एंबेसडर सचिन उर्फ बंटी चौहान व पुष्पेन्द्र विश्नोई को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य शिक्षा देवी एवं अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत लिपिक विपिन कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, चमन कुमार आदि मौजूद रहे।

### टीम ने की चकरोड विवाद में जांच

**कांठ, अमृत विचार :** एडीएम न्यायिक के नेतृत्व में गठित टीम ने कांठ में पहुंचकर सार्वजनिक चक रोड के विवाद मामले में जांच की। कांठ में पिछले वर्षों से एक सार्वजनिक चकरोड का विवाद चल रहा है। तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों पर जबरन अपने ईंट भट्टे की जमीन में गलत तरीके से चक रोड निकालने का आरोप लगाते हुए नगर निवासी अकील शादाब ने कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर सार्वजनिक चकरोड की पैमाइश करने की मांग की थी। जिसमें कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम बनाकर चकरोड की पैमाइश करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने एडीएम न्यायिक शशि भूषण सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, ठाकुरद्वारा नायब तहसीलदार, सदर तहसीलदार कांठ योगेश कुमार शर्मा को लेकर मौके पर जाकर सार्वजनिक चकरोड की भूमि का चिह्नांकन किया। इससे पहले एसडीएम कांठ प्रिंस वर्मा, नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, नायब तहसीलदार योगेश शर्मा ने मौके पर जाकर मामले की जांच की थी। परंतु जिला मुख्यालय से राजस्व विभाग प्रशासन की टीम आने के बाद स्थानीय अधिकारी अपने कार्यालय को चले गए और जिला स्तरीय टीम ने मौके पर जाकर पूरे मामले की जांच की। एडीएम न्यायिक की टीम डीएम को अपनी जांच रिपोर्ट देगी।

### महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में लगा नेत्र जांच शिविर

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में सीएलगुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद के तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं की आंखों की नि:शुल्क जांच की गई। विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने फीता काटकर शिविर का शुभारम्भ किया। मुरादाबाद से आई डाक्टरों की टीम ने लगभग 1255 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की, जिसमें 250 से अधिक विद्यार्थियों को चश्मा बनवाने हेतु परामर्श दिया। जबकि शेष को आंखों की सुरक्षा हेतु जरूरी सावधानियां भी बताईं। शिविर में प्रधानाचार्य मदन सिंह, जांच टीम में रवि श्रीवास्तव, यश श्रीवास्तव, सुरभि, मोहम्मद अहमद, डाली, केनी, विनेश, राहुल व शिक्षकों में पदम सिंह, निशिकान्त पाठक, अखिलेश कुमार विश्नोई, हरीशचन्द्र तिवारी, अतवीर सिंह त्यागी, गौरव चौहान, जितेंद्र कुमार, पीतांबर सिंह, दीपक सिंह, सुंदर सिंह, विपुल कुमार, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# पैथोलॉजी लैब और क्लीनिक के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** पुलिस ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां से भेजे गए पत्र के आधार पर नगर स्थित शान पैथोलॉजी लैब और मंसूरी क्लीनिक के संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सीएमओ कार्यालय से भेजे गए पत्र में बताया कि 5 सितंबर को डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव कुमार बेलवाल, और डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह की टीम द्वारा भुर्जी वाली गली स्थित मंसूरी चाइल्ड क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसमें कंवर अली पुत्र शौकीन अली जिनकी शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट एवं बीएनबाईएस थी, उपस्थित पाए गए थे। क्लीनिक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां पर पंजीकृत नहीं है। दूसरी ओर टीम ने भुर्जी वाली गली स्थित शान पैथोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया गया था। जहां राशिद उल्ला खान पुत्र शरीफ उल्ला खान जिनकी शैक्षिक योग्यता बीएससी पीजीडीसीपी थी, मिले थे जोकि लैब के संचालक हैं। पैथोलॉजी लैब मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां पर भी पंजीकृत नहीं है। पुलिस ने लैब और क्लीनिक संचालक के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है।

वहीं 11 सितंबर को केजीएन मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल को भी अनियमितता मिलने पर सील कर दिया गया था। डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां से अस्पताल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने के लिए लेटर डाक से भेज दिया गया है जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी ने बताया कि उक्त अस्पताल के संबंध में उन्हें कोई भी लेटर प्राप्त नहीं हुआ है। लेटर प्राप्त होता है तो उसी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# शरदकालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


गन्ने की बुवाई का आरंभ करते त्रिवेणी चीनी मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** त्रिवेणी समूह की चीनी मिल, रानीनांगल के मिल गेट के ग्राम शेरपुर बहलीन में कृषक विक्रम सिंह प्रधान के प्रक्षेत्र पर चीनी मिल के उपाध्यक्ष वी. वेंकटरथनम् व महाप्रबन्धक (गन्ना) टी.एस. यादव द्वारा विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ गन्ना प्रजाति को.लख.16202 एवं कोशा. 17231 की गन्ना बुवाई का शुभारम्भ फीटा काटकर व प्रदर्शन प्लांट का निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर उपाध्यक्ष ने उपस्थित कृषकों का स्वागत करते हुए अपने अधिकतम क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियां जैसे- को. 15023, 0118, 98014 एवं को.लख. 14201 के गन्ने की बुवाई ट्रेन्च विधि से करने के साथ-साथ गन्ना फसल में समयानुसार निराई गुड़ाई एवं कीट बीमारियों जैसे- टाप बोरर, रेड राट, पोक्का बोंईग, स्मट रोग की पहचान एवं प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव द्वारा किसानों से आग्रह किया कि चीनी मिल क्षेत्र में को. 0238 गन्ना प्रजाति रेड-रॉट रोग से ग्रसित हो गई है। इसलिए कृषक भाई शरदकालीन गन्ना बुवाई में नई उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बुवाई करें। साथ ही उन्होंने अपील की कि चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराएं जा रहे सरसों / लाही के बीज के साथ गन्ने की अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बुवाई करें। यादव ने किसानों से यह भी कहा कि गन्ना फसल से ज्यादा पैदावार लेने एवं रोग से बचाव हेतु ड्रोन द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर स्प्रे किया जा रहा है। इस अवसर पर चीनी मिल के सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) हरिओम शुक्ला, योगेश सिंह, सुग्रीव राय, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक उपस्थित रहे।

# फार्मासिस्टों को किया सम्मानित, बांटे फल

संवाददाता, बिलारी



फार्मासिस्टों को सम्मानित करते चिकित्साधीक्षक डॉ. हरीश चंद्र व व्यापारी संजय जैन।

**अमृत विचार:** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्टों को उनके द्वारा समाज के लिए बेहतर सेवा करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही महिला अस्पताल में प्रसूताओं को फल भी वितरित किए गए।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में फार्मासिस्ट को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि फार्मासिस्ट हर परिस्थिति में मरीजों की देखभाल करते हैं। इसलिए वह बधाई के पात्र हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश्चंद्र ने कहा कि फार्मासिस्टों का अस्पताल को चलाने में अहम योगदान होता है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि सभी को फार्मासिस्टों का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं स्टेशन रोड स्थित एमएस (वेदजी) इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक उर्मिला वर्मा रही। औषधि निरीक्षक ने बताया कि भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ. अभिषेक भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं शुभकामनाएं दीं। हेड आफ फार्मेसी कॉलेज विवेक चौधरी ने आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एचओडी विवेक चौधरी, फार्मेसी की शिवानी भारती, जुनैद अख्तर, गोसे आलम, आशी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण, रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार:** बड़ी बहन के घर पारिवारिक कार्यक्रम में आई युवती ने गांव के ही युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। मामले में एसएसपी के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा निवासी एक महिला ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि कि उसकी 19 वर्षीय बेटी चार माह पूर्व अपनी बड़ी बहन के घर आई थी। जोकि बिलारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहती है। आरोप लगाया कि इसी दौरान गांव का ही रहने वाले बबलू पुत्र राजेंद्र ने उसे शादी का झांसा देकर कई महीनों तक उसका शारीरिक शोषण किया। युवती ने जब शादी की बात कही तो आरोपी ने इनकार कर दिया।

# एटीएम कार्ड छीनकर भाग रहे आरोपी को लोगों ने पकड़ा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- पुलिस ने आरोपी से 52 एटीएम कार्ड बरामद किए

**अमृत विचार:** कोतवाली से चंद कदमों की दूरी से एटीएम कार्ड छीन कर भाग रहे आरोपी को लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर रस्सी से बांधकर डाल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को भीड़ के चंगुल से छुटा कर मुक्त कराया। वही कोतवाली पुलिस ने आरोपी के पास से 52 अलग-अलग बैंकों के लोगों से छीने एटीएम कार्ड बरामद किए।

कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास लगे एटीएम से मोहल्ला ताली कृष्णा नगर निवासी वेद प्रकाश चौहान अपनी पत्नी का एटीएम कार्ड एक्टिव कराने पहुंचे थे। तभी वहां पहले से घात लगाए खड़े युवक ने उनके हाथ से एटीएम कार्ड छीन कर दौड़ लगा दी। वेद प्रकाश चौहान उसके पीछे शोर मचाते हुए दौड़ने लगे तो लोगों ने आरोपी को पीछा करते हुए कुछ ही दूरी पर जाकर पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में आरोपी को पुलिस को सौंप दिया था। जिसमें कोतवाली पुलिस ने बताया कि एटीएम कार्ड छीन कर भाग रहे युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम सुखवन्त सिंह निवासी ग्राम बरलावाला थाना बाजपुर उत्तराखंड बताया। वही पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।


**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत केमरी जनपद- रामपुर**

पत्रांक: 668/न.पं.के./2024 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक: 25.09.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत केमरी, जनपद-रामपुर में राजकीय इण्टर कॉलेज के बराबर से स्थित पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पी.एम. स्वनिधि गलियारा का निर्माण किया गया है। जिसमें लगभग 15 स्टॉल के लिए जगह निर्धारित की गई है, उक्त जगह को आवंटन करने हेतु पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त किये जाने है, लाभार्थी अपना आवेदन दिनांक 26.09.2024 की प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 5.10.2024 की सायं 03:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते हैं। समस्त आवेदनों की जांच की जायेगी, जांच उपरान्त वैध आवेदन पत्रों पर विचार कर दिनांक 09.10.2024 को अपरान्ह 03:00 लकी ड्रा के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। पी.एम. स्वनिधि के लाभार्थी का केवल 01 ही वैध आवेदन पत्र मान्य होगा। आवेदन पत्र उक्त समयावधि में आवेदन फीस रू. 100.00 कार्यालय में जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त कर जमा कर सकते है। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केमरी
जनपद रामपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत केमरी
जनपद रामपुर


अभियान | पंचायत सहायक और ग्राम प्रधानों से की गांवों में साफ-सफाई की अपील

# संचारी रोगों की रोकथाम को सचिवों को दिए निर्देश

संवाददाता, बिलारी


ब्लॉक सभागार में संचारी रोग कार्यक्रम में बोलते बीडीओ चैतन्य पाठक।

- बुखार आदि बीमारियों में सावधानी बरतने की सलाह
- घरों के आसपास रखें सफाई गंदा पानी एकत्र न होने दें

**अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में संचारी रोग की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य, कृषि , पंचायती और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधान और पंचायत सहायकों को बैठक में निर्देश दिए गए। साथ ही अपने आसपास साफ सफाई रखने की अपील भी की ।

बुधवार को ब्लॉक सभागार में संचारी रोग अभियान को लेकर बैठक की गई। जिसमें बीडीओ चैतन्य पाठक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ संचारी रोग जागरूकता अभियान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी को अपने घर, गांव, नाली आदि में साफ सफाई करने के लिए जागरूक करना है। कहीं भी कूड़े का ढेर नहीं लगने देना है। जहां पर पानी जमा है उसे जगह को खाली करना है। जिससे कि कोई भी गंभीर बीमारी न फैल सके। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश्चंद्र ने भी सभी को जागरूक करते हुए कहा कि इस समय मच्छरों का प्रकोप है। सभी को अपने घरों आसपास के क्षेत्रों नाली में पानी जमा नहीं होने देना है।

उन्होंने कहा कि इस समय बुखार के मरीज ज्यादा बढ़ रहे हैं। सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय में भी संचारी रोग को लेकर बैठक की गई। जिसमें अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश्चंद्र, नगर पालिका वार्ड सभासद सफाईकर्मी आदि को भी अभियान के प्रति जागरूक किया गया।

### संचारी रोग नियंत्रण को शिक्षकों को दी जानकारी

**कांठ, अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं डिप्थीरिया अभियान हेतु आयोजित बैठक में नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण किया गया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि शिक्षकों द्वारा अभिभावकों का दिमागी बुखार एवं अन्य व्यक्ति जनित रोगों तथा जल जनित रोगों से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु संवेदीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि माध्यमों से छात्रों को रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए। डिप्थीरिया अभियान में बताया कि समस्त स्कूलों में डिप्थीरिया बीमारी की रोकथाम हेतु टीकाकरण किया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, डब्ल्यूएचओ से गुफरान और यूनिसेफ से रेखा पटेल उपस्थित रहे।

## संचारी रोग की रोकथाम के लिए शपथ ली

**डिलारी, अमृत विचार:** बुधवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार में एक बैठक हुइ। जिसमें क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान और पंचायत सहायक, ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी रूपचंद मौर्य ने की।

बैठक में संचारी रोग की रोकथाम के लिए छोटे-छोटे बच्चों को संक्रमण से कैसे बचाया जाएगा इसके बार में विस्तार से बताया। बताया कि 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर मोहम्मद उस्मान, डॉ. अयूब, सदाबहार सिंह, पवन कुमार, योगेश, चौधरी रफीउल्लाह, मोहम्मद रिजवान आदि ने संचारी रोग की रोकथाम के लिए शपथ ली। संचालन एडीओ पंचायत चंद्रपाल सिंह ने किया। ब्लॉक समन्वयक सतवीर सिंह ने कार्यशाला की व्यवस्था की।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुरादाबाद**

पत्रांक : सीएमओ/एनएचएम/संविदा दन्त शल्यक (बी.डी.एस.)/भर्ती/2024-25/5328 दिनांक : 25 सितम्बर, 2024

**विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., लखनऊ के पत्र संख्या-157/एस. पी.एम.यू./एन.एच.एम./डैप-एच.आर./2024-25/3205 दिनांक 28.08.2024 एवं जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति मुरादाबाद के अनमोदन दिनांक 24.09.2024 के अनुपालन मे जनपद मुरादाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. मे संचालित कार्यक्रमो के अन्तर्गत रिक्त संविदा पद हेतु दन्त शल्यको (बी.डी.एस.) की नियुक्ति दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया (डी.वी.पी.) एवं साक्षात्कार के माध्यम से की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. | कार्यक्रम का नाम | पद नाम | अनिवार्य योग्यता | अनुभव | रिक्त पद की संख्या | प्रतिमाह मानदेय (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.बी.एस.के.) | दन्त शल्यक (डीईआईसी) | डेन्टल काउन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी कॉलेज से बैचलर ऑफ डेन्टल साईस (बीडीएस) स्टेट डेन्टल काउन्सिलिंग द्वारा पंजीकृत और 365 दिनों की रोटेटरी इन्टर्नशिप पूर्ण हो। | अस्पताल/ संस्थान में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव | 01 | 50000/- |
| 2. | राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनओएचपी)-एनसीडी | दन्त शल्यक | | | 01 | 50000/- |

नोट: दन्त शल्यक (BDS) अभ्यार्थीयों को टी.ओ.आर. मे वर्णित सभी सभी शैक्षिक अर्हताएं पूर्ण करने पर अधिकतम 85 अंक प्रदान किये जायेगे एवंकोविड अनुभव हेतु क्यू.आर. कोड आधारित अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर अधिकतम 15 अधिमानी अंक प्रदान किये जायेगे ।

**आवश्यक निर्देश :-**

1. उपरोक्त पदों पर दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया (डी.वी.पी.) एवं साक्षात्कार दिनांक 07 अक्टूबर, 2024 को प्रात: 10.00 बजे से विकास भवन सभागार, मुरादाबाद मे सम्पन्न कराया जायेगा ।
2. इच्छुक अभ्यार्थी दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया (डी.वी.पी.) एवं साक्षात्कार के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वाँछित मूल अभिलेख सहित, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार मे प्रतिभाग कर सकते है।
3. यह पद पूर्णतया नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या मे परिवर्तन हो सकता है।
4. उपरोक्त पदो पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
5. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा - भत्ता देय नही होगा ।
6. चयन प्रक्रिया मे उ.प्र. शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी ।
7. इच्छुक अभ्यार्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 62 वर्ष से अधिक न हो ।
8. कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने का वेतन के बराबर धनराशि देकर चयनित अभ्यार्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद

## एक नजर

### अटेवा पेंशन के लिए आज निकालेंगे पैदल मार्च

**रामपुर, अमृत विचार :** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिलाध्यक्ष दिगपाल गंगवार ने कहा कि एनएमओपीएस के प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर एनपीएस के विरोध में जन आक्रोश मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारी आंबेडकर पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालेंगे। इस मार्च में जनपद के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक तथा समस्त विभागों के कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। 26 सितंबर को आंबेडकर पार्क में 2:30 बजे से सभी शिक्षक, कर्मचारी एकत्र होंगे। 4 बजे से पैदल आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ऑटो चालक।

# ऑटो चालकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** फोटो चुंगी के पास ऑटो स्टैंड पर ऑटो चालकों ने अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए बुधवार दोपहर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट संदीप वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू के नेतृत्व में ऑटो चालक कलेक्ट्रेट में पहुंचे और प्रदर्शन किया।

कहा कि फोटो चुंगी पर मैजिक वाहन वालों से कुछ लोग वसूली करते हैं। इस दौरान बादशाह खान, नईम कुरैशी, मोहम्मद फरहान, मोहसिन, नाना आदि मौजूद रहे।

### तिलक नगर कॉलोनी में हुई उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक

# मेडिकल कॉलेज न होने से मरीजों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि आम जनता व व्यापारियों को स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर जिले में परेशानी हो रही है। जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना व राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एलएलबी की कक्षाएं शुरू होनी चाहिए।

तिलक नगर कालोनी स्थित कार्यालय पर बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई। इसमें जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज की ब्रांच की स्थापना की मांग उठाई। रजा पीजी कॉलेज में एलएलबी की कक्षाएं शुरू कराने की मांग की गई। यहां के छात्र-छात्राएं बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद व अन्य जनपदों में पढ़ने जाते हैं। बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सालय के अभाव में यहां के मरीज दम तोड़ रहे हैं। तीमारदार मरीजों को मुरादाबाद, दिल्ली व बरेली लेकर भागने को मजबूर होते हैं। लाखों मरीजों की जान रामपुर से रेफर होने के बाद बीच रास्ते में ही चली जाती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि व्यापार मंडल इन दोनों विषयों के लिए संघर्ष करेगा। इस दौरान राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, अब्दुल बासिक, राज बहादुर यादव, मोहन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।



बैठक में व्यापारियों को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी। ● अमृत विचार

# ट्रॉली में उतरे करंट से चार लोग झुलसे

## कलीनगर का मझरा लच्छी वाला में हुई घटना, ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार दोपहर खेत में जैविक खाद डालने समय ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली लाइन के तारों के टकरा गई। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर करंट दौड़ गया और चार लोग झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। चिकित्सक ने दो की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किसान के पुत्र ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही बरतने के आरोप में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलीनगर का मझरा लच्छी वाला में गांव से 11 हजार की हाईटेंशन लाइन जा रही है। लाइन के तार खेतों पर लटक रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों से हाईटेंशन लाइन को ऊंचा कराने की मांग की। लेकिन इसे अनदेखा कर दिया। बुधवार को गांव निवासी बलवीर नगर के मोहल्ला अगलगा निवासी यूसुफ अली की किराये की ट्रैक्टर-ट्राली में खाद भरकर अपने खेत पर डालने गया था। उसके साथ उसका



बलवीर।



कृष्ण अवतार।

21 वर्षीय पुत्र संजीव, गांव निवासी 37 वर्षीय कृष्ण अवतार, 22 वर्षीय सुरेश पुत्र चिरंजी लाल भी गए थे। खेत स्वामी बलवीर के पुत्र संदीप कुमार के अनुसार, खाद से भरी ट्रॉली को ट्रैक्टर चालक यूसुफ अली खेत पर लेकर पहुंचा। सभी लोग खेत में खाद उतराने लगे। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने ट्रॉली के जेक को ऊपर उठा दिया। इससे खेत पर गुजर रहे हाईटेंशन लाइन के तारों से ट्रॉली टकरा गई। तभी ट्राली पर करंट उतर आया और चारों लोग करंट की चपेट मे आ गए। चारों ने कूदकर अपनी जान बचाई। जबकि ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया।

इस बीच ग्रामीणचारों झुलसे लोगों को सीएचसी ले आए। जहां उपचार के बाद गंभीर रूप से झुलसे कृष्ण अवतार एवं बलवीर को चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने संदीप की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक यूसुफ अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्रामीणों ने की मुआवजा दिलाने की मांग

करंट से चार लोगों के झुलसने की सूचना पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। एकत्र होकर बिजली घर पहुंचे। इस बीच वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार पुलिस कर्मियों के साथ बिजली घर पहुंच गए। ग्रामीणों ने जाम लगाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने समझा बुझा कर जाम नहीं लगने दिया। बाद में कली नगर के ग्राम प्रधान रामचंद्र के नेतृत्व में ग्रामीण एसडीओ भगवंत सिंह से मिले। उन्होंने झुलसे लोगों को मदद करने की बात कहते हुए खेतों पर नीचे लटक रही हाईटेंशन लाइन को ऊंची कराने की मांग की। एसडीओ ने झुलसे लोगों को शासन से शीघ्र मुआवजा दिलाने, लाइन को शीघ्र ऊंचा कराने का आश्वासन दिया।

### बिजली गिरने से मस्जिद की दीवारें चटकीं, उपकरण फुंके

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार को बारिश के दौरान दो जगह बिजली गिरने से विद्युत उपकरण फुंक गए। मस्जिद की दीवारों में दरारें आ गईं। साथ ही लोगों के घरों में पंखे, बैटरा-इंवर्टर खराब हो गए। घटना में लोगों को दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दढ़ियाल नगर के मोहल्ला कच्ची मस्जिद में अल बकर अहले हदीस मस्जिद है। मस्जिद के मुतवल्ली अख्तर अली ने बताया कि बुधवार को बारिश के दौरान मस्जिद में बिजली गिर गई। इससे मस्जिद की दीवारों में दरारें आ गईं। 9 पंखे, इंवर्टर, सबमर्सिबल पंप व अन्य सामान नष्ट हो गया। इसकी कीमत एक लाख रुपये बताई है। मस्जिद के पास जाहिद अली के घर में दो पंखे, फ्रिज, अहसान के घर में दो पंखे, इन्वर्टर, खराब हो गए। मोहल्ला सईदिया मस्जिद में असगर अली के बेटे अशरफ अली का मकान है। बारिश के दौरान घर में उनकी पत्नी जमीला बेगम अपने दो बच्चों के साथ बैठी थीं। जैसे ही बिजली उनके घर के आंगन में गिरी तो वह भागकर अपने कमरे में चली गईं। जबकि बरामदे में रखे एक इंवर्टर, एक बैटरा, एक वॉशिंग मशीन, एक स्टेबलाइजर खराब हो गया। जमीला ने नुकसान की कीमत 50 हजार रुपये बताई है। बिजली गिरने से लोगों में दहशत है। नायब तहसीलदार अमित कुमार ने बिजली गिरने की जानकारी होने से इनकार किया है।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी घायल, दो गो-तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- गांव बिढ़ऊ तिराहे पर हुआ पुलिस व गो-तस्करों का आमना-सामना

**अमृत विचार :** पुलिस से मुठभेड़ में गोली लगने से 25 हजार का इनामी गो तस्कर घायल हो गया। पुलिस कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज हो रहा है। इसके अलावा पुलिस ने फरार हुए गो तस्कर को भी पकड़ लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

मंगलवार रात केमरी थाने की पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान केमरी से मनकरा रोड पर ग्राम बिढ़ऊ तिराहे पर मनकरा की ओर से एक बाइक पर सवार दो लोग आ रहे थे। पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया तो बाइक लेकर भागने लगे। लेकिन इस बीच बाइक अनियंत्रित होकर तिराहे के पास फिसल गई। तभी बाइक सवार दोनों व्यक्तियों ने पुलिस पर फायर कर दिए। इस पर थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बचाव में आरोपियों पर फायर कर दिए। इस दौरान गांव सोनकपुर थाना टांडा निवासी गौस मोहम्मद के बाएं पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने घायल अवस्था में गो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। मौके पर दूसरा आरोपी इरफान निवासी गांव फरीदपुर रसूलपुर थाना स्वार को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी गौस मोहम्मद के पास से एक तमंचा, एक कारतूस बरामद हुआ है। इरफान के पास से एक तमंचा, एक कारतूस एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में घायल गौस मोहम्मद पर जिले भर के थानों में आठ मामले दर्ज हैं। इसे काफी समय से तलाश किया जा रहा था। दहेज, चोरी के मामले दर्ज हैं। इरफान पर सीएस एक्ट सहित तीन मुकदमें दर्ज हैं।



घायल गो-तस्कर को संभालते पुलिसकर्मी।

## सार संक्षेप

### दो लोगों की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में एडीजे तृतीय की कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास और 10 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मियां जान निवासी महबूब खां के अनुसार, 8 अक्टूबर 2000 को अपने चेचेरे भाई बच्छन खां की दुकान पर था। इस बीच रंजिश के चलते आरोपी कमर, नन्नों, गुड्डू और जमीर दुकान पर आ गए थे। उनके पर फायरिंग कर दी थी। इससे बच्छन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उनके पड़ोसी हसन खां पर भी गोली चला दी थी। इससे उसकी भी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में चारों आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में हो रही थी। बुधवार को इस मामले कोर्ट ने दोषी कमर को आजीवन कारावास और 10 हजार का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी नवनीत कश्यप ने बताया कि इस मामले में एक दोषी को वर्ष 2014 में आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। जबकि दो आरोपी काफी समय से फरार चल रहे हैं। उनको भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। कमर को भी पहले भगोड़ा घोषित किया गया था। बाद में वह पकड़ा गया था।

### दो पैन कार्ड मामले में 30 सितंबर को होगी बहस

**रामपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में दो पैन कार्ड मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हुई। अब इस मामले में 30 सितंबर को बहस होगी। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है। पिछली तारीख पर अभियोजन पक्ष ने गवाह दिनेश गोयल और स्वार विधायक शफीक अंसारी के बयानों की सत्यापित प्रति दाखिल की थी। पिछली तारीख पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आपित्त दाखिल की थी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि इस मामले में अब 30 सितंबर को सुनवाई होगी।

### छितौनी गांव में सरकारी जमीन होगी कब्जा मुक्त

**रामपुर, अमृत विचार :** छितौनी गांव में सरकारी जमीन को जल्द ही कब्जा मुक्त कराया जाएगा। इसे लेकर चंकबंदी अधिकारी ने आदेश जारी किए हैं। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव छितौनी निवासी आलमगीर प्रधान और जिला पंचायत सदस्य रहे चुके हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल में वहां सरकारी जमीन को अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने के उदेश्य से कागजों में हेराफेरी करके को उनको दे दी थी। नीतू ने बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी की कोर्ट में शिकायती पत्र दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व अजय तिवारी ने बताया कि इस मामले में चकबंदी अधिकारी ने फैसला सुनाया। इस जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए।

### पालिका की टीम ने नाले से कब्जा हटवाया

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित नाले पर किए गए कब्जे को पालिका की टीम ने हटवा दिया। नगर पालिका परिषद आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत आई। जिला अस्पताल का पोस्टमार्टम ऑफिस के पीछे कुछ लोगों ने अवैध रूप से नाले पर कब्जा लिया। जिससे यहां की सड़क काफी तंग हो गई है। बुधवार की शाम 6 बजे राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में पालिका की टीम मौके पर पहुंची। राजस्व निरीक्षक के निर्देश पर पालिका की जेसीबी से नाले पर हुए कब्जे को हटाया गया।

### स्कूल में लगा रोजगार मेला

**रामपुर,अमृत विचार :** नारायण ग्रुप ऑफ स्कूल की एजीएम डॉ. उजमा कमर ने बताया कि देश में बेरोजगारी मुख्य समस्या है। इसे देखते हुए स्कूल की ओर से एक मुहिम चलाई जा रही थी। इसके तहत स्कूल में बुधवार को रोजगार मेला लगा। 60 से ज्यादा लोगों को रामपुर में रोजगार दिलाया चुका है।



बिलासपुर थाने के गेट पर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

### महिला की गुमशुदगी को लेकर किया प्रदर्शन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कई दिन से लापता महिला की गुमशुदगी को लेकर हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने आक्रोश जताया। कोतवाली के बाहर प्रदर्शन कर महिला को बरामद करने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नगरध्यक्ष प्रमोद दिवाकर, महामंत्री प्रदीप कुमार गंगवार के साथ लोग कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदर्शन किया। पुलिस पर महिला संबंधी अपराधों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर के मोहल्ला डाम कॉलोनी से एक महिला 3 दिन से लापता है। उसके परिजनों ने पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से वार्ता की। गुमशुदगी दर्ज कर महिला को जल्द तलाशने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुनील कश्यप,बाबू कश्यप, प्रिंस कश्यप, रोहित सागर, छत्रपाल सिंह, संजीव कुमार, सचिन कुमार, मोहित कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

### टीम ने चलाया बिजली चेकिंग अभियान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विद्युत उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद और केमरी उपखंड अधिकारी अनुपम सचिन के नेतृत्व में टीम ने बिजली चेकिंग अभियान चलाया। गांव पंजाबनगर, मिलकमुंडी, मुंडिया, महेशपुरा, खूंटाखेड़ा, लाला वाला बाग आदि गांवों में विद्युत चेकिंग की। 14 व्यक्तियों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। दोनों अधिकारियों ने उन्हें हड़काया। अधिकारियों ने बताया कि बिजली चेकिंग अभियान जारी है। बुधवार को चलाए गए अभियान में 14 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं। उन सभी व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। टीम में अवर अभियंता केमरी इरशाद अहमद एवं ओमप्रकाश पटेल आदि रहे।

### युवकों को पीटने के चार आरोपी गिरफ्तार

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव घोसीपुरा-पट्टीकलां निवासी चंचल दिवाकर, प्रद्युम्न दिवाकर और सोनू दिवाकर ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर धार्मिक स्टोरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्टोरी अपलोड की थी। इससे गांव निवासी दूसरे समुदाय के कुछ लोग बौखला गए। सोमवार रात नौ बजे कई लोग कार से आए और जबरन तीनों को घर के बाहर से कार में डालकर अगवाकर ले गए। तीनों युवकों से कार में मारपीट की। बाद में हाईवे किनारे फेंककर भाग गए। इस मामले में पुलिस ने घोसीपुरा-पट्टीकलां निवासी चार आरोपी जामुल हसन, आदिल, राशिद व आस मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों का चालान किया है।

### हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**रामपुर,अमृत विचार :** चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बुधवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के नेतृत्व में रोडवेज अड्डे पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का जागरूकता कार्यक्रम किया। यात्रियों, महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से जागरूक किया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं बाल सेवा योजना स्पॉन्सरशिप योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला पर्यवेक्षक अमित कुमार सक्सेना, शिवम सिंह एवं रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन से रेलवे पर्यवेक्षक कविता सिंह, महक आजमी और रेलवे केस वर्कर विशाल कुमार, भारती व प्रदीप सागर मौजूद रहे।

### चोरी किए गए जेवर और नकदी बरामद

**भोट, अमृत विचार :** पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरियों के मामले में संलिप्त एक आरोपी को रिमांड पर लेकर नकदी, सोने व चांदी के जेवर बरामद किए हैं। क्षेत्र के दरियागढ़, खौदुपरा, कल्यानपुर व तालकपुर गांवों में एक माह पहले चोरों ने कई घरों में कूमल लगाए थे। इस दौरान चोरों ने तीन घरों से नकदी, जेवर समेत लाखों रुपये का माल चोरी कर लिया था। पुलिस ने आठ सितंबर को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामद किया था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया था। पूछताछ में चोरी की घटनाओं में दोनों आरोपियों के साथ शहजादनगर थाना क्षेत्र के चमरौआ गांव निवासी आसिफ उर्फ टुंडा का नाम प्रकाश में आया था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी आसिफ उर्फ टुंडा को जेल से रिमांड पर लिया था। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर थाना क्षेत्र के ही पत्थरखेड़ा गांव के पास ही एक खजूर के पेड़ के पास जमीन में छिपा कर रखे गए 5500 रुपये, सोने व चांदी के जेवर बरामद कर लिए। सीओ बिलासपुर रवि खोखर ने बताया कि रिमांड पर लिये गए आरोपी की निशानदेही पर चोरी की घटनाओं का माल बरामद किया गया है।

# दो लाख रंगदारी नहीं देने पर प्रॉपर्टी डीलर को पीटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**विवाद**

- सिविल लाइन थाने में 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- कई आरोपियों के सपा में बड़े पदों पर होने का दावा

**अमृत विचार:** दो लाख की रंगदारी नहीं मिलने पर कुछ लोगों ने प्रोपर्टी डीलर को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 5 नामजद और 5 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर क्षेत्र के मोहल्ला कोतवालान निवासी अब्दुल अहद खां के अनुसार, वह अर्थकन कन्सट्रक्शन्स प्राईवेट लिमिटेड में प्रोजेक्ट हेड के रूप में कार्य कर रहे है। वह इस समय अर्थकन कंपनी के ज्वाइंट प्रोजेक्ट अर्थकन निवास स्टेट स्थित गांव ताशका का समस्त प्रबंधन कार्य देख रहे है। पूर्व में प्रॉपर्टी की सेल अजहर मियां व वसीम मियां दाद किया करते थे। अन्य लोगों के साथ मिलकर अवैध भूखंड व दलाली कर रहे थे। लेकिन अर्थकन कंपनी आने के बाद इन लोगों को गबन का मौका नहीं मिल पा रहा था। इस कारण ये लोग रंजिश रखने लगे। आरोप है कि समाजवादी पार्टी में बड़े पदों पर होने के कारण ये लोग काफी समय से रंगदारी मांगने का प्रयास करते रहते हैं।

पिछले दिनों दबाव बनाकर 50 हजार रुपये ले लिए थे। 21 सितंबर को आरोपी ऑफिस आ गए। उसके बाद दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने लगे, नहीं देने पर गाली गलौज कर मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सैयद अजहर मियां, वसीम मियां दाद, नदीम मियां, अखतात मियां, तलहा मियां और 5 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दुष्कर्म करने का आरोपी नैनीताल दुग्ध उत्पादक का अध्यक्ष गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार:** महिला से दुष्कर्म और उसकी बेटी से छेड़खानी करने के मामले में फरार चल रहे नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष को उत्तराखंड पुलिस ने बुधवार सुबह चाकू बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया।

नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा पर एक महिला ने दुष्कर्म करने और बेटी के साथ छेड़खानी करने के आरो में लालकुंआ में मुकदमा दर्ज कराया था। तभी आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस की कई टीमें उसे तलाश कर रही थीं। इसी दौरान सर्विलांस के जरिये पता चला कि वह रामपुर में कोतवाली थाना क्षेत्र मोहल्ला चाकू बाजार में है। मुकेश बोरा रामपुर में अपने वकील से मिलने पहुंचा था। इसके बाद उत्तराखंड पुलिस ने उसे पकड़ लिया। शहर कोतवाल पवन वीर सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह उत्तराखंड पुलिस आई थी और आरोपी को पकड़ कर ले गई है।

# प्रेमी से शादी के लिए अड़ी युवती को पीटा

संवाददाता, ढकिया

- भाई को जेल भिजवाने के लिए पुलिस से की शिकायत

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की युवती प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी के घर जा पहुंची। युवती के प्रेमी के घर पहुंचने पर गुस्साए भाई ने बहन को प्रेमी के घर से बुलाकर उसकी पिटाई की। इससे गुस्साई युवती ने पुलिस बुला ली। पुलिस युवती के आरोपी भाई को पकड़ कर ढकिया चौकी ले गई। जहां युवती भाई को जेल भिजवाने की जिद पर अड़ गई। लेकिन पुलिस व कुछ ग्रामीणों ने युवती को समझा बुझाकर उसके प्रेमी से ही उसकी शादी करा दी। बाद में मामला शांत हो गया।

ढकिया चौकी क्षेत्र के एक गांव में 14 सितंबर से चार दिवसीय मेला लगा हुआ था। इस गांव की एक युवती का 3 वर्षों से गांव के ही दूसरी बिरादरी के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके चलते युवती मेले के दौरान प्रेमी के घर जा पहुंची। प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ गई। युवती के भाई को दूसरी बिरादरी के युवक से शादी करना अच्छा नहीं लगा। इस पर भाई ने बहन को प्रेमी के घर से बुलाकर उसकी पिटाई कर दी। इससे गुस्साई युवती ने फोन कर पुलिस को अपने घर बुला लिया। वह भाई को जेल भिजवाने के बात करने लगी। भाई-बहन का विवाद देख पुलिस दोनों को ढकिया पुलिस चौकी ले आई। यहां भी युवती ने पुलिस से अपने भाई को जेल भेजने के लिए कहा। मामला प्रेम प्रसंग का देख कुछ ग्रामीण भी ढकिया पुलिस चौकी पहुंचे। यहां पुलिस व ग्रामीणों ने जब युवती को समझने का प्रयास किया तो उसने कहा कि वह भाई को तभी माफ कर सकती है, जब उसकी उसके प्रेमी से कोर्ट मैरिज करा दी जाए।

युवती जिद पर अड़ी देख ग्रामीणों व पुलिस ने उसके भाई और परिजनों को समझाया। ग्रामीण व पुलिस से शादी कर लेने की इजाजत मिलने के बाद युवती ने भाई को माफ किया। ग्रामीणों के अनुसार, युवती की उसके प्रेमी से शादी करा दी गई है। शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि युवक और युवती का प्रेम प्रसंग था। युवती के भाई ने प्रेमी के घर से बुलाकर उसे पीट दिया था। युवती भाई को जेल भेजने की मांग कर रही थी। लोगों ने मिलकर दोनों को विवाह करा दिया है। इसके बाद मामला निपट गया है।

### 10 युवतियां दूसरी बिरादरी में कर चुकी हैं शादी

क्षेत्र के जिस गांव में जिद पर अड़ने के बाद युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते दूसरी बिरादरी के युवक से शादी की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में अब तक 10 युवतियां दूसरी बिरादरी के युवकों से शादी कर चुकी हैं। गांव में प्रेम प्रसंग के चलते शादी होना, अब आम बात हो गई है।

**बैठक** प्रदेश कैंप कार्यालय में भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों की पंचायत, लखनऊ रवाना होने का किया आह्वान

# भाकियू की पंचायत में उठाया मंढौली बांध का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** भाकियू टिकैत की पंचायत में मंढौली बांध का मुद्दा उठाया गया। किसानों ने 10 अक्टूबर से कलेक्ट्रेट में बेमियादी धरने का ऐलान किया। बाबा टिकैत के जन्मदिन पर किसानों से लखनऊ पहुंचने के लिए कहा।

हाईवे स्थित प्रदेश कैंप कार्यालय में बुधवार को हुई पंचायत में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने किसानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि कोसी से मंढौली तक बांध बनाकर छोड़ दिया। जबकि, भैयानगला पर पुल बनकर तैयार हो गया है। ऐसे में अब कई गावों को खतरा पैदा हो गया है, क्योंकि निकास बंद होने से गांवों में पानी भर जाएगा। प्रदेश महासचिव ने कहा कि खुशहालपुर में ट्रांसफार्म फुंक गया है। मिलक के हरजीपुर समेत कई गांवों में अभी तक पानी की पाइप लाइन भी नहीं बिछाई गई है। सड़कें खोदकर छोड़ दी गईं हैं। ढकिया पुलिस ने शाहबाद के भगवतीपुर में एक किसान का शराब रखने के मामले में फर्जी चालान कर दिया। प्रदेश महासचिव ने कहा कि समस्याओं को लेकर 10 अक्तूबर को कलेक्ट्रेट में बेमियादी धरना दिया जाएगा। कहा कि लखनऊ में छह अक्तूबर को चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का जन्म दिन मनाया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा किसान लखनऊ पहुंचे। पंचायत में जुबैद आलम, राहत खां, अमृतपाल भिंडर, दीपचंद, हसरत खां, छिद्दा नेता, नल सिंह यादव, रामऔतार, राम किशोर, रमेश, खलील, भूरा, नीरज, असगर अली आदि मौजूद रहे।




किसानों को संबोधित करते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

### प्रदेश स्तर से सुलझेंगी किसानों की समस्याएं

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संगठन के प्रतिनिधिमंडल को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में बाबा राजेंद्र सिंह मलिक, हरिनाम सिंह वर्मा और दिगम्बर सिंह शामिल रहे। केमरी क्षेत्र में बिलाल राइस मिल पर किसानों का एक करोड़ से अधिक बकाया, शाहबाद के गांवों में कोसी नदी के कटान और आमना बगीचा व मिलक क्षेत्र में 33केवीए बिजली लाइन के खतरे का मुद्दा उठाया। प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा ने कहा कि जो समस्याएं जिला स्तर से नहीं सुलझ पा रही हैं। उन्हें प्रदेश स्तर से सुलझाया जाएगा। संगठन किसानों के हित के लिए लगातार तत्पर है।

# मलेरिया-डेंगू से निपटने के लिए अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने 1 से 31 अक्तूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में बैठक की। 11 से 31 अक्तूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग करने के लिए कहा। मलेरिया, डेंगू समेत अन्य संचारी रोगों से जुडे. मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 1 से 31 अक्तूबर तक संचालित किया जाएगा। 1 अक्टूबर से पहले संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में सभी व्यवस्थाएं एवं विभागीय कार्ययोजना तैयार कर लें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, बेसिक शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, सूचना विभाग तथा अन्य सभी सबंधित विभाग के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय करके संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्रवाई करें। उधर, जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महेश कुमार कौशिक से कहा कि सूकर पालकों द्वारा मानव बस्तियों से दूर सूकरों का पालन किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी जाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आकाशवाणी में परीक्षा के लिए 15 तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** आकाशवाणी रामपुर के कार्यक्रम प्रमुख राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि आकाशवाणी में शास्त्रीय, सुगम एवं लोक संगीत गायन, वादन कलाकारों की स्वर परीक्षा और उनकी ग्रेडिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक कलाकार आकाशवाणी के ऑडिशन पोर्टल मॉस डॉट प्रसार भारती डॉट आर्ग पर अपग्रेडेशन और नवीन स्वर परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अन्तिम तिथि बढाकर अब 15 अक्टूबर कर दी गई है।

### बिना कारण हटाए गए चारों कर्मचारियों की वापसी

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव के साथ लोग एकत्र होकर मंगलवार को अधिशासी अभियंता प्रथम इमरान खां के पास पहुंचे थे। कहा था कि बिना कारण कर्मचारी को हटाना गलत है। कर्मचारियों की वापसी नहीं हुई तो 25 सितंबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा। बुधवार को मामले का संज्ञान लेते हुए हटाए गए चारों कर्मचारियों को अधिशासी अभियंता ने वापसी के आदेश कर दिए।

### हैंडपंप पर भैंस नहलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बिशनपुरी के ग्रामीण एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव निवासी विनोद पाल रोजाना दिन में तीन बार हैंडपंप पर अपनी भैंस को नहलाता है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो वह मारपीट पर उतारू हो जाता है। बताया कि बुधवार सुबह इस बात को लेकर उसका ओमप्रकाश और हरफूल सिंह से विवाद हो गया। चंद्रपाल कुछ अन्य लोगों को लेकर वहां आ गया। उन्होंने ओमप्रकाश और हरफूल के साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर भेज दिया है।

### लोगों की कुर्क संपत्तियों को किया जाए वापस

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा क्षेत्र के दढ़ियाल निवासी जुल्फिकार हुसैन, इफ्तेखार हुसैन, इकरार हुसैन ने डीएम को पत्र देकर कहा है कि उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर संपत्ति को कुर्क कर लिया गया था। पीड़ित हाईकोर्ट पहुंच गए थे। मामले की सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे को ही खत्म कर दिया।

# गरीबों और वंचितों के हितैषी थे दीनदयाल

## भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, जीवन पर प्रकाश डाला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/स्वार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने स्वच्छता अभियान चलाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

जनपद के सभी 1789 बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा के पदाधिकारी को अलग-अलग बूथ आवंटित किए गए हैं। श्रद्धांजलि के तौर पर सभी को एक बूथ पर कम से कम 100 नए भाजपा के सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। पुष्प अर्पण कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहनलाल सैनी, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, जगपाल यादव, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, शिव शर्मा, प्रमोद आहूजा, विवेक विश्नोई, राजू शर्मा, शिवाय कश्यप आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उधर स्वार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कहा कि यह दिन भारतीय समाज में गरीबों और वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। भाजपा के जिला मंत्री महेंद्र सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान भारतीय विचारक, संगठन कर्ता और राजनीतिक नेता थे। उन्होंने यह मान्यता दी कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होगा, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। इस दौरान डॉ. कृष्णलाल चंद्रा, मुकुट लाल, राकेश कश्यप, उदयवीर सिंह, शैलेन्द्र चंद्रा, हरीश मौर्य, संजीव लौधी, भारत सिंह, सुखलाल सिंह मौजूद रहे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपर्रा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य भानुप्रताप गंगवार, आचार्य रणधीर सिंह, राधा शर्मा और निरोत्तम आदि मौजूद रहे।


रामपुर में पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई।


स्वार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा के कार्यकर्ता।

### जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया याद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बुधवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय उच्च विचार एवं दृढ़ निश्चय वाले व्यक्ति थे। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, नगर अध्यक्ष चेतन परूथी, मधुबाला गुगलानी, सौरभ सक्सेना, रोहिताश मौर्य, रवि राठौर, सौरव यदुवंशी आदि मौजूद रहे।

# श्री श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** आदर्श रामलीला मैदान पर श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजा। इसमें भक्त रात भर भजनों पर झूमते रहे। भजन गायकों ने श्री खाटू श्याम बाबा का गुणगान किया। सांवरे बिन तुम्हारे जी न लगे। चुपचाप बैठे सरकार, थोड़ा वक्त निकालो मेरे वास्ते जैसे भजनों की प्रस्तुति देककर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

श्रीलखदातार सेवा समिति की ओर से आदर्श रामलीला मैदान में द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव मंगलवार देर रात पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुआ। विधि-विधान से पूजा अर्चना कराकर बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। श्री श्याम बाबा समेत अन्य देवी-देवताओं को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके बाद बाबा का गुणगान शुरू हुआ। दरबार में सबसे पहले दातागंज से शिवम लाड़ला ने हाजिरी लगाई। शिव स्तुति और वीर बजरंगी समेत देवी-देवताओं को नमन करते हुए उन्होंने बाबा का गुणगान किया। नंदकिशोर शर्मा ऊर्फ नंदू भइया ने बाबा के दरबार में हाजरी लगाई तो श्री खाटू श्याम बाबा के जयकारे गूंजने लगे। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी बाबा के दरबार में माथा टेका। समिति की ओर से शहर विधायक को बाबा का प्रसाद और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस दौरान अनुराग अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सचिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सौरभ अरोड़ा, राधे श्याम, सुमित मित्तल, श्याम अग्रवाल, यश दयाल, नवीन सक्सेना, पंडित नवनीत शर्मा, लवी रस्तोगी, संजीव कश्यप, अश्वनी त्यागी, सौरभ अरोरा, सुधीर अग्रवाल, अभय अग्रवाल, राहुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।


श्री खाटू श्याम के दरबार में भजन सुनाते गायक।


बिजारखाता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते भाजपाई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे अंत्योदय के प्रणेता : हरिओम

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर में शिव मंदिर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करके मनाई गई।

नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक भी लाभ पहुंचाने की सोच रखने वाले अंतोदय के प्रणेता कुशल वक्ता राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण थे। बूथों पर मिस्ड कॉल द्वारा भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। इस मौके पर संजीव कुमार वर्मा, ग्राम मंसूरपुर प्रधान विकास मोर्य, सुभाष मौर्य, शेर सिंह राजकुमार रोहिताश मौर्य, कमल सिंह राजकुमार मौर्य, ज्योतिष कुमार मौर्य आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। बिजारखाता में भी भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## सार संक्षेप


टीकाकरण के बाद कार्ड दिखाते विद्यार्थी।

### स्कूल में 87 बच्चों का हुआ टीकाकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का टीकाकरण किया। 87 बच्चों ने टीकाकरण कराया। टीम में एएनएम ममता, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला, सुरेखा स्कूल के इंचार्ज प्रसन्न प्रकाश, सहायक अध्यापक दीप सैनी, शिक्षामित्र गीता, हरिओम आदि शामिल रहे।

### संचारी रोग के संक्रमण की जानकारी ही बचाव

**रामपुर, अमृत विचार :** डॉ. खावर खान ने अध्यापकों को संचारी रोग से होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के संबंध में जानकारी दी। ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर पर प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी अध्यापकों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षाधिकारी चमरौआ राजेंद्र सिंह बोरा ने सभी शिक्षकों को निपुण लक्ष्य प्राप्ति की समयसीमा बताई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हम निपुण लक्ष्य प्राप्ति में सुपर-100 ब्लॉक की श्रेणी में हैं। हमें और अधिक प्रयास करके अपने ब्लॉक को सुपर 50 में लाना है। बैठक में एआरपी ओमपाल, ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

### सर्व संस्कृति स्कूल में हुई समूह गान प्रतियोगिता

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद् द्वारा सर्व संस्कृति स्कूल में समूह गान प्रतियोगिता कराई गई। इसमें क्षेत्र के आरएएन पब्लिक स्कूल, सर्व संस्कृति स्कूल, ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के छात्र शामिल रहे। आरएएन स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षिका पूनम जैन और प्रिया अग्रवाल ने विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिव सपन अग्रवाल, अमित आदि रहे।


स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

### बीमारी से बचाव के लिए स्वच्छता जरूरी : डॉ. प्रीती

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रीती लता ने स्वच्छता का महत्त्व बताया। कहा कि यदि हम आसपास के वतावरण को साफ नहीं रखेंगे तो बीमारी फैलने का खतरा बढ़ेगा। बीमारी से बचाव के लिए स्वच्छता जरूरी है। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद कासिम ने कहा कि हमें और समाज को स्वस्थ रखना है तो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना होगा। बारिश के दिनों में यदि घर के आसपास पानी भर जाता है तो उन गड्ढों में मिट्टी डालना चाहिए। पानी में मच्छर पनप जाते हैं। छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. मनोरमा चौहान, डॉ. प्रतिभा यादव आदि रहे।

### ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बने शिवम

**रामपुर, अमृत विचार :** शिवम भारद्वाज को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की सहमत पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक पांडे व प्रदेश प्रभारी प्रदीप शर्मा की संस्तुति पर पश्चिम प्रदेश प्रभारी श्रवण शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र शर्मा ने घोषित किया।


शिवम भारद्वाज।

### केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव बने नूर मोहम्मद

**रामपुर,अमृत विचार :** रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें अध्यक्ष ने नूर मोहम्मद खान को सचिव बनाया। कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट सुमित गोयल और पैटर्न आसिम खान को बनाया गया। चेयरमैन तारिक खान और वाइस प्रेसिडेंट राजेंद्र गुप्ता बने। ज्वाइंट सेक्रेट्री फरीद अहमद खान, ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेट्री सौरभ गोयल, ऑडिटर गगनप्रीत सिंह बने। पीआरओ प्रिंस सक्सेना बने। ट्रेड फेयर कमेटी का गठन किया गया। जिसके चेयरमैन रवि अग्रवाल बने। नीतीश अग्रवाल, नरेंद्र भाटिया, पारस जिंदल, अशोक अग्रवाल सदस्य मनोनीत किए गए। उधर, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश की ओरछा में वर्ष 24-27 के चुनाव में रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष राजीव गुप्ता को रीजन 3 का जोन सेक्रेट्री निर्विरोध चुने गए। इनका कार्यकाल 3 साल का होगा। रीजन 1 में यूपी के 22 जनपद शामिल हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी इब्राहिम मंसूरी व सहायक चुनाव अधिकारी राकेश सिंह व मनोज खन्ना ने प्रमाण पत्र दिया। जोन सेक्रेट्री राजीव गुप्ता को इस अवसर पर नूर मोहम्मद, अमित शर्मा, राकेश वर्मा, रवि अग्रवाल, प्रसन्नता व्यक्त की। निर्विरोध निर्वाचन में सम्पूर्ण सहयोग के लिए सभी पदाधिकारी व सदस्यों चुनाव संचालन समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी मोहम्मद इब्राहिम मंसूरी, सहायक चुनाव अधिकारी राकेश सिंह तथा मनोज खन्ना को निष्पक्ष, निर्विघ्न व पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए बधाई दी।


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

### जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन को किया रवाना

**रामपुर, अमृत विचार :** तंबाकू के कुप्रभाव से युवाओं को बचाने, जनजागरूकता फैलाने और जनपद को तंबाकू मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने तम्बाकू मुक्त युवा महाभियान का बुधवार को आरंभ किया। जिलाधिकारी ने तंबाकू मुक्त रामपुर एवं तंबाकू मुक्त युवा महाभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि यह महाअभियान 2 माह तक जनपद में चलाया जाएगा। इस प्रचार वाहन के माध्यम से जन जन को विशेष रूप से युवाओं को तम्बाकू से होने वाली जानलेवा बीमारियों, धूम्रपान छोड़ने के फायदे और तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार एवं तंबाकू नियंत्रण जनपद के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां उपस्थित रहे।

# फार्मासिस्टों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से जिले के वरिष्ठ और डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के वरिष्ठ फार्मासिस्ट साथियों का सम्मान किया गया।

जिला कार्यालय मुरली फार्मास्यूटिकल्स पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने फार्मासिस्ट साथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलामंत्री दीपक त्यागी, नवेद इकबाल, आरिफ मसूद, इकबाल सम्मानित किया गया। संगठन के वरिष्ठ और युवा फार्मेसिस्ट साथियों के साथ प्रतीक पंडित, डॉ. राहत अली, मोहम्मद नाजिम, विशाल पाल, शेर अली, मोहित कुमार, जैद खान आदि को भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने पदाधिकारियों के साथ जिला औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार को भी उनके कार्यालय में जाकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष खुर्शीद इकराम, मोहम्मद आजम खान, फहीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

### चीफ फार्मासिस्ट को किया सम्मानित

**स्वार,अमृत विचार :** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सीएचसी के चीफ फार्मासिस्ट समेत अन्य स्टाफ के कर्मचारियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। बुधवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के अध्यक्ष बाकर अली के नेतृत्व में एकत्र होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। जहां फार्मासिस्टों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सीएचसीके चीफ फार्मासिस्ट मनोहर नौटियाल समेत जमशेद, संजय, मोहम्मद उस्मान को सम्मानित किया। इस दौरान जैनुल बशर बबलू, मोहम्मद आकिल, अनिल कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों को दिया गणित पढ़ाने का प्रशिक्षण

**रामपुर, अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलासपुर पर चार दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। इसमें तीसरे दिन बिलासपुर के खंड शिक्षा अधिकारी मजहरुल इस्लाम ने शिक्षकों को गणित पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया। ब्लॉक बिलासपुर को सबसे पहले जिले में निपुण बनाया जा सकता है।

एफएलएन नवीन पाठ्य पुस्तक शिक्षक संदर्शिका आधारित माड्यूल 2024-25 तृतीय चरण के बेच पांच और 6 को ब्लॉक के मुखिया खंड शिक्षक रहे। कक्षा एक और दो की नवीन पाठ्य पुस्तक सारंगी, अंग्रेजी की मृदंग और गणित आनंदमय की सापेक्ष में जानकारी दी। भाषा में कक्षा एक थीम आधारित पांच गतिविधियों से रूबरू कराया। साथ ही आनंदमय कविता और ऋतुओं का अभिनय किया। इस प्रशिक्षण में एआरपी अजहर अहमद, सोनी भर्ती, रामचंद्र राठौर, अमर सिंह आदि रहे।

# जीवन में मोक्ष प्रदान करती है कथा : प्रहलाद

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि भगवान की कथा कल्पतरु और कामधेनु की भांति जीवन में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष प्रदान करती है। श्रद्धा और विश्वास से कथा श्रवण करने से साधक के मन में भगवान के प्रति प्रेम जागृत हो जाता है।

वह मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में बुधवार को श्रीराम कथा सुना रहे थे। कहा कि मन और श्रवण लगाकर कथा श्रवण करने मात्र से उपासना का अंग बन जाता है। यह संसार दुखालय है। संसार का प्रत्येक प्राणी अवसाद और विषाद से प्रभावित है। एक मात्र भागवत कथा श्रवण ही हमें अवसाद से प्रसाद की ओर गति प्रदान कर सकती है। जीवन एक संगम है, यदि विजेता होना चाहते हैं। हमें अपने जीवन की बागडोर अर्जुन की तरह श्री कृष्ण के हाथों में सौंप कर निश्चिंत हो जाना चाहिए। संयम समर्पण और सत्संग हमारे आध्यात्मिक पाठ को निखारते हैं। इसलिए हमें सदैव इससे जुड़ा रहना चाहिए।

कहा कि मानव जीवन साधना का केंद्र है और बड़े भाग्य से हमें प्राप्त होता है। सत्कर्म के द्वारा इसका सदुपयोग करना चाहिए। अंत में आरती व प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक, अशोक कुमार अग्रवाल, अरुण गर्ग, श्यामाधार अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, मुदित गोयल, हरदेव रस्तोगी, डा.दिनेश चंद्र, राजीव गोयल, जगदीश चौहान, डा.रामपाल सिंह, विवेक अग्रवाल, नीरज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कमेटी के महामंत्री योगेश कुमार अग्रवाल ने सभी का आभार प्रकट किया।


पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी का स्वागत करते भक्त।

**सम्मेलन** — पल्लव काव्य मंच की ओर से हुआ छात्र अभिनंदन और कवि सम्मेलन

# भारत के इतिहास की पहचान है हिंदी...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हिंदी पखवाड़े के तहत पल्लव काव्य मंच की ओर से श्री हरि सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल प्रबंधन समिति के संरक्षक अनिल अग्रवाल के संयोजन में छात्र अभिनंदन और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले चरण में विद्यालय के 29 छात्र-छात्राओं ने हिंदी पर कविताओं और वक्तव्यों के माध्यम से प्रस्तुतियां दीं।

मंच पर अतिथियों ने बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पल्लव काव्य मंच, स्कूल प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न प्रदान किए। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्थानीय कवियों ने हिंदी, अन्य समसामयिक विषयों पर अपने काव्य पाठ से समां बांधा। काव्य पाठ करते हुए महाराज किशोर सक्सेना ने कहा कि मैंने कहा, मैं कब हारा, जीवन के हारे हार है। राजवीर सिंह राज ने कहा, मां तू शारदे करता हूं मैं नमन, अपनी भक्ति शक्ति का वरदान दो। गजलकार ओंकार सिंह विवेक ने हिंदी की महत्ता पर अपनी काव्य प्रस्तुति दी, हमारे देश के इतिहास की पहचान है हिंदी, नहीं है झूठ, कुछ इसमें हमारी शान है हिंदीं, पूनम दीक्षित ने कहा कि सबसे मधुर, सबसे सरस, हमारी प्यारी हिंदी है। कवि पतराम सिंह ने कहा, हूं अज्ञानी दो ज्ञान मुझे, सब तुम्हें समर्पित करता हूं। डॉ. प्रीति अग्रवाल ने कहा कि जीवन की हर मुश्किल सहकर आगे बढ़ते जाना, जो भी रोके उससे लड़कर आगे बढ़ते जाना। अनमोल रागिनी चुनमुन ने कहा कि आज झरोखों से यादों के बचपन दौड़ा आया, पापा ने चांटा मारा, मम्मी ने दुलराया। सुरेंद्र अश्क रामपुरी ने कहा, उल्फतों का नगर नहीं होता, अब कोई चारागर नहीं होता। शिव कुमार चंदन ने कहा कि कुत्ते पलते हर गली, कचरा खाती गाय, घी मक्खन दुर्लभ हुए मिले हर जगह चाय। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यपाल पुरस्कार विजेता शिक्षक मुनीश चन्द्र शर्मा ने हिंदी की दशा और दिशा पर प्रकाश डाला। संयोजक अनिल कुमार अग्रवाल ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके व्यक्तित्व प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पल्लव काव्य मंच के अध्यक्ष शिव कुमार चंदन ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान उमेश कुमार, विवेक अग्रवाल, केशव गुप्ता, जगन्नाथ चावला, वीर सिंह यादव, अर्जुन यादव, राजेश सक्सैना आदि मौजदू रहे।


सम्मानित होने के बाद मौजूद छात्र-छात्राएं और कवि।


जलसा-ए-सीरतुन्नबी को खिताब करते मौलाना।

# ईमान पर कायम रहें मुसलमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौलवी मोहम्मद साजिद ने कहा कि मुसलमान ईमान पर कायम रहें। मुस्लिम लड़कियां गैर मुस्लिमों के साथ शादियां कर रही हैं, इसके कुसूरवार मां-बाप और भाई भी हैं। हुजूर के दौर का हवाला देते हुए कहा कि डरो नहीं, हर जुल्म का मुकाबला करो।

मस्जिद घेर आजम खां में जलसा-ए-सीरतुन्नबी को खिताब करते हुए उलमा ने कहा कि मरने के बाद ईमान ही साथ जाएगा। मौलवी मुफ्ती अब्दुल रहमान ने कहा कि इबादत करो, नमाज पढ़ो। नबी दुनिया में किसी का दुख नहीं देख सकते थे। उम्मत की हमदर्दी के लिए अल्लाह के पास पांच बार गए। 45 नमाजें कम कराईं। पांच नमाजें फर्ज कीं। कयामत के दिन नफसा नफसी होगी, उस वक्त भी हुजूर उम्मत के लिए लंबा सजदा करेंगे और मगफरत कराएंगे। जलसे में इमाम मस्जिद कारी शकील अहमद, मौलवी उबैद उल्ला फैजी, मुफ्ती फहीम, मौलवी अनस, जावेद अली खां, मुसर्रत खां, बब्लू, फहीम हसन, मीर आलम, मोहम्मद फैज शावेज खां जुनैद आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र बब्बू गलत संगत में पड़ गया है मैं अपने पुत्र बब्बू को स्वेच्छा से चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। उसके द्वारा किये गये लेन-देन एवं कुकृत्यों का वह स्वयं उत्तरदायी होगा। **ग्यासुद्दीन पुत्र अली वक्श निवासी- ग्राम सलेमपुर, थाना व तह. कांठ जिला मुरादाबाद (उ.प्र.)**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम AZRUDDEEN से बदलकर AZRUDDEEN ALI कर लिया है भविष्य में मुझे AZRUDDEEN ALI पुत्र ASHRAF ALI ग्राम रजा नगर तहसील व थाना स्वार जनपद रामपुर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मेरी यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0682007, इंटरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225524397 के अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। **ईशा पुत्री मौ. तालिब निवासी- जनवा सराय, लोहियान धामपुर, (जिला- बिजनौर) उत्तर प्रदेश, पिन कोड नं. 246761**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मंजरी (MANJARI) पुत्री उत्तम देव गुप्ता, पत्नी शरद गुप्ता से बदलकर मंजरी गुप्ता (MANJARI GUPTA) पुत्री उत्तम देव गुप्ता, पत्नी शरद गुप्ता निवासी म.सं.-1, पीपल टोला, रामपुर, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा:।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव:॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की भी आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

# विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक



प्रो. एच. सी. पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।




विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है, परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है, जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया, जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है, जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है, जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है, यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है, जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है, जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा, बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

## प्रसंगवश

# क्या है क्रांति का मतलब

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था- सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति, जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना, जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना, दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मायालोक



आर्य सागर खारी
नोएडा

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल, जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र, चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है, लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है



यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है, जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है, उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

## सोशल फोरम

# संस्कृत का विरोध क्यों

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति, परोपकार, करुणा और धर्म को उद्‌घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।



डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुख्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है, इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।

अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है, क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं, बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

# योगदर्शन में चैतन्य तत्व



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है, जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि, महत्त, अहंकार, मन, पांच संवेदी क्षमताएं, जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता, महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है, उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत, यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है, जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

# प्रदूषित प्रसाद और राजनीति

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी, मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है, अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं, किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।

## एक नजर

### छापेमारी की सूचना से अवैध अस्पतालों पर लटके रहे ताले

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापेमारी किए जाने की सूचना मिलने पर बुधवार को असमोली क्षेत्र में गांव मनोटा, ऐंचौड़ा कम्बोह, शहबाजपुर कला, ओबरी, खासपुर, मढ़न, गुमसानी आदि में अवैध क्लीनिक, अस्पताल, लैब और मेडिकल स्टोरों पर दिनभर ताले लटके रहे। इनके संचालक एक दूसरे से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बारे में जानकारी करते रहे। जानकारी करने पर किसी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को मनोटा में तो किसी ने खासपुर तो किसी ने अन्य गांवों में देखें जाने की अफवाह फैलाई।

### बाइकों की भिड़ंत में चाचा भतीजा घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा मानी निवासी मित्रपाल बुधवार को अपने चाचा तिलक सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर बदायूं मेरठ मार्ग पर जा रहा था। थाना क्षेत्र में गांव बैरपुर चौराहे के पास हाईवे के कट पर मित्रपाल की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ गई। जिससे मित्रपाल व तिलक सिंह गंभीर घायल हो गए। वहीं इस हादसे में दूसरी बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति बच गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर मित्रपाल व तिलक सिंह को मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।

# शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण, हंगामा

## गांव में अतिक्रमण के कारण तंग रास्ते से नहीं निकली शव यात्रा

**संवाददाता, बहजोई (संभल)**

**अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में अतिक्रमण से रास्ता तंग हो जाने की वजह से शवयात्रा नहीं निकल पाई तो रास्ते पर कब्जे के विरोध में ग्रामीण सांड़ के हमले में ग्रामीण का शव लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। कलेक्ट्रेट परिसर में शव ले जाने पर अड़ी महिलाओं से पुलिस की जमकर नोकझोंक हुई। एएसपी व डिप्टी कलेक्टर ने रास्ता खाली कराने का आश्वासन दिया तब इस पर ग्रामीणों ने गांव में ले जाकर शव का अंतिम संस्कार किया।

मंगलवार को गांव बमनेटा निवासी ग्रामीण राजेंद्र की सांड़ के हमले में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद गांव की दर्जनों महिलाएं व पुरुष राजेंद्र के शव को लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने गांव के रास्ते पर अवैध कब्जे को लेकर हंगामा शुरु कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में कुछ दबंगों ने रास्ते की भूमि पर अपने मकान बना लिए हैं। तमाम कोशिशें के बावजूद कब्जा नहीं हटा है। उन्हें अंतिम संस्कार के लिए दीवार के ऊपर चढ़कर शव ले जाना पड़ता है। हंगामा इतना बढ़ा कि महिलाएं शव कलेक्ट्रेट के अंदर ले जाने की जिद करने लगीं। सूचना पाकर डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया व एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हंगामा कर रही महिलाओं को समझाया लेकिन वह नहीं मानी। पुलिस से महिलाओं की नोकझोंक हुई। एएसपी ने ग्रामीणों को अवैध कब्जा हटाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर 1 घंटे बाद महिलाएं शांत हुईं। उन्होंने शव ले जाकर गांव में अंतिम संस्कार किया।


बहजोई में कलेक्ट्रेट परिसर में शव लेकर जा रहे ग्रामीणों को रोकती पुलिस।


बमनेटा गांव में इस तरह दीवार से दूसरी तरफ उतारनी पड़ती है अर्थी।

### गांव में अवैध कब्जे का है पूरा मामला

**बहजोई, अमृत विचार :** गांव में दो पक्ष हैं। एक पक्ष गांव के आगे रास्ते पर मकान बनाकर रहता है तो दूसरा पक्ष उन मकानों के पीछे रहता है। पीछे रहने वाले पक्ष का कहना है कि उनके आगे कुछ ग्रामीणों ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मकान बना लिए हैं। वहीं रेलवे ने अपनी जमीन पर दीवार बना ली है। जिससे गांव से निकलने का कोई रास्ता नहीं है। वहीं दूसरा पक्ष अपने मकानों को सही बताता है। 4 वर्षों से विवाद चल रहा है।

### डिप्टी कलेक्टर ने अवैध कब्जे का किया निरीक्षण

**बहजोई, अमृत विचार :** ग्रामीणों की मांग के अनुसार डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया पुलिस बल के साथ गांव में पहुंच गए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ अवैध कब्जे को लेकर सभी कागजात दिखाए और अपनी समस्या को बताया। जिसको लेकर डिप्टी कलेक्टर ने ग्रामीणों को समझाया कि वह डीएम को पूरी स्थिति से अवगत कराएंगे और जल्द ही जहां अवैध कब्जा है कागजात के अनुसार उसे हटाया जाएगा और ग्रामीणों को रास्ता दिलाया जाएगा।

### कुत्तों के डर से गांव वालों ने बच्चों को घरों में किया कैद

**संभल, अमृत विचार:** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में कुत्तों के झुंड के हमले में सात साल के बच्चे की मौत के बाद ग्रामीणों ने गलियों में उछल कूद मचाने वाले अपने छोटे बच्चों को कुत्तों के डर से घरों में कैद कर लिया है। बड़े भी हाथ में लाठी डंडे लेकर घरों से खेतों की ओर जा रहे हैं।

थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सिरपुड़ा निवासी मजदूर असरफ के 6 वर्षीय इकलौते बेटे मोहम्मद शान की मंगलवार को उस समय कुत्तों के झुंड ने हमला कर उस समय जान ले ली थी जबकि मासूम शान खेत पर जा रहा था। बुधवार को गांव में चारों ओर ग्रामीण अपने बालकों की कुत्तों के झुंड से सुरक्षा करने की चर्चा कर रहे हैं। असरफ के घर गांव के ही लोगों व रिश्तेदारों का तांता लगा रहा। मासूम शान की मौत होने के बाद ग्रामीण कुत्तों से खौफजदा हैं। जो बालक पहले मुहल्ला में घूम-घूम कर उछल कूद मचाते फिरते थे। परिजनों ने उन बालकों पर घर से बाहर अकेले निकलने पर पाबंदी लगा दी है। वहीं बड़े भी हाथों में लाठी डंडे लेकर घर से निकलकर काम करने खेतों पर जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह अधिकारियों से जानलेवा हो रहे कुत्तों को पकड़वाने की मांग करेंगे।

## सार संक्षेप


वृद्ध को वाकर देते हुए सीएमओ व एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### वृद्धों का सम्मान कर मनाया फार्मासिस्ट दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वृद्धों का सम्मान कर फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। बुधवार को एसोसिएशन के पदाधिकारी कैथल गेट स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचे। यहां कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके किया। इसके उपरांत वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों को उपहार देकर सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पंकज विश्नोई, चिकित्साधिकारी डॉ. विरास यादव, डॉ. हरवेंदर सिंह, संजीव राठौर, मधुर आर्य, जयकिशोर, हेमेश नाथ, केके तलवार, सतीश तिवारी, महेश चंद्र, हेमा पाठक, कुलश्रेष्ठ शर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में फार्मासिस्ट की भूमिका अहम

**बहजोई, अमृत विचार :** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर क्विज में विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं मानव जीवन में स्वास्थ्य को लेकर फार्मासिस्ट की अहम भूमिका बताई गई। बीएमबीएल जैन कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक संभव जैन ने विद्यार्थियों से कहा कि इस दिन को मनाने का मकसद हेल्थ केयर की फील्ड में फार्मासिस्ट्स के अहम योगदान की सराहना और इसे उजागर करना है। प्रधानाचार्य मो .शाकिर ने कहा कि हर साल इस दिन को किसी खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर एक क्विज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अखिलेश कुमार, विनोद कुमार, सौरभ सक्सेना, डॉ मनोज, आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रवक्ता कुश नंदन ने किया।

### धूमधाम से मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राधा गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कॉलेज के चेयरमैन पवन कुमार शर्मा व प्रबंध निदेशक डॉ. मनोज राघव ने फीता काटकर कार्यक्रम का आरंभ किया। फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने फार्मेसी से संबंधित रंगोली, पोस्टर व मॉडल तैयार किए। रंगोली प्रतियोगिता में नितिन, गौरी, स्वाति, सौरभ, पीयूष विजेता रहे। मॉडल प्रतियोगिता में रविंद्र, शिवम कुमार अरकान, अमित कुमार, दीपक सैनी आदित्य विजेता रहे। जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मधु यादव, प्रीति, राहुल, अजय, अनिल, इकरा, हबीबी, मुस्कान, अनिल शर्मा, विशाल, रत्नेश पाठक, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य की जांच कराकर सफाई मित्रों को किया सम्मानित

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय सिरसी के सभागार में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया गया। जिसमें सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई। प्रबंधक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, प्रबंधक जिला सहकारी बैंक ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चेयरमैन प्रतिनिधि समर अब्बास और ईओ डॉ .मणिभूषण तिवारी ने सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ईओ ने मेरा कचरा, मेरी जिम्मेदारी के तहत लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान आदित्यवीर रस्तोगी, अजीम कुरैशी, खुर्शीद, कयामुद्दीन, भूकन सिंह, मीसम अब्बास, मोहम्मद साहिर, आशिक अब्बास, इनामुल हक, हाशिम अली, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय चंद्रप्रकाश गौतम, लिपिक रईस अहमद और नगर पंचायत स्टाफ मौजूद रहा।


बहजोई में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

### अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ इलाहाबाद व संयुक्त जिला अधिवक्ता संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर धरना प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। अध्यक्ष हितेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा अधिवक्ताओं के हड़ताल पर पाबंदी वाले आदेश का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि यह आदेश अधिवक्ताओं के विरोध में है। अगर वह अपनी मांगों को लेकर हड़ताल नहीं करेंगे तो उन्हें न्याय कहां से मिलेगा। वहीं किसी भी अधिवक्ता की मृत्यु पर शोक सभा करने पर भी हाईकोर्ट ने रोक लगाई है। इसके विरोध में कलेक्ट्रेट पर अधिवक्ताओं पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अखिलेश कुमार, अर्जुन सिंह , देवेश कुमार, अमर सिंह, सचिन गोयल, अलका गोस्वामी, नीरज यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।


असमोली में गन्ना समिति कार्यालय पर ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता।

### किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**मनोटा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के मंडल प्रमुख महासचिव निकसम कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किसानों के शोषण के विरोध में जिला गन्ना अधिकारी को संबोधित ज्ञापन गन्ना समिति असमोली के लिपिक अंजुल बाबू को सौंपा। कहा कि किसान समिति से उर्वरक लेने जाता है तो उसके साथ नैनो यूरिया और नैनो डीएपी दिया जाता है। ऐसा किसान के साथ न किया जाए। किसान अगर समिति में गन्ने की पर्ची बढ़वाने या नया सट्टा खुलवाने के लिए जाता है तो उसे बार-बार बुलाया न जाए। कहा कि किसानों को परेशान किया गया तो संगठन आंदोलन होने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान प्रिंस चौधरी, जयवीर सिंह, निर्दोष कुमार, शमशाद, प्रेम सिंह, विजयपाल सिंह, अरुण कलेर आदि रहे।

### संभल की छात्रा ने शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता


आराध्या सिंह।

**संभल, अमृत विचार :** बिजनौर जिले में आयोजित मंगलवार को मंडल स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में असमोली विकासखंड क्षेत्र निवासी कक्षा दस की छात्रा ने सिल्वर मेडल जीतकर आगामी राज्यस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की की है। विकासखंड क्षेत्र के गांव पाली निवासी मोहित की पुत्री आराध्या सिंह संभल तहसील क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर नियावली में स्थित बंसती देवी इंटर कॉलेज में कक्षा दस की छात्रा है। आराध्या सिंह ने बिजनौर जिले के गांव केलनपुर में स्थित लोकप्रिय इंटर कॉलेज में मंगलवार को आयोजित मंडल स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। यहां आराध्या सिंह ने अंडर 17 बालिका वर्ग में अपना प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता और राज्य स्तर पर होने वाली आगामी शूटिंग प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की की। सिल्वर मेडल जीतने की खुशी में परिजनों ने आराध्या सिंह को आशीर्वाद व बधाई दी।

# रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पर बंधक बनाने का आरोप

**संवाददाता, संभल**

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पर टेंट मालिक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। टेंट मालिक का कहना है कि वह काम के तीन लाख रुपये मांगने नोएडा गया तो पूर्व अधिकारी ने उसे व उसके बेटे को बंधक बना लिया। दावा है कि पुलिस ने उन्हें छुड़वाया। टेंट मालिक ने कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है।

थाना क्षेत्र के गांव मढ़न निवासी युसूफ का कहना है कि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी ने दो वर्ष पहले तीन अलग अलग कार्यक्रमों में तीन बार टेंट लगवाया था। टेंट लगवाने के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी पर युसूफ के तीन लाख रुपये निकल रहे थे। आरोप है कि युसूफ पिता कल्लू व चाचा छोटे के साथ तीन लाख रुपये मांगने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के घर गया था। रुपये मांगने पर गाली गलौज व धमकी देते हुए रिटायर्ड आईएएस अधिकारी ने तीनों को बंधक बना लिया।

### मारपीट का आरोपी दुकानदार गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में किराया मांगने पर मुहल्ला कोटपूर्वी में स्थित मार्केट स्वामी के साथ मारपीट करने व धारदार हथियार से हमलाकर घायल करने के आरोपी दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मियां सराय निवासी दुकानदार अब्दुल गफ्फार व सत्तार ने दुकानों का किराया मांगने पर 11 अगस्त को परछाई मार्केट स्वामी मोहम्मद अशरफ निवासी नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिलाली सराय के कपड़े के शोरुम में घुसकर मारपीट की थी। बुधवार को पुलिस ने अब्दुल गफ्फार को गिरफ्तार कर लिया।

### मेले में युवकों के दो गुटों में मारपीट, एक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचारः** गणेश चतुर्थी मेले में मंगलवार की रात युवकों के दो गुटों में मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक के सिर में धारदार हथियार के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मंगलवार की रात काफी संख्या में लोग मेले में पहुंचे। दुकानों पर सामान खरीदने वालों की भीड़ थी। रात एक बजे मेले में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा के सामने युवकों के दो गुटों में कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। जिससे मेले में महिला व बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में एक युवक के सिर में धारदार हथियार लगने से खून निकलने लगा। शोर शराबा होने व मेले कमेटी के लोगों के पहुंचने पर एक गुट के युवक भागने लगे। तभी एक आरोपी को पकड़ कर मेला कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जबकि घायल का उपचार सीएचसी में कराया गया है।

# अधिक किराया वसूलने पर एंबुलेंस का पंजीयन, चालक का डीएल होगा निरस्त

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- एआरटीओ प्रशासन ने बैठक कर दी एंबुलेंस के निर्धारित किराये की जानकारी

**अमृत विचार :** आमजन को उचित दर पर सुलभ एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने एवं किराये की दरों में एकरूपता लाने के लिए एआरटीओ कार्यालय में हुई बैठक में शासन द्वारा निर्धारित किराये की दरों की जानकारी दी गई। एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि अगर किसी एंबुलेंस संचालक द्वारा निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूला गया तो संज्ञान में आने पर कार्रवाई की जाएगी ।

एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि टाइप ए रोड एंबुलेंस/मेडिकल फर्स्ट रेस्पॉडर द्वारा प्रथम 10 किलोमीटर के लिए 500 रुपये, 10 किलोमीटर के बाद प्रति किलोमीटर 10 रुपये किराया निर्धारित है। टाइप बी रोड एंबुलेंस/पेसेंट ट्रांसपोर्ट एंबुलेंस (8 लाख तक यथा मारुति, ओमनी, टाटा मैजिक, मारुति इको) के लिए प्रति 10 किलोमीटर के लिए 1000 रुपये और 10 किलोमीटर के बाद 20 रुपये प्रति किलोमीटर, टाइप सी रोड एंबुलेंस/बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस (8 लाख से अधिक 10 लाख तक यथा महिंद्रा बोलेरो) के लिए प्रथम 10 किलोमीटर के लिए 1500 रुपये एवं 10 किलोमीटर के बाद 25 रुपये प्रति किलोमीटर, टाइप डी रोड एंबुलेंस/एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस (10 लाख से अधिक यथा टाटा विंगर फोर्स ट्रैवलर टाटा 407) के लिए प्रथम 10 किलोमीटर के लिए 2000 रुपये एवं 10 किलोमीटर के बाद 30 रुपये प्रति किलोमीटर किराया निर्धारित है। एंबुलेंस चालक एवं परिचालकों को निर्देश दिए कि एंबुलेंस संचालक द्वारा निर्धारित किराये से अधिक वसूलने एवं बिना प्रपत्र के वाहन संचालित पाए जाने पर मोटर अधिनियम 1988 के तहत एंबुलेंस का पंजीयन, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई होगी। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता, ऑल यूपी एबुलेंस आपरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव लोकेंद्र सिंह तोमर, जिला महामंत्री राजकुमार सिंह, महामंत्री मोहम्मद इस्लाम, आशिक अली, परवल गुप्ता, गगन, गुड्डू, आतिफ, विवेक, हरीश, अशोक आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ एवं हरित संभल बनाने का आह्वान

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत चल रही गतिविधियों में बुधवार को नगर पालिका परिषद की ओर से जनजागरण के लिए बाइक रैली निकाली गई। लोगों से स्वच्छ एवं हरित संभल बनाने का आह्वान किया।

नगर पालिका प्रांगण से अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी ने झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। बाइक रैली शंकर कॉलेज चौराहा, चंदौसी चौराहे होते हुए विभिन्न स्थानों से होती हुई चौधरी सराय वेस्ट टू वंडर पार्क पर रुकी। वहां ग्रीन संभल कॉरिडोर के सदस्यों ने रैली में सहभागी सदस्यों और लोगों को स्वच्छता ही सेवा मिशन के उद्देश्य के बारे में बताया। लोगों से संभल को हरित एवं स्वच्छ बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। रैली के दौरान स्वच्छता ही सेवा है, जय हिन्द, जय स्वच्छता के नारे लगते रहे। वहां से रैली वापस होकर नगर पालिका प्रांगण में संपन्न हुई। यहां ईओ ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान महंत बालयोगी दीनानाथ, राजकुमार शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, जसपाल सिंह, मुकेश शर्मा, कैलाश गुप्ता, आमिर सुहेल, मीर चिश्ती, गौरव शर्मा, नवीन, अनुज शर्मा, अवधेश वार्ष्णेय, हरिओम गंभीर, अजय शर्मा, डॉ. अजीज उल्लाह खान, गौरीशंकर चौधरी, राहुल शर्मा, महीपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, हरीश कुमार, नीरज यादव, योगेश, राजेश, आसिफ, संजय आदि मौजूद रहे।


संभल में निकाली गई बाइक रैली में शामिल लोग। ● अमृत विचार

- बाइक रैली निकाले जाने के बाद ईओ ने लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

### छात्रा की हत्या के मामले में मामा भी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़ित छात्रा की हत्या के मामले में दो भाईयों व मां के बाद अब पुलिस ने छात्रा के मामा को भी गिरफ्तार कर लिया है।

परिवार के लोगों के साथ रहकर साहिबाबाद के निजी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा की 18 सितंबर की रात को मां व भाई के साथ गांव जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक व उसके मामा पर मुकदमा लिखाया था लेकिन पुलिस ने गहनता से जांच की तो छात्रा के परिवार के लोग ही हत्या की वारदात में शामिल पाये गये। 22 सितंबर को पुलिस ने छात्रा की हत्या में शामिल उसकी मां व दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि घटना में शामिल छात्रा का मामा फरार था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी मामा को भिरावटी गांव के निकट गिरफ्तार कर लिया।

# कक्षा में बैठने को लेकर भिड़े दो छात्र, एक घायल

**संवाददाता, संभल**

- छात्र के पिता ने स्कूल पर लगाया जिम्मेदारी नहीं निभाने का आरोप

**अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र में क्लास रुम में अध्यापिका के सामने सीट पर बैठने को लेकर हुई मारपीट में छात्र ने हाथ में पहने कड़े से हमलाकर दूसरे छात्र को घायल कर दिया। स्कूल प्रशासन ने उपचार कराकर छात्र को घर भेज दिया। चोट लगने की वजह से गर्मी में घर पहुंचा छात्र चक्कर आने की वजह से नीचे गिर गया। छात्र के पिता ने स्कूल प्रशासन पर जिम्मेदारी नहीं निभाने का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नवादा निवासी मोहम्मद शकील का बेटा मोहम्मद उमैर सरायतरीन में स्थित एक इंटर कालेज में कक्षा छह का छात्र है। बुधवार को हर रोज की तरह मोहम्मद उमैर पढ़ने के लिए स्कूल पहुंचा। क्लास रुम में सुबह साढ़े नौ बजे क्लास में पढ़ा रही अध्यापिका के सामने ही सीट पर बैठने को लेकर मोहम्मद उमैर व दूसरे छात्र के बीच कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि छात्रों के बीच मारपीट होने लगी। आरोप है कि दूसरे छात्र ने हाथ में पहने कड़े से मोहम्मद उमैर के सिर पर हमला कर दिया। जिससे मोहम्मद उमैर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्कूल प्रशासन ने बिना परिजनों को सूचना दिए ही उपचार कराने के बाद मोहम्मद उमैर को घर भेज दिया। मोहम्मद शकील ने बताया कि चोट लगने के बाद गर्मी में घर पहुंचकर मोहम्मद उमैर को चक्कर आ गया और वह नीचे गिर गया। जानकारी होने पर मोहम्मद शकील शिकायत करने स्कूल पहुंचे। हालांकि इस मामले में परिजनों की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।


संभल मंडी समिति स्थित इफको केंद्र पर कतार में लगे किसान।

# आलू की बोआई को एनपीके खाद के लिए किसानों की लगीं कतारें

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** आलू की बोआई के लिए एनपीके खाद को लेकर किसानों में मारामारी मची है। आलम यह है कि इफको किसान सेवा केंद्र और सहकारी समितियों पर दिन निकलते ही किसानों की कतारें लग रही हैं। बुधवार को संभल मंडी समिति में स्थित इफको किसान सेवा केंद्र पर भी ऐसा ही माहौल रहा। हालांकि किसानों को खाद तोब मिलता रहा लेकिन उनकी उम्मीद पूरी नहीं हुई।

मंडी समिति में स्थित इफको किसान सेवा केंद्र पर बुधवार को सुबह से ही तमाम किसान खाद के लिए पहुंच गए। आधार कार्ड और जमीन की खतौनी देखकर किसानों को खाद का वितरण किया जाने लगा। प्रत्येक किसान को पांच कट्टे एनपीके खाद दिया गया। किसानों का कहना रहा कि अगर जमीन ज्यादा है, फिर भी पांच कट्टे खाद मिल रहा है। ऐसे में परेशानी हो रही है। अगर बाद में खाद की जरूरत होगी तो मिलने वाला नहीं है क्योंकि पहले से ही खाद की किल्लत है।

### आतंकी नेटवर्क की तलाश में पहुंची एनआईए टीम पड़ताल के बाद लौटी

**संभल, अमृत विचार :** संभल में आतंकी नेटवर्क की तलाश में पहुंची एनआईए टीम पड़ताल के बाद वापस लौट गई। टीम ने लंबी पूछताछ के बाद हिरासत में लिए गये टेलर व हकीम को भी छोड़ दिया। हालांकि दोनों को मुंबई तलब किया गया है।

एनआईए टीम मंगलवार दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्त में लेने के बाद उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई के लिए संभल पहुंची थी। टीम ने संभल में हिरासत में लिए गए आरोपियों की निशानदेही पर कई जगह छापेमारी की थी। पकड़े गये लोगों ने संभल में किराये पर कमरा लेकर रहने की बात बताई तो जिसने कमरा दिया और जिसने दिलाया उन दोनों लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली में लंबी पूछताछ की। देर रात टीम ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए शहर के टेलर व हकीम को छोड़ दिया। दोनों को मुंबई कार्यालय तलब भी किया।

# बार-बेंच में समन्वय से होगा वादों का निस्तारण

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन संभल के अधिवक्ताओं ने नवागत एसडीएम न्यायिक से परिचय कर वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की उम्मीद जताई। एसडीएम न्यायिक ने कहा कि उनकी कार्यशैली से किसी को कोई परेशानी नहीं होगी।

पुरानी तहसील पर स्थित ई लाइब्रेरी कक्ष में संभल बार एसोसिएशन संभल के अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायिक निधि पटेल का स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम न्यायिक से न्यायिक प्रक्रिया का पालन करते हुए वादों का निस्तारण गुणवत्ता तरीके से करने और अधिवक्ताओं का सम्मान करने की अपेक्षा की। एसडीएम न्यायिक ने कहा कि वह बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित कर वादों का न्यायिक प्रक्रिया के तहत निस्तारण करेंगी। उनके कार्यकाल में केवल आदेश नहीं बल्कि न्याय होगा।

बार एवं अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि रहेगा। इस दौरान चौधरी प्रकाशवीर सिंह, देवेंद्र पाल, शरद भारद्वाज, अनिल त्यागी, अफजाल अहमद, प्रमेंद्र सिंह, रवि चौधरी, वसी हसन, गुरुदत्त गुप्ता, अतुल रस्तोगी, मुस्तकीम अहमद, अनीस अहमद, मनीष आर्य, राजीव भटनागर, सचिन चौहान, अजेंद्र पाल सिंह, अली सादिक, मुनेश शर्मा, राजबहादुर सक्सेना आदि रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने तथा संचालन सचिव डॉ.अमित कुमार उठवाल ने किया।


संभल में अधिवक्ताओं को संबोधित करतीं एसडीएम न्यायिक निधि पटेल।

- नवागत एसडीएम न्यायिक और अधिवक्ताओं की हुई परिचय वार्ता
- बार एवं अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि रहेगा

## एक नजर

### मेले में साउंड सिस्टम उतारते समय करंट से झुलसा मजदूर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मेले में साउंड उतार रहा मजदूर करंट की चपेट में आने से झुलस गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। बुधवार को गणेश चतुर्थी मेले का अंतिम दिन है। जिससे मेले स्थल से कुछ स्थानों से साउंड उतारने का कार्य चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पतरौआ निवासी मजदूर अरुण कुमार पुत्र सुभाष कुमार मेले में लगे विद्युत पोल पर लोहे की सीढ़ी लगाकर साउंड सिस्टम उतार रहा था। तभी उसे करंट ने चपेट में ले लिया। साथी को करंट की चपेट देख विशाल ने सीढ़ी में लात मार दी। जिससे मजदूर अरुण नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से झुलस गया।

### फार्मासिस्ट ने नशीली दवाइयां की बिक्री पर लगाम का लिया संकल्प

**बहजोई, अमृत विचार :** यूनाइटेड फार्मासिस्ट एसोसिएशन से जुड़े फार्मासिस्ट ने नियमों का पालन करने का संकल्प लिया तो गोपनीयता की शपथ ली। जिलाध्यक्ष गणपति गिरी ने कहा कि डीएम तथा औषधि विभाग ने जो भी नियम जारी किए हैं उनका पालन करना होगा। प्रतिबंधित दवाइयां की बिक्री नहीं की जाएगी। इसको लेकर अन्य लोगों को भी जागरूक किया जाएगा।

# आधार कार्ड बनवाने को उमड़ी भीड़

## सुभाष रोड के डाकघर पर सुबह 5 बजे से जुटना शुरू हो गए थे लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** आधार कार्ड बनवाने व संशोधन कराने के लिए सुभाष रोड स्थित बड़ा डाकघर पर सैकड़ों की संख्या छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। भीड़ अधिक होने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। केवल 50 से 55 ही आधार कार्ड बन सके। इसके बाद सैकड़ों छात्र-छात्राएं मायूस होकर लौट गए। भीड़ की सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर व्यवस्था संभाली।

आधार कार्ड बनवाने व संशोधन कराने को छात्र-छात्राएं परेशान हैं। बुधवार को सुभाष रोड स्थित मुख्य डाकघर में सुबह पांच बजे से आधार कार्ड बनवाने वाले छात्र-छात्राओं की भीड़ लगनी आरंभ हो गई। सुबह दस बजे डाकघर खुलने पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ पहुंच गए। डाकघर खुलने पर भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ मुख्य डाकघर पर मौजूद थे। जिससे कार्य भी प्रभावित होने के साथ अफरा-तफरी का माहौल हो गया। भीड़ की सूचना कोतवाली से पुलिस भी पहुंच गई।

पुलिस ने पहुंच आधार कार्ड बनवाने वालों की कतारें लगवाई। इसके बाद सुबह 11 बजे आधार कार्ड बनने का कार्य आरंभ हुआ। शाम तक 50 से 50 ही आधार बन सके।



सुभाष रोड स्थित डाकघर के बाहर जुटी भीड़।



परेशान होने पर रोती छात्रा।

### दो माह से आधार को लेकर हो रहे परेशान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आधार कार्ड बनवाने व संशोधन कराने के लिए पिछले दो माह से छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी परेशान हो रहे हैं। हर रोज सुभाष रोड स्थित बड़े डाकघर व घंटाघर स्थित डाकघर में आधार कार्ड बनवाने को भीड़ लग जाती है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंचते मगर एक दिन में 50 से 55 ही आधार कार्ड बन पाते हैं। अन्य लोगों को आगे की तिथि के टोकन वितरित कर दिया जाते हैं। इससे छात्र-छात्राएं दो माह से आधार बनवाने को लेकर परेशान हैं।

### आधार नहीं बनने पर रोईं छात्राएं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आधार कार्ड नहीं बनने पर कई छात्राएं रोने लगीं। उनका कहना है कि वह बहुत उम्मीद से आई थीं। काफी भीड़ होने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। उसके बाद भी खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है।

## मंडलीय जिम्नास्टिक में बालक- बालिकाओं ने फहराया परचम

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नानक चंद्र आदर्श इंटर कॉलेज में मंडलीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता हुई, जिसका आरंभ जिला क्रीड़ा सचिव शशिकांत गुप्ता एवं प्रधानाचार्य सुषमा उपाध्याय ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय के साथ किया।

प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल के बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा व संभल की टीमों ने भाग लिया। अंडर 14 बालक वर्ग में आदित्य व वरुण, बालिका वर्ग में गुंजन, अंडर 19 बालक वर्ग में आर्यन पांचाल, बालिका वर्ग में अनु विजेता रहे। रैफरी की भूमिका धनंजय आर्य व सर्वजीत सिंह रहे। निर्णायक मंडल में वीर सिंह, मनोज कुमार व राजवीर सिंह रहे। पर्यवेक्षक के रूप में दयाशंकर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज राजपुर रहे।

इस अवसर पर प्रभु दयाल, संजीव कुमार, विवेक कुमार, उत्तम चंद्र, राजवीर सिंह, विनोद चौहान, राजेश गौड़, राजीव कुमार, श्रीराम वर्मा, मुकेश कुमार, अजहर खान आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



एबीसी के दंत शिविर में बच्चों को टिप्स देतीं चिकित्सक।

### चिकित्सक ने बच्चों के दांतों का परीक्षण किया

**अमृत विचार, चन्दौसी :** एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दंत चिकित्सक ने बच्चों के दांतों का परीक्षण करते हुए दांतों को स्वथ्य रखने के टिप्स दिए। मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित स्कूल में दंत विशेषज्ञ डॉ. तन्वी अग्रवाल ने बच्चों की दांतों का परीक्षण किया तथा दांतों की सफाई के लिए कई टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि बच्चों को ज्यादा चॉकलेट, टॉफी, जंक फूड आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। जिससे कैविटी लग जाती है, और दांतों का खराब होना शुरु हो जाता है। प्रतिदिन दो बार ब्रश करना चाहिए। जिसमें दांतों की सही सफाई हो सके। शिविर का आयोजन संचालिका संगीता भार्गव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर नेहा, काजल, दिव्या, शालू, प्रिया, निशा, सोनम, दिया, अनुषा आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### श्री अक्रूरजी कालेज में लगी बाल वैज्ञानिक प्रदर्शिनी

**अमृत विचार, चन्दौसी :** मंगलवार को श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज में 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शिनी लगाई गई। जिसमें कक्षा 9 से 12 की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें उनके द्वारा विभिन्न मॉडल बनाए गए। निर्णायक मण्डल के रूप में एसएम कॉलेज नेमचन्द, रूपेश कुमार, चन्दौसी इण्टर कॉलेज चन्दौसी से मनमोहन गुप्ता व विक्रम सिंह रहे। विज्ञान प्रदर्शिनी को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू गुप्ता, सफिया अन्जुम, नीरू देवी, नीशू गुप्ता, पूनम शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने सहयोग दिया।

### भाकियू टिकैत आज मुख्यालय पर हुंकार भरेगी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने जिला सचिव नरेश राघव ने कहा कि गुरुवार को जिला मुख्यालय बहजोई पर होने वाले आंदोलन में भाकियू के युवा राष्ट्रीय नेता चौधरी गौरव टिकैत शामिल होंगे। सभी किसान बहजोई स्थित मंडी समिति में एकत्र होकर और वहां से जुलूस के रूप में मुख्यालय पर पहुंचेंगे। आंदोलन के समय बिजली विभाग की लापरवाही का मुद्दा जोरशोर से उठाया जाएगा। शासन-प्रशासन भी किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है, जान बूझकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। आंदोलन में प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी विजेंद्र सिंह यादव शामिल रहेंगे। बैठक में प्रमोद कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, संजीव शर्मा, जितेंद्र सिंह, प्रसादी लाल, आदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### दो देवरों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने व देवरों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का कहना हे कि दो साल पहले उसकी शादी के बाद से ही ससुराल वाले बोलेरो व पांच लाख रपये नकद मांग रहे थे। महिला ने कहा कि पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाता था जबकि दो देवरों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने अदालत के आदेश पर महिला के पति मोहम्मद फैजान, देवर अरकान और शहजान के अलावा परवीन जहां, अमीर हुसैन, हलीमा और नईमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### समारोह पूर्वक मनाई गई दीन दयाल उपाध्याय की जयंती

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक, संगठन शास्त्री, शिक्षाविद, राजनीतिज्ञ, वक्ता, लेखक के साथ पत्रकार भी थे। इन्होंने मानव कल्याण का मार्ग समाज के सामने रखा। वह भारतीय जनसंघ के 1967 में अध्यक्ष चुने गए व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक रहे। 1967 के कालीकट अधिवेशन में इन्हें अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय के आसपास उनकी रेल में हत्या कर दी गई, जो आज भी रहस्य है। इस अवसर पर डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह, विकास यादव, अवधेश कुमार, सीता कश्यप, हिमांशु यादव, पूनम, शिवम यादव, प्रवीन मौर्य आदि मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास में अभियुक्त को 3 वर्ष का कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीन ने हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त को 3 वर्ष के कारावास व 2 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी धनंजय पांडेय ने बताया कि हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त आकिल निवासी जनपद अमरोहा को 3 वर्ष के कारावास व 2 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।



रामलीला में श्रीराम की चरण पादुका लेकर लौटते भरत।

### वन से श्रीराम की चरण पादुका लेकर लौटे भरत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा के शिव मंदिर में श्री आदर्श युवक रामलीला समिति के कलाकार ने बुधवार को भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन किया। पहले दृश्य में दिखाया गया है कि श्रीराम अपने पिता की आज्ञा लेकर पत्नी सीता व भाई लक्ष्मण के साथ वन को चले जाते हैं। उनके जाने के बाद राजा दशरथ पुत्र व्योग में अपने प्राण त्याग देते हैं। उस समय भरत अपनी ननिहाल में होते हैं और पिता के निधन की सूचना पर अयोध्या पहुंचते हैं, तब उन्हें पूरी जानकारी होती है। इसके बाद तीनों माताओं के साथ अपने बड़े भाई श्रीराम को वापस लेने वन जाते हैं। श्रीराम व भरत मिलाप होता है। मगर श्रीराम वन की अवधि पूरी करने के बाद ही वापस लौटने की बात कहते हैं। तब भरत अपने बड़े भाई की चरण पादुका लेकर अयोध्या लौट आते हैं और सिंहासन पर चरण पादुका रखकर राज चलाना शुरू कर देते हैं। इस अवसर पर दीप चंद मौर्य, देवेंद्र मौर्य, वीरपाल प्रजापति, कपिल प्रजापति, अंश, वंश आदि मौजूद रहे। वहीं ग्राम नेहटा में आयोजित रामलीला में लंका दहन का मंचन किया।

### तीसरे दिन भी रिकार्डिंग में दिखाई नहीं दिया जानवर

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास के मझरा मिलक में रविवार की रात जानवर महिला के गोद से दो माह के मासूम को छीन कर ले जाने की घटना के बाद ग्रामीणों में खौफ है। जिससे ग्रामीण रात जाग कर काटने के मजबूर है, भय के कारण किसान रात को फसल की रखवाली करने तक नहीं जा पा रहे है। वहीं वन विभाग द्वारा गांव में विद्युत पोलों पर लगाए गए तीन-तीन कैमरों की रिकार्डिंग में जानवर नहीं आया। रविवार की गांव दियौरा खास के मझरा मिलक में हुई घटना के बाद आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी भय का माहौल है। बिचैटा, धूमनगर, कुढ़फतेहगढ़, गंदूपुरा, फैजुल्लापुर, मैनपुरी, पैगारफातपुर सहित अन्य गांवों में ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीण रात को छत व आंगन तक में नहीं सो रहे हैं। वह गर्मी के मौसम में घरों के कमरों में सोने को मजबूर है। गर्मी होने पर रात को नींद नहीं आ रही और जाग कर रात काट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जो ग्रामीण रात के समय अपने खेत पर जाकर फसल की रखवाली करते थे। वह भी भय के कारण खेत पर नहीं जा पा रहे हैं।

# भाजपा मुस्लिम ही नहीं किसान विरोधी भी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- सपा के मान स्तंभ संविधान स्थापना कार्यक्रम में बोले सांसद जियाउर्रहमान बर्क

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के मान स्तंभ संविधान स्थापना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि भाजपा के लोग केवल मुसलमान विरोधी नहीं बल्कि किसान विरोधी भी हैं। इसी सोच के तहत भाजपा सांसद कंगना रनौत तीनों कृषि कानून फिर से लागू करने की बात कर रही हैं।

जियाउर्रहमान बर्क ने अपने संबोधन में आगे कहा कि किसानों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का काम किया था। आने वाले समय में बची हुई कसर भी पूरी हो जाएगी। भाजपा केवल हिंदू मुस्लिम पर आकर अटक जाती है। राजनीति करने या चुनाव लड़ने का इनके पास कोई मुद्दा नहीं हैं। सांसद बर्क ने उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि झूठी शान और प्रमोशन के लिए एनकाउंटर करने वाले अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। इस सरकार में कार्रवाई नहीं होगी तो सपा सरकार आने पर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां ने कहा कि मान स्तंभ संविधान की स्थापना से गरीब मजलूम दलित पिछड़े में अच्छा संदेश जाएगा। समाजवादी पार्टी मजबूती से उभर कर आएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता सोमैया राणा ने कहा कि आज देश में सपा की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि आज देश में सपा संविधान की लड़ाई लड़ रही है। संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि जिले में मान स्तंभ की स्थापना के साथ ही पीडीए को मजबूत करने जनता के बीच जाएंगे।



संभल में कार्यक्रम को संबोधित करते सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

## बिजली चोरी का मामला खत्म कराने को लिए एक लाख रुपये

**संभल, अमृत विचार:** कथित बिजली कर्मियों ने बिजली चोरी का मामला खत्म कराने के नाम पर महिला से एक लाख रुपये ले लिए।

हयातनगर के मुहल्ला तुर्को वाली मस्जिद के पास निवासी नजारुल की पत्नी गुलफिशा ने मंगलवार की देर शाम सदर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। कहा कि बीस दिन पहले हयातनगर निवासी दो व्यक्ति गुलफिशा के घर पहुंचे और बिजली चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज होने की बात कह डेढ़ लाख रुपये में मामला निपटाने की बात कही। इन दोनों व्यक्तियों ने गुलफिशा से एक लाख रुपये हड़प लिए। गुलफिशा संभल बिजलीघर पहुंची और दोनों से बिजली विभाग में जमा किए एक लाख रुपये की रसीद की मांग की। रसीद मांगने पर दोनों व्यक्ति गुलफिशा के साथ मारपीट करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर दोनों व्यक्ति अपना वाहन छोड़कर भाग गए।

# गैर इरादतन हत्या में 4 लोगों को 8-8 साल का कारावास

- अदालत ने 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैर इरादतन हत्या में चार लोगों को 8-8 साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। चारों आरोपी संभल जनपद के थाना जुनावई क्षेत्र के निवासी है।

डीजीसी क्रिमिनल राहुल दीक्षित ने बताया कि जुनावई थाने के गांव खेड़ा चित्ती खालसा उमरा निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र नत्थू सिंह 9 मार्च 2020 को खेत पर फसल देखने गए थे। जहां गांव के ही दुर्वेश, वेद प्रकाश उर्फ देव प्रकाश, नंदराम व राम प्रकाश ने उन्हें लाठी-डंडों से जमकर पीटा। सूचना मिलने पर उनका पुत्र पीताम्बर मौके पर पहुंचा। उसने कुछ ग्रामीणों की मदद से पिता को जुनावई सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से गुन्नौर सीएचसी ले गए। लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला संभल अस्पताल रेफर कर दिया गया। संभल ले जाते समय किसान विजेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर पीताम्बर ने उक्त चारों के विरुद्ध गुन्नौर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। विवेचना के बाद पुलिस ने पत्रावली न्यायालय में दाखिल कर दी। जहां दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैर इरादतन हत्या की धारा 304 में चारों को दोषी करार देते हुउ दुर्वेश, वेद प्रकाश उर्फ वेद प्रकाश, नंदराम व राम प्रकाश को 8-8 वर्ष के कारावास और प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

### गोवंश का सड़ रहा शव, बजरंग दल ने जताई नाराजगी

**रहरा, अमृत विचार :** मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला खादर का है। गांव निवासी रूपचंद सिंह का गांव के एक छोर पर खेत है। जहां बराबर में तालाब के ऊपर से होकर बिजली की लाइन गुजर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को इन जर्जर तारों को बदलवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन बिजली विभाग ने सुध नहीं ली। तीन दिन पूर्व एक गोवंश इसकी चपेट में आ गया था। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंचे बजरंग दल के जिला सह संयोजक अभिषेक गोले ने उप जिलाधिकारी व जिलाधिकारी को इसकी सूचना दी। कोई कार्रवाई न होने परे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अवर अभियंता के खिलाफ नारेबाजी कर उसे हटाने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री जितेंद्र पाल सिंह का आरोप है कि उप जिलाधिकारी को फोन करने के बाद भी सुनवाई नहीं की। आरोप है गोवंश का शव तीन से पड़ा हुआ है।

### बाल विकास विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप

**गजरौला, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ की बैठक में बुधवार को पूर्व जिलाध्यक्ष दयाराम सिंह गौतम ने बाल विकास परियोजना विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। खाईखेड़ा गांव में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना विभाग में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी सुविध शुल्क की मांग करते हैं। आंगनबाड़ियों द्वारा सुविधा शुल्क न देने की बात पर उनके खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि अहरौला तेजवन की कार्यकत्री चन्द्रमुखी द्वारा दो दिवस की अवकाश लिया था, मगर निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने उन्हें अनुपस्थित दिखाया। कहा कि वे शीघ्र ही मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकरियों से मिलेंगे। बैठक में मलखान सिंह, बाबुराम, चन्द्रभान सिंह, ब्रजपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



मनोनयन पत्र सौंपते पार्टी के पदाधिकारी।

### भीम आर्मी से सर्व समाज को जोड़ा जा रहा : शाहनवाज

**हसनपुर, अमृत विचार :** भीम आर्मी ने बैठक में सर्व समाज को संगठन से जोड़ने पर बल देते हुए जनता के दुख दर्द में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान किया है। बुधवार को ग्राम मटीपुरा में भीम आर्मी की बैठक में शाहनवाज चौधरी ने कहा कि भीम आर्मी से सर्व समाज को जोड़ा जा रहा है। पार्टी के जिला अध्यक्ष मोनू सागर ने कहा कि भीम आर्मी जनता के दुख दर्द में हमेशा साथ खड़ी हुई मिलेगी। बैठक में गांव के पूर्व प्रधान जयविंदर सिंह को मटीपुरा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोनू सागर, राजू खेवान, मोनू, सहवाज पुरिया, जोगिंदर सिंह, कारी जुनैद, कुलदीप पोसवाल आदि मौजूद थे।

### पालिकाकर्मियों को संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को पालिका सभागार में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संचारी रोगों की जागरूक को लेकर बैठक की। बैठक में चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत आमजन को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की डॉ. शाहीन व शीबा परवीन ने सभी कर्मचारियों को नाले व नालियों की सफाई के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव करने का सुझाव दिया। बैठक में चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, डॉ. शाहीन, डॉ. शिवा परवीन, वरिष्ठ लिपिक उमेश कुमार, लेखाकर लिपिक सोनू कुमार, विशाल शर्मा, कृष्ण कुमार सभासद दुलीचंद गिहार, राजू बादशाह, इरशाद, अंशुल, जेबा, पुष्पा देवी, संतोष देवी सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## विद्यालय की खाली जमीन पर किचन गार्डन बनाएं

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय नगर व ग्रामीण का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से पठन-पाठन की जानकारी की। बच्चों को कस्तूरबा आवास में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

बुधवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने को प्रेरित किया। विद्यालय में अधिकतर बच्चों को यूनिफॉर्म में न देख कर नाराजगी व्यक्त कर डीएम ने सभी बच्चों को यूनिफॉर्म दिलाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। डीएम ने बच्चों से भाषा, गणित और कंप्यूटर के सवाल किए। जिलाधिकारी ने छात्रों की उपस्थित पंजिका और अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विद्यालय की जलनिकासी की व्यवस्था ठीक कराने का आश्वासन दिया।

# अमर सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बुधवार को शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज प्रबन्धक अशोक सैनी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने छात्र छात्राओं को वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस मनाने का उद्देश्य बताया। प्राचार्य डॉ. अली अजीम फारूकी ने बताया कि साल 1912 में इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन (एफआईपी) का गठन हुआ था। प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र सिंह कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस की इस साल की थीम का मतलब है कि फार्मासिस्ट से जुड़े लोगों को समाज में स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरत को पूरा करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अशोक कटारिया, डॉ. विनीत शर्मा, मुर्शरफ खां, पूनम शर्मा, राजाराम, चन्द्रमोहन, शिवा सैनी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### सीएचसी में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**हसनपुर, अमृत विचार :** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सीएचसी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। फार्मासिस्टों ने इस मौके पर अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लेते हुए सेवा की शपथ ली। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने कहा कि हम जिस जगह पर कार्य करें, वहां पर तन-मन से मरीजों को अपनी सेवा दें। किसी को निराश न होने दें। फार्मासिस्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट का मुख्य पद है। जिसके बिना स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन असंभव है। इस मौके पर सीएचसी में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह, डॉक्टर रिचा गुप्ता, मनोज जोशी, आदि मौजूद रहे।

## फड़वालों व पालिका कर्मियों में नोकझोंक

**गजरौला, अमृत विचार :** साप्ताहिक बाजार में फड़ लगाने को लेकर पालिकाकर्मियों व फड़ लगाने वालों के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। जिससे मौके पर हंगामा हुआ। बाद में फड़ हटाने पर विवाद शांत हुआ।

बुधवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर साप्ताहिक बाजार लगाने पर अंकुश लगा दिया गया है। सुबह से ही पालिका के सफाई कर्मचारी रेलवे स्टेशन रोड पर पहुंच जाते हैं और फड़ लगाने वालों को रोकते हैं। बुधवार सुबह भी फड़ लगाने वाले लोग रेलवे स्टेशन रोड पर फड़ लगाने पहुंचे। तभी पालिका के सफाईकर्मियों ने मौके पर पहुंचते हुए उन्हें हटाना शुरू कर दिया। इससे सफाईकर्मियों की फड़ लगाने वालों से नोकझोंक हुई। ईओ दीपिका शुक्ला ने बताया कि रेलवे स्टेशन रोड पर साप्ताहिक बाजार लगाने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने पाबंदी लगाई है। जिसको लेकर रेलवे स्टेशन रोड पर फड़ नहीं लगने देंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में हो एंटी लार्वा का छिड़काव

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लाक परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की पंचायत हुई। पंचायत में भाकियू नेता सुमित नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार से दर्जनों लोग पीड़ित है। सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराना चाहिए। कहा कि चीनी मिलें 25 अक्टूबर से शुरू किए जाएं तथा किसानों को गन्ने रेट 500 रुपये प्रति क्विंटल से कम नहीं मिलना चाहिए। बिजली विभाग द्वारा चेकिंग के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। जिस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। मासिक पंचायत की अध्यक्षता सुमित नागर तथा संचालन राजेश कुमार ने किया। बैठक में मंगल त्यागी, नितिन त्यागी, तेजपाल सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, हरि सिंह, शाने आलम, मनोज शर्मा, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी रोहित व रमेश मंगलवार देर रात हापुड़ से घर लौट रहे थे। गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर गांव अहरौला तेजवन के पास सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। चिकित्सक ने रमेश की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शादी में वीडियो बनाने को लेकर मारपीट

**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर में शादी में वीडियो बनाने को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। दरअसल बुधवार दोपहर करीब तीन बजे शादी समारोह में वीडियो बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। उसके बाद वहां पर ईंट पत्थर भी चलने लगे। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। मारपीट का लाइव वीडियो युवक ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि वीडियो के आधार पर मामले में जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# झमाझम बारिश से कई स्थानों पर जलभराव, उमस से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मंगलवार से भीषण गर्मी व उमस के चलते बुधवार की दोपहर को 1 घंटा जमकर बारिश हुई। जिससे नगर के कई स्थानों पर जलभराव हो गया। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 20 दिन में गर्मी व उमस के बीच 6 बार जमकर बारिश हो चुकी है।

तेज धूप व उमस बरकरार रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल के बच्चे हो या दैनिक कार्य पर जाने वाले लोग सभी को गर्मी ने परेशान किया। बुधवार को भी सुबह से गर्मी व उमस का यहीं आलम था। दोपहर 3 बजे के करीब अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ। और 15 मिनट के बाद जमकर बरसात होने लगी। करीब 1 घंटा जमकर बारिश हुई। जिसके चलते लोगों को गर्मी व उमस से राहत तो मिल गई। लेकिन नगर की पुरानी समस्या फिर उनको परेशान करने लगी। पूर्व की तरह नगर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया। जिससे राहगीरों व वाहनस्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुख्य रुप से सीता रोड, फव्वारा चौक, स्टेशन रोड, संभल गेट, खुर्जा गेट, लक्ष्मनगंज, एफआर रोड, जारई गेट, शक्तिनगर आदि स्थानों पर काफी जलभराव रहा।



कैथल गेट से तेज बरसात में अपने परिवार के साथ जाता स्कूटी सवार।

## एक नजर

### खेत से 12 पेड़ काटने में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी कुन्दन सिंह पुत्र जबर सिंह नर्सरी का कारोबार करता है। कुन्दन सिंह ने क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं के पास अपनी नर्सरी में चम्पा, हैविकस आदि के पौधे लगा रखे हैं। रविवार शाम करीब चार बजे कई युवकों ने खेत में लगे 12 पेड़ चम्पा के काट दिये। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में मोहल्ला अतरपुरा निवासी सोनू, रोहताश, पंकज, डालचंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रैक्टर से स्टंट करने का युवक का वीडियो वायरल

**बुरावली, अमृत विचार :** जान जोखिम में डालकर युवकों का ट्रैक्टर से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो थाना रहना क्षेत्र के गांव बुरावली में ईंट भट्ठा के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में एक युवक ट्रैक्टर से स्टंट करते हुए जोर आजमाते हुए नजर आ रहे हैं। मौके पर देखने वालों की भीड़ एकत्र है। युवकों ने इसका सोशल मीडिया पर रील बनाकर डाली है।

### खेत में मगरमच्छ आने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**गजरौला, अमृत विचार :** गंगा किनारे स्थित पानी से भरे खेत में मगरमच्छ के होने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बुधवार को खेत में मगरमच्छ दिखाई दिया, जिसे देखकर लोग मौके पर दौड़ पड़े। गांव के युवकों ने पानी में मगरमच्छ को देखा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया। वन विभाग को भी इस बारे में सूचित किया गया है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने खेत का पानी इंजन से खिंचवाया। लेकिन उसके बाद मगरमच्छ कहीं नहीं दिखाई दिया।

### छात्र-छात्राओं ने की सफाई

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को सरदार बेगम पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की। बुधवार को स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं ने मलिन बस्तियों में नालियों को साफकर कूड़ा इकट्ठा कर ग्रामीणवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है। इसका उदाहरण देकर ग्राम वासियों को समझाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. नसरे आलम व सहयोगी अध्यापक फिरासत, अनवर व इरशाद उपस्थित रहे।

# दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से प्रेरणा लें

## जयंती पर जिलेभर में याद किया, भाजपाइयों ने देश को मजबूत करने का संकल्प लिया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हसनपुर में बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से की गई। इसके बाद दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया गया। मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि व्यक्ति महान कार्य से ही महान बन सकता है हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश को विकास के पथ पर अग्रसर करना होगा। मयंक अग्रवाल ने कहा कि भारत का विकास युवाओं की सोच पर निर्भर करता है। चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी ने देश को मजबूत करने का संकल्प भी लिया। प्रधानाचार्य विवेक कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजू सैनी, इशांत सैनी, पवन शर्मा, प्रशांत शर्मा सहित विद्यालय का स्टाफ रहा।



कार्यक्रम में मौजूद पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं अन्य। ● अमृत विचार


दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा जिला महामंत्री सहित अन्य।

### लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बूथ संख्या 271 गांव अव्वलपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। रजबपुर मंडल के सभी बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया और लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। रजबपुर मंडल अध्यक्ष रामनिवास गोला प्रजापति, जिला महामंत्री चंद्रभान सिंह भाटी, मोमराज सिंह गुर्जर, राहुल चौहान, प्रदीप कुमार गोला, अमीचंद प्रजापति, दीपक कुमार गोला, कामेश्वर प्रसाद गोला, सुरेंद्र सिंह चौहान, हुकम सिंह चौहान, महिपाल सिंह चौहान, कपिल चौधरी, राजीव चौधरी, गुड्डो चौहान आदि रहे। उधर, मुन्नी देवी एजुकेशनल सोसासटी मखदूमपुर में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पीत कर श्रद्धांजलि दी गई।

### दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली में भाजपा पदाधिकारियों और सदस्यों ने बूथ संख्या 369 पर बूथ अध्यक्ष सरदार जगतपाल सिंह के कार्यालय पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सरदार जगतपाल बूथ अध्यक्ष, जिला मंत्री महिला मोर्चा वर्षा वशिष्ठ और साथ में सभासद धारा सिंह, सभासद अमित भाटी, सभासद भगवत खड़गवंशी, सभासद मेहरबान, सभासद नीरज कुमार कश्यप, मनी रामपाल, शेखर गुप्ता, शेरपाल सिंह गुर्जर, सुका सिंह खड़गवंशी आदि रहे।

### पुष्प अर्पित कर दीनदयाल उपाध्याय को याद किया

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** दड़ियाल व मुबारिजपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। आदमपुर में पूर्व प्रधान सतीश अग्रवाल के कार्यालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। सतीश अग्रवाल ने कहा कि पं. दीनदयाल ने समाज की अंतिम पंक्ति के विकास की कल्पना की। प्रधानमंत्री उनकी कल्पना को साकार करने के लिए प्रयत्नशील हैं।


कलेक्ट्रेट पर एकत्र समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता।

# समाजवादी छात्र सभा ने की छात्र संघ चुनाव कराने की मांग

संवाददाता, अमरोहा/रहरा

**अमृत विचार :** बुधवार को समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अनुज त्यागी उर्फ गोलू के नेतृत्व में जिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनुज त्यागी ने कहा कि जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है। तब से विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में फीस वृद्धि हुई है तथा छात्र संघ चुनाव बंद हुए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं पर फर्जी मुकदमे लगाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसकी समाजवादी छात्र सभा घोर निंदा करती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि छात्र संघ चुनाव बहाल हो। ज्ञापन देने वाले मुख्य रूप से कासिम मकरानी, शोभित धामा, जसवीर यादव, प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार, हेमंत कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सरफराज गुड्डू प्रधान, आमिर मंसूरी, रोहित कुमार आदि रहे।

# मंडलीय प्रतियोगिता के लिए छात्रों का चयन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बुधवार को श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता हुई।

बुधवार को प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का हाथ मिलाकर किया गया। प्रतियोगिता में 14 वर्षीय बालक वर्ग के 28 से 30 किलोग्राम में ज्योति शिक्षा सदन अमरोहा के देव, 30 से 32 किलोग्राम में कुंदन इंटर कॉलेज के तरुण कुमार, 32 से 34 किलोग्राम में अंगूरी देवी इंटर कॉलेज के लोकेंद्र, 34 से 36 किलोग्राम भार वर्ग में ज्योति शिक्षा सदन अमरोहा के मयंक का चयन हुआ। जबकि 17 वर्षीय बालक वर्ग में 46 किलोग्राम में श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज धनौरा के अजय, 46 से 48 किलो भार वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा के सरित, 48 से 50 किलोग्राम में श्रीराम इंटर कॉलेज अमरोहा के मनदीप सिंह, 50 से 52 किलोग्राम में गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज धनौरा के अंकुश सैनी, 54 से 57 किलोग्राम में ज्योति शिक्षा सदन इंटर कॉलेज अमरोहा के मनीष, 57 से 60 किलो भार वर्ग में ज्योति, शिक्षा सदन अमरोहा के आर्यन, 60 से 63 किलोग्राम में ज्योति शिक्षा सदन इंटर के कन्हैया का चयन हुआ। 17 वर्षीय बालिका वर्ग में 42 किलोग्राम में ज्योति शिक्षा सदन की कीर्ति चौहान, 42 से 44 किलोग्राम में ज्योति शिक्षा सदन की अनन्या का चयन हुआ। खेल निर्णायक निर्भय विश्नोई ने बताया कि सभी वर्गों में चयनित छात्र-छात्राओं का चयन मंडल स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. महेश चंद्र उपाध्याय, पवन त्यागी, सुरेंद्र सिंह, निर्भय बिश्नोई, दीपा देओल, नेहा चौधरी, संतोष कुमार सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ रहा।


जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी, कोच व शिक्षक।

# रैली निकाल अंगदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर अंगदान-महादान विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार हुई। इसके साथ ही अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संस्थान परिसर में जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके साथ ही वीजीआई परिसर में वृहद रक्तदान शिविर में 124 यूनिट रक्त संचय कर लोगों का जीवन बचाने की शपथ ली। इस अवसर पर अंगदान जागरूकता के लिए शिविर आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द खेल परिसर में अंगदान-महादान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार, जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्ण कान्त दवे, चीफ फार्मासिस्ट जिला हॉस्पिटल डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. नितिन सिंह, डीन फार्मेसी डॉ. ओमप्रकाश गुसाई, डीन डॉ. अश्विन सक्सेना आदि ने किया। समूह चेयरमैन सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य में बदलती स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय जरूरतों को पूरा करने में फार्मासिस्ट का बहुत अहम रोल है। कहा कि अंगदान या देहदान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ दान है जिसमें एक ओर आप किसी जरूरतमंद को अपना अंग देकर उसे नया जीवन देते है।

प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि मृत्यु के बाद इस शरीर की राख बनाने या मिट्टी बनाने से अच्छा है कि अंगदान करें। कार्यक्रम को सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्ण कान्त दवे, डीन ओमप्रकाश गुसाई एवं मेरठ परिसर निदेश डॉ. प्रताप सिंह ने भी सम्बोधित किया।


श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### चित्रांश बंधुओं की नई कार्यकारिणी का गठन

**हसनपुर, अमृत विचार :** चित्रांश बंधुओं की बैठक में समाज के लोगों ने कार्यकारिणी का गठन कर समाज सेवा की शपथ दिलाई।

मंगलवार रात चित्रांश बंधुओं संगठन की बैठक मोहल्ला कायस्थान स्थित समिति अध्यक्ष कुलभूषण सक्सैना के आवास पर हुई। जिसमें समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी में विनोद सक्सेना, सुनील भटनागर, विषपति सक्सैना एवं हरिओम सक्सैना को संरक्षण बनाया। नई कमेटी में अध्यक्ष अतुल सक्सैना, उपाध्यक्ष कुलभूषण सक्सैना, सचिव दीपक सक्सैना, उप सचिव अमित सक्सैना, कोषाध्यक्ष अक्षय सक्सैना व राजीव सक्सैना को बनाया तथा निर्णय लिया कि मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर की देखभाल नवनिर्वाचित कमेटी करेगी। अंत में पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

# ट्रक की टक्कर से बहनोई की मौत, साला घायल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** दिल्ली से लौटते समय बाइक सवार साले-बहनोई को ट्रक ने रौंद दिया। इससे बहनोई की मौत हो गई, जबकि साला घायल हो गया।


मृतक रहीस का फाइल फोटो।

सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा ढक्का मोड़ निवासी रहीस (50) मंगलवार को अपने साले नौशाद निवासी शाहपुर कलां के साथ उनकी बेटी रुखसार के यहां दिल्ली में लोनी गए थे। बुधवार शाम वहां से लौटते समय नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित मोहम्मदाबाद के पास ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे रहीस की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनका साला नौशाद गंभीर रूप से घायल हो गया।


घायल नौशाद।

इस बीच चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवजा दे सरकार : महिपाल

- भाकिसं के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी निधि गुप्ता को दिया।

बुधवार को भाकिसं के पदाधिकारियों ने कलक्ट्रेट में ज्ञापन के माध्यम से कहा कि किसानों की फर्दों पर अंश निर्धारण सभी खातेदारों को एक समान कर दिया जाए। जिससे खातेदार के नाम पर आने वाली जमीन के आधार पर अंश का बंटवारा कर ठीक कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर जल योजना के अंतर्गत आने वाली गांवों की सड़कों को खोदकर जो पाइपलाइन बिछाई गई है, उन सड़कों को शीघ्र ठीक किया जाए एवं कुछ गांवों में चकबंदी रद्द होने के कारण राजस्व संबंधित कागजात जनपद स्तर से तहसील स्तर पर पहुंचाएं जाएं, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त बारिश और बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों का आंकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की भी मांग की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में महिपाल सिंह, ओमवीर सिंह, आलोक चौहान, धर्मपाल सिंह, अनुज चौहान, हरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, सुखदेव शर्मा, अंकुर चौहान एवं डॉ. उषा देवी आदि रहे।

समस्या | दो महीने से पानी की टंकी से आपूर्ति ठप, लोग हो रहे परेशान

# डिडौली में पानी की टंकी बनी सफेद हाथी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डिडौली में करोड़ों की लागत से कस्बे में बनी पानी की टंकी सफेद हाथी साबित होकर रह गई है। पानी न मिलने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

15 वर्ष पहले डिडौली कस्बे में करोड़ों की लागत से कस्बे के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी की टंकी का निर्माण किया गया था। जल निगम ने पाइप लाइन बिछाने के साथ लोगों के घरों में कनेक्शन उपलब्ध करा दिए थे। जिससे यहां लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने की आस लगी थी। कुछ दिनों तक तो पानी की टंकी से यहां के लोगों को लाभ मिला। लेकिन दो माह पहले विद्युत विभाग का जल निगम पर लाखों रुपये बकाये के चलते पानी की टंकी का विद्युत विभाग ने कनेक्शन काट दिया। सबमर्सिबल जैसे महंगे संसाधनों के चलते लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने जल्द पानी की टंकी से पेयजल की आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है।


डिडौली में पानी की टंकी।

"पानी की टंकी पर दो कर्मचारी रहते हैं। जो पिछले तीन वर्षों के वेतन की मांग रहे हैं। बिजली विभाग का कोई मामला नहीं है। शुक्रवार को बैठक में नया प्रस्ताव किया जाएगा। जिसमें केवल एक कर्मचारी ही रहेगा। पानी की टंकी दिन में तीन ही बार चलेगी। दिन में आधा आधा घंटा तीन बार चलाई जाएगी।
–महीपाल सिंह, ग्राम प्रधान


"लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। गर्मी में टंकी न चलने से परिवार की पानी की आवश्यकताओं के साथ–साथ पशुओं के लिए भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
– विनीत वाल्मीकि


"सबमर्सिबल लगाना संभव नहीं है। पहले पानी की टंकी सुबह शाम चलती थी। जिससे परिवार की पानी की जरूरत के साथ–साथ पशुओं की प्यास बुझाते थे। – पौपाल सिंह, प्रदेश महासचिव, भाकियू (भानु)


"लगभग दो माह से पानी की टंकी बंद पड़ी है। जिससे पानी की भारी कमी हो रही है। सरकार को इसे शीघ्र चलाने की व्यवस्था करनी चाहिए।
–धर्मेंद्र ठाकुर


"पानी की टंकी बंद होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है। यह टंकी जल्द से जल्द शुरू की जाए।
– सौरभ ठाकुर उर्फ सनी ठाकुर

## सार संक्षेप


ज्ञापन देने से पहले कलेक्ट्रेट में मौजूद अधिवक्ता।

### समस्याओं व सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी से मिले वकील

**अमरोहा, अमृत विचार :** उप्र अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में बुधवार को वकील जिलाधिकारी से मिले। पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं की समस्याओं व सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई। बुधवार को उत्तर प्रदेश अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी निधि गुप्ता से मिला। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं व सुरक्षा को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में आएदिन अधिवक्ताओं की हत्याएं, उत्पीड़न व अत्याचारों को देखते हुए जनपद के अधिवक्ताओं की सुरक्षा के प्रबंध किए जाएं। अधिवक्ताओं को आत्मसुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी करने में प्राथमिकता दी जाए एवं इसकी प्रक्रिया को सरल व सुगम बनाया जाए। असहाय, वृद्ध एवं नए अधिवक्ताओं को आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़ा जाए। अधिवक्ताओं को हेल्थ एवं जीवन बीमा योजना में शामिल कर उसका उन्हें लाभ दिलवाया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनु शर्मा, दिनेश सिंह, संजीव जिंदल, खुसरो नदीम, ईश्वर सिंह, पवन वर्मा, चन्द्रगुप्त मौर्य, वीर सिंह सैनी, संजय कुमार शर्मा, निरंकार चौधरी, अखिलेश शर्मा, मोहम्मद जावेद अख्तर, विनोद कुमार, राजीव कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### 7 निरीक्षक और 3 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**अमरोहा, अमृत विचार :** एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने 7 निरीक्षकों और 3 उप निरीक्षकों के भी तबादले किए हैं। इनमें निरीक्षक वरुण कुमार एसओजी प्रभारी को यूपी डायल 112 नंबर का प्रभारी बनाया है। निरीक्षक संजीव कुमार प्रभारी यूपी 112 को प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ, निरीक्षक करणपाल सिंह प्रभारी सोशल मीडिया सेल को प्रभारी अपराध शाखा, अपराध शाखा के निरीक्षक रणवीर सिंह को एसओजी का प्रभारी, ओमवीर सिंह को अपराध थाना अमरोहा नगर से डीसीआरबी का प्रभारी, निरीक्षक बलिंदर कुमार को हसनपुर कोतवाली का अपराध निरीक्षक, रिट सेल के प्रभारी रणदीप सिंह को थाना अमरोहा नगर का निरीक्षक अपराध, उप निरीक्षक करमजीत सिंह को टीपी नगर का चौकी प्रभारी, टीपी नगर चौकी प्रभारी कुमरेश त्यागी को हसनपुर कोतवाली का वरिष्ठ उप निरीक्षक, उप निरीक्षक विनोद कुमार राठी को मुनव्वारपुर चौकी का प्रभारी बनाया है।

### रामलीला मंचन से पहले झंडा पूजन कल

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार को कोतवाली में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के पदाधिकारियों के साथ प्रभारी निरीक्षक ने बैठक कर कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। समिति प्रबंधक राकेश अग्रवाल ने बताया कि 27 सितंबर को रामलीला मैदान में भूमि पूजन एवं झंडा पूजन कार्यक्रम है। समिति के पदाधिकारियों ने रामलीला मंचन एवं अन्य कार्यक्रमों में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात करने की मांग की। वार्ता के दौरान समिति प्रबंधक राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, जयपाल सैनी, लोकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


भाकियू की पंचायत को संबोधित करते तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह।

### भाकियू की पंचायत में छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसान नेताओं ने क्षेत्र में हिंसक एवं छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि बार–बार अधिकारी आश्वासन देते हैं, लेकिन पशुओं को पकड़वाते नहीं है। बुधवार को अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में भारतीय किसान यूनियन की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत हुई। पंचायत में तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि सरकार चीनी मिलों को जल्द से जल्द शुरू करें। जिससे किसान समय से मिल में गन्ना दे सके और किसानों की लागत को देखते हुए गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करें। उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्रों को जल्द चालू करें। कहा कि विद्युत विभाग द्वारा लगातार विद्युत बिल एवं चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है, उस पर तुरंत रोक लगाई जाए। पंचायत की अध्यक्षता रोहतास सिंह ने की तथा संचालन तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने किया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, सीता आर्य, हरिओम सिंह, बलराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रोहित चौधरी, आनंदपाल सिंह, मुखिया, राजपाल, संजीव बालियान, महेश, हनी चौधरी, विजेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।


एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### प्रधान पर ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव औसामाफी के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान ने हल्का लेखपाल के साथ मिलकर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है और उनकी कृषि भूमि पर बुलडोजर चलवाकर बुनियाद गिरा दी है। हसनपुर क्षेत्र के गांव औसामाफी के ग्रामीण बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम सुनीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए बताया कि गांव में उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 170, 173, 174 है। आरोप लगाया कि इस पर अवैध तरीके से ग्राम प्रधान तथा हल्का लेखपाल ने पुलिस की मिली भगत से उनकी जमीन को ग्राम समाज की भूमि में शामिल कर लिया है। अब ग्राम समाज की भूमि पर वर्तमान ग्राम प्रधान का अवैध कब्जा है। जबकि उन्हें बिना बताए उनकी कृषि भूमि पर 12 वर्ष पुरानी बुनियाद को बुलडोजर से गिरा दिया है। जबकि इस संबंध में उनके द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की जांच पड़ताल कर न्याय की गुहार लगाई है। प्रदर्शन करने वालों में खान चंद शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेश शर्मा, रामरतन शर्मा, करन पाल, सत्य प्रकाश, गजेंद्र, राम, नरेंद्र, कमल सिंह, जसराम, प्रेम सिंह आदि ग्रामीण मौजूदरहे।

### निजी चिकित्सकों ने कार्रवाई पर जताई नाराजगी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के एक बैंक्वेट हॉल के निकट बुधवार को निजी चिकित्सक इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से नाराज होकर बैठक की। बैठक के बाद सभी निजी चिकित्सक भाजपा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने के लिए रवाना हुए। जिला पंचायत सदस्य के पति पिंटू भाटी ने बताया कि प्रशासन द्वारा की जा रही निजी चिकित्सकों पर कार्रवाई से नाराज सभी निजी चिकित्सक यहां एकत्र हुए हैं। जहां बैठक में निर्णय लिया गया है कि सभी निजी चिकित्सक अमरोहा के भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी को ज्ञापन सौंपेंगे। बताया कि अधिकतर निजी महिला एवं पुरुष चिकित्सक जीएनएम, बीयूएमएस, बीएएमएस तथा अन्य डिग्री धारक हैं। सरकारी नौकरी नहीं मिलने के कारण सभी लोग क्लीनिक चला रहे हैं। डिग्री धारक चिकित्सक काम नहीं कर पा रहा हैं। निजी चिकित्सकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि जिलाधिकारी निजी चिकित्सकों की बात शांतिपूर्वक सुने।

# पारिवारिक सुरक्षा के लिए विवाह विच्छेद की अनुमति देना उचितः हाईकोर्ट

## झूठे मुकदमों के बाद फिर से सामान्य आपसी संबंध की उम्मीद करना कठिन

विधि संवाददाता,प्रयागराज



- ऐसे मुकदमों से विपक्षी की प्रतिष्ठा और सामाजिक मर्यादा को नुकसान पहुंचता है

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि तलाक एक सिविल कार्यवाही है। यह संस्था संबंध-विच्छेद होने के बावजूद पति या पत्नी को झूठे आपराधिक मामले दर्ज कर अपने विपक्षी से बदला लेने के लिए कभी भी प्रेरित नहीं करती है। पत्नी द्वारा पति और उसके परिवार के खिलाफ झूठा आपराधिक मुकदमा चलाने से पति के मन में अपने परिवार और खुद की सुरक्षा के प्रति आशंका उत्पन्न हो सकती है। झूठे मुकदमों के बाद विपक्षी पति या पत्नी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह इससे उबरकर अपने वैवाहिक संबंधों को फिर से शुरू कर पाएगा। इसकी उममीद करना कठिन है।

कोर्ट का मानना है कि ऐसे मुकदमों से विपक्षी की प्रतिष्ठा और सामाजिक मर्यादा को नुकसान पहुंचता है, इसलिए ऐसे मामलों में भविष्य के जोखिम को देखते हुए विवाह-विच्छेद की अनुमति देना उचित होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा दिए गए तलाक के आदेश को चुनौती देने वाली तृप्ति सिंह की याचिका को खारिज करते हुए दिया। पक्षकारों का विवाह वर्ष 2002 में हुआ और उन्हें एक बेटा भी हुआ। वर्ष 2006 में अपीलकर्ता ने अपना वैवाहिक घर छोड़ दिया, जिसके बाद विपक्षी/पति ने तलाक के लिए कार्रवाई शुरू की। मालूम हो कि अपीलकर्ता ने विवाह के 6 वर्ष बाद और पति द्वारा तलाक की याचिका दाखिल करने के बाद दहेज की मांग के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कोर्ट ने पाया कि दोनों पक्ष शिक्षित हैं। इसके बावजूद अपीलकर्ता ने केवल प्रतिशोध और विपक्षी को परेशान करने के उद्देश्य से दहेज की मांग के झूठे आपराधिक मामले दर्ज करवाए। हालांकि अपीलकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि अपीलकर्ता द्वारा अपने ससुराल वालों द्वारा किए गए बुरे व्यवहार के कारण आपराधिक मामले दर्ज करवाए गए, लेकिन कोर्ट ने पाया कि ऐसे आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि विपक्षी के माता-पिता भले ही अपीलकर्ता के ससुराल वाले हों, लेकिन माता-पिता की अकारण गिरफ्तारी और उनके खिलाफ झूठे आपराधिक आरोपों के बाद विपक्षी को ऐसे संबंध में बने रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

# लखनऊ में नवंबर में होगा कृषि भारत मेला

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नवंबर में कृषि भारत मेले के आयोजन की तैयारी है। 15 से 18 नवंबर के बीच लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से उप्र. के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो की तरह ही इस आयोजन में भी पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को शामिल किया गया है। मेले का आयोजन 20,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। एक लाख से अधिक किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इस दौरान 10 से अधिक संगोष्ठियां होंगी, जबकि 4000 से अधिक कृषि आधारित बिजनेस से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं आठ राज्यों के किसानों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

# बाजार से मंगाकर मंदिरों में भोग लगाने की परंपरा हो बंद : संत

अयोध्या कार्यालय

- मंदिरों के रसोई में ही भोग प्रसाद बनाने की है परम्परा : राघवाचार्य

**अमृत विचार :** तिरुपति के लड्डू में चर्बी मिलाए जाने के मामले पर संतों की नाराजगी कम नहीं हो रही है। संतों की बैठक के दौरान यह तय हुआ कि मंदिरों के गर्भगृह में लगने वाले भोग प्रसाद की शुद्धता और पवित्रता के लिए मंदिर के ही रसोई में प्रसाद तैयार किया जाये। बाहर से आने वाले प्रसाद से भोग नहीं लगाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसको लेकर जल्द ही अयोध्या के सभी साधु-संतों के साथ बड़ी बैठक में सभी से सहमति ली जाएगी।

बड़ा भक्तमाल में बुधवार को संत श्री तुलसीदास रामलीला न्यास की बैठक में संतों ने मठ-मंदिरों के व्यवस्थापकों से अपील किया कि बाजार का भोग प्रसाद प्रभु को कतई अर्पित न करें। सभी गो पालन करें और गोदुग्ध से निर्मित प्रसाद ही अर्पित करें। बैठक में संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि मठ-मंदिरों की पवित्रता से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। जगद्‌गुरु डॉ. राघवाचार्य ने कहा कि मठ-मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। अपने-अपने आश्रम में गो पालन करें। बाजार से मंगाकर भोग लगाने की परंपरा बंद होनी चाहिए। आज जो भी मंदिर सरकारी नियंत्रण में हैं उनकी सुचिता बची नहीं रह पा रही है। सरकार ऐसा कानून बनाए, ताकि लोग मठ-मंदिरों की पवित्रता से खिलवाड़ न कर सकें। इस दौरान महंत जन्मेजय शरण, नागा रामलखन दास, पुजारी हेमंत दास, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद की सुनवाई 30 को

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले में बुधवार को दो घंटे सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट से प्रार्थना की कि पहले रिकॉल आवेदन पर सुनवाई की जाए। इसके बाद कार्यवाही बढ़ाई जाए। दरअसल जनवरी 2024 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के सभी मुकदमों को एक साथ सुनने का आदेश जारी किया गया था। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था, लेकिन इस पर तब सुनवाई नहीं हो सकी। अब कोर्ट मामले की अगली सुनवाई यानी आगामी 30 सितंबर को वाद बिंदु तय करने से पहले मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल रिकॉल एप्लीकेशन पर सुनवाई करेगी।

# कब्रिस्तान में मिले जाली करेंसी छापने के कागज, बांग्लादेशी गैंग होने का सबूत

संवाददाता, प्रयागराज

- अतरसुइया के मदरसा में नकली करेंसी छापने का मामला

**अमृत विचारः** अतरसुइया के मदरसा में नकली करेंसी छापने का सबूत पुलिस को मिला है। कब्रस्तान के अंदर जाली करेंसी छापने के कागज़ पुलिस कि मिले है। इस मामले में और भी खुलासे हुए है। बताया जा रहा है कि आरोपी मो. जाहिर बांग्लादेश के दो संगठनों के संपर्क में काफी समय से था। वह बांग्लादेश लोकेशन के वीडियो भी भी देखा करता था।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, मो. जाहिर जब ओडिशा में रह रहा था तो वह उसी वक्त बांग्लादेश के मौलाना के संपर्क में आया। उसकी सर्च की गई हिस्ट्री में बांग्लादेश की कई लोकेशन सामने आई है। जिन्हें जांच एजेंसियां ट्रेस करने में जुटी हैं।

दरअसल, प्रयागराज में नकली नोट छापने, बच्चों के ब्रेनवॉश करने, आर एस एस आतंकी संगठन शीर्षक वाली एक किताब रखने के मामले में आरोपी मौलवी समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। आईबी, एटीएस और सिविल लाइन थाने की पुलिस ने सभी से करीब 7 घंटे पूछताछ की। जिसमें विदेशी फंडिंग और टेरर फंडिंग को लेकर भी पूछताछ की गई थी। चारों आरोपियों को लेकर टीमें दरियागंज कब्रिस्तान पहुंचीं। जो मजार के पीछे है। मजार के पीछे दो बंडल 500-500 शीट( कागज़ ) बरामद की गई। जिनसे नोट छापनी थीं। मो. जाहिर ने बताया कि इन बंडल की मदद से भी नोट छापना था। बताया जा रहा है कि मो. अफजल ने छापेमारी के डर से एक दिन पहले ही इन बंडलों को कब्रिस्तान में छिपा दिया गया था, प्रिंसिपल मौलवी तफसीरुल आरीफीन के हिसाब से इन शीट से करीब 3 लाख रुपए के नकली नोट छापे जाने थे।

चारों आरोपियों के मोबाइल जांच एजेंसियों के पास हैं। एफएसएल की मदद से डेटा रिकवर किया जा रहा है। मोबाइल में कुछ वीडियो भी मदरसा के मिले हैं।

# नदी में डूबीं पांच युवतियां, एक की मौत, चार सुरक्षित

**हरदोई।** सहेलियां सई नदी से नारगुजारी निकालने पहुंचीं और नदी पार करने लगी,उसी बीच पांच सहेलियां डूबने लगी,उन्हे डूबता देख कर ग्रामीण दौड़ पड़े,उन्होंने किसी तरह से चार को तो बचा लिया,जबकि एक डूब गई। जिसका शव कई घंटे बाद नदी से बरामद किया जा सका। शव बाहर आते ही गांव में कोहराम मच गया। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के कटैय्या मजरा अटवा निवासी प्रमोद की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका बुधवार की दोपहर अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास से निकली सई नदी से नारगुजारी ढूंढने पहुंची। बताते है पांचों सहेलियां नदी पार कर रहीं थी,उसी बीच गहराई में पहुंचते ही पानी में डूबने लगी।

# राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा के लिए होंगे सात द्वार

अयोध्या कार्यालय



राम की पैड़ी पर चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

- दस हजार लोगों के बैठने की होगी क्षमता, दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** रामनगरी में इस वर्ष होने वाला दीपोत्सव बेहद खास होने वाला है, जिसमें न केवल वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा बल्कि इस पूरे भव्य आयोजन को देखने के लिए 10 हजार से अधिक अयोध्यावासी भी शामिल हो सकेंगे। इसके लिए राम की पैड़ी पर दर्शन दीर्घा तैयार की जा रही है। इस दर्शन दीर्घा में प्रवेश के लिए सात द्वार का भी निर्माण किया जा रहा है।

यूपीपीसीएल के द्वारा ओम शिवम लाइट हाउस कंपनी इस दीर्घा और द्वार का निर्माण कर रही है। 300 मीटर लंबे दीर्घा में 10 हजार लोगों के बैठने कि क्षमता होंगी। ओम शिवम लाइट हाउस के सुपरवाइजर रवि कुमार बताते हैं कि आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था और सेल्फी प्वाइंट को तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही पीछे की तरफ बनाये जा रहे दीवार बनाई जा रही है, जिसमें दीवार के बीच तीन अलग अलग इमरजेंसी द्वार होगा जो अधिक भीड़ होने पर लोगों को बाहर करने के लिए खोला जायेगा। इसके साथ ही तीन और द्वार होंगे जो संपर्क मार्ग से कनेक्ट होगा। इसमें एक द्वार उत्तर और दूसरा दक्षिण दिशा में बन रहा है और बीच में दो द्वार होंगे जिससे एक तरफ से प्रवेश और दूसरे तरफ से निकास का मार्ग होगा। बताया कि अगले 15 दिनों में इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है।

### 25 लाख दीपों को जलाने के लिए सात हजार स्वयं सेवक लगेंगे

28 से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों से वर्ल्ड रिकार्ड बनाए जाने के लिए 7000 वॉलंटियर को लगाए जायेंगे। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि राम की पैड़ी पर दर्शन दीघा का निर्माण किया जा रहा है। 23 करोड रुपए का यह प्रोजेक्ट शासन के द्वारा स्वीकृत हुआ था। अधिक लोग दीपोत्सव देख सके ऐसा प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### गर्लफ्रेंड की मांग पूरी करने को विधि छात्र बना चोर

**लखनऊ, अमृत विचार :** गर्लफ्रेंड की मांग पूरी करने के लिए विधि छात्र चोर बन गया। जिस अपार्टमेंट में रहता था वहीं तीन फ्लैट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने छात्र को गिरफ्तार कर बुधवार को खुलासा किया। प्रशिक्षु आईपीएस एसीपी गोसाईंगंज किरन यादव ने बताया कि आरोपी रवि गुप्ता महराजगंज के देउवा का रहने वाला है। वह एमआर गोमती ग्रींस में रहकर विधि की पढ़ाई कर रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि पिता मजदूरी करते हैं। गर्लफ्रेंड ने कुछ मांग की थी, जिसकी वह खरीद नहीं पा रहा था। उसने ऐसे फ्लैट को निशाना बनाया, जिनमें लोग अकेले रहते थे। उनके नौकरी पर जाने के बाद काफी समय तक फ्लैट बंद रहता था। दो-तीन दिन रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया। एसीपी ने बताया आरोपी के पास से मोबाइल, लैपटाप, सोने की तीन चेन और अन्य माल बरामद किया गया है।

### छात्राओं से छेड़खानी के आरोप में शिक्षामित्र पर रिपोर्ट

**कौशांबी, एजेंसी :** सैनी थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र पर पांचवीं कक्षा की चार छात्राओं के साथ छेड़खानी करने के आरोप में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पहाड़पुर कोडन थाना क्षेत्र के एक स्कूल में तैनात शिक्षा मित्र राजेश कुमार यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह पढ़ाते समय बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करता है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा विवेचना के दौरान जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**लखनऊ ।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार, आईटीआई सत्र अगस्त 2024-25 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी राजकीय और निजी आईटीआई संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 26 से 30 सितंबर 2024 के बीच वॉक-इन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश की कवायद को पूरा करें। मेरिट के आधार पर संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पंजीकृत और नए आवेदकों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 सितंबर, जबकि निजी आईटीआई संस्थानों के लिए यह तिथि 30 सितंबर तय की गई है।

# दूसरी कक्षा के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हाथरस, एजेंसी।** एक निजी स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्र की छात्रावास में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में स्कूल के निदेशक समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि सहपऊ थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल की दूसरी कक्षा में पढ़ने वाला एक बच्चा सोमवार को छात्रावास में मृत पाया गया था। छात्र के पिता कृष्ण कुशवाहा का कहना है कि स्कूल प्रशासन ने उन्हें सूचना दी थी कि उनका बेटा बीमार है। स्कूल पहुंचने पर पता चला कि स्कूल के निदेशक दिनेश बघेल उसे अपनी कार से अस्पताल ले गए हैं। माथुर के मुताबिक, कुशवाहा ने पुलिस से की गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि बाद में उन्हें स्कूल निदेशक दिनेश बघेल मिले और उन्होंने बघेल की कार से अपने बेटे का शव बरामद किया। उन्होंने बघेल और चार अज्ञात लोगों पर अपने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है।

# ईडी कार्यालय में पेश नहीं हुए मोहिंदर सिंह, छापा मारने के बाद किया था तलब

**लखनऊ, अमृत विचार :** नोएडा में हैसिंडा प्रोजेक्ट घोटाले में जांच के दायरे में आए पूर्व आईएएस एवं नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह बुधवार को लखनऊ प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने पांच दिन पहले हैसिंडा के संचालकों के ठिकानों पर छापों के दौरान मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास को भी खंगाला था। जहां करोड़ों रुपये के हीरे और नामी-बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुधवार को तलब किया था। मोहिंदर सिंह के ईडी के सामने पेश होने के लिए शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने इंतजार भी किया। लेकिन न तो वह स्वयं पेश हुए न ही कोई जवाब भेजा। अब उनको दोबारा समन भेजा जाएगा। दोबारा यदि वह पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोहिंदर सिंह की तलाश विजिलेंस भी कर रही है। स्मारक घोटाले में उनसे पूछताछ के लिए चंडीगढ़ स्थित आवास पर दो वर्ष पूर्व नोटिस भेजा गया था।

# प्राचीन रामलीला में संत निभाएंगे किरदार

अयोध्या कार्यालय



पत्रकारों से बातचीत करते साधु-संत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगरी के भगवताचार्य स्मारक सदन में परंपरागत रूप से 30 सितंबर से प्रारंभ हो रही प्राचीन रामलीला में पहली बार संत भी पात्रों का किरदार निभाएंगे। फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए संतों ने ऐलान किया है। इसका प्रसारण आस्था और संस्कार चैनल पर लाइव होगा।

संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के द्वारा रामलीला के आयोजन को लेकर संतों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें रामायण के प्रसंग पर अयोध्या के ही कलाकारों के द्वारा 30 सितंबर से लेकर 14 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक तक का कार्यक्रम होगा। इस वर्ष होने वाली रामलीला में रोजाना कोई न कोई संत रामलीला में किसी न किसी पात्र में नजर आएंगे। रामलीला न्यास के कोषाध्यक्ष महंत अवधेश दास ने कहा कि अयोध्या में फिल्मी रामलीला होती है, जिसमें फिल्मी कलाकार रामलीला करते हैं। यह रामलीला अमर्यादित है।

## वर्ग पहेली-203

**बाएं से दाएं**

4. 1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5. 1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6. 1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7. 1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10. 1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का, दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3. 1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8. 1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9. 1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।



## वर्ग पहेली -202 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | ■ | ■ | ■ | 2 धे |
| ■ | ■ | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| ■ | 5 गे | ■ | लु | ■ | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | ■ |
| ■ | मा | ■ | ■ | ■ | 7 त |
| ■ | मू | ■ | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | ■ | ना |

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 9 | | | 5 | 3 | |
| | | 3 | | 4 | | 8 | | |
| 2 | | 6 | | | 8 | | | 4 |
| | | | 1 | | 2 | | 9 | |
| | 7 | 9 | | | | 1 | 2 | |
| | 5 | | 7 | | 3 | | | |
| 9 | | | 6 | | | 3 | | 7 |
| | | 1 | | 8 | | 4 | | |
| | 3 | 8 | | | 5 | | 1 | |

## सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.25 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** — आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

**वृष** — आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

**मिथुन** — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

**कर्क** — आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

**कन्या** — आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

**तुला** — आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृश्चिक** — आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।

**धनु** — आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

**मीन** — आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 23.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जॉनी आई लव यू — सुबह : 08.56
- कोहराम — रात : 08.49

&pictures
- टॉइलेट - एक प्रेम कथा — सुबह : 10.45
- रनवे 34 — रात : 08.00

SONY PIX
- द लीजेंड ऑफ टार्जन — सुबह : 10.02
- वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 — सुबह : 10.46
- धमाल — रात : 08.00

ZEE ACTION
- वेधा — सुबह : 10.40
- मक्खी — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा- सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा- शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर ( सी-नियर ) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर ( जू-नियर )।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी — मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## एक नजर

### हुंदै मोटर, स्विगी के आईपीओ को सेबी की हरी झंडी

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता हुंदै की भारतीय इकाई हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड और खाद्य सामग्री व किराना की आपूर्ति करने वाली कंपनी स्विगी को सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की मंजूरी मिल गई है। मामले से जानकारी रखने वालों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने पहले बताया था कि दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता कंपनी आरंभिक शेयर बिक्री के जरिये तीन अरब डॉलर (25,000 करोड़ रुपये) जुटाने की योजना बना रही है, जबकि स्विगी का आईपीओ 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का आंका गया है। यदि हुंदै मोटर इंडिया का आईपीओ सफल हो जाता है तो यह भारत का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। इससे पहले देश में सबसे बड़ा आईपीओ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का 21,000 करोड़ रुपये का था।

## मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये
राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये
लोबिया लाल : 90से 110 रुपये
लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 960 फ्लैग– 1080 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 870
**रामपुर :** शिवालिक–965 फ्लैग–1115 डीएमओ–835 बोल्ड–1150

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 77,600 |
| चांदी आभूषण | 91,900 |

# भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर एडीबी ने रखा कायम

## बेहतर कृषि तथा उच्च सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा कि 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और 2025-26 में 7.2% रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2% की दर से बढ़ी थी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि धीमी होकर 6.7% रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार, उद्योग व सेवाओं के लिए मजबूत परिदृश्य से तेजी आने की उम्मीद है।

- अपनी एडीओ में एडीबी ने कहा- निर्यात अनुमान से अधिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण रहेगा




### कृषि सुधारों से होगी ग्रामीण व्यय में वृद्धि

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू–राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है। औसत से अधिक मानसून से कृषि में वृद्धि होगी जिससे 2024–25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

# प्री ओपन मार्केट : एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन

प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन है, जो स्टॉक एक्सचेंज के नियमित खुलने से पहले होता है। यह आमतौर पर सुबह 9 से 9 :15 बजे तक चलता है। इस अवधि में निवेशक शेयरों की प्रारंभिक कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं और अपने ट्रेडिंग ऑर्डर को प्लेस कर सकते हैं। प्री ओपन सेशन का मुख्य उद्देश्य बाजार की तरलता बढ़ाना और पिछले दिन के समापन मूल्य के आधार पर नए मूल्य का निर्धारण करना है। यह निवेशकों को ताजे समाचारों और घटनाओं के प्रभाव को समझने का मौका देता है, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें। आइए इस बारे में थोड़ी जानकारी करते हैं....

**समय सीमा :** प्री ओपन सेशन आमतौर पर 15 मिनट का होता है। इसमें निवेशक खरीद और बिक्री की सीमाएं तय कर सकते हैं।

**कीमत निर्धारण :** इसका मुख्य उद्देश्य स्टॉक की प्रारंभिक कीमतों को तय करना होता है। यह अंतिम प्री ओपन मूल्य पर निर्भर करता है, जोकि दिन के समापन मूल्य और प्री ओपन के दौरान हुई ट्रेडिंग पर तय किया जाता है।

**खुला ट्रेडिंग :** प्री ओपन में ट्रेडिंग आम तौर पर नॉन–डिस्क्रीट और रैंडम तरीके से होती है, ताकि बाजार में तरलता बनी रहे।

**समाचार का प्रभाव :** यदि किसी कंपनी या क्षेत्र से संबंधित कोई बड़ा समाचार आता है, तो प्री ओपन मार्केट में उसका प्रभाव तेजी से देखा जा सकता है।



### जानकारी कैसे करें

- **स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट :** निफ्टी, सेंसेक्स, या अन्य एक्सचेंज की वेबसाइट पर जाकर प्री ओपन मार्केट की जानकारी ले सकते हैं।
- **फाइनेंशियल न्यूज़ :** बिजनेस न्यूज चैनल्स और वेबसाइट्स जैसे कि सीएनबीसी, ईटीनाव या मनीकंट्रोल पर भी जानकारी मिलती है।

### प्री ओपन मार्केट के जोखिम

- **अत्यधिक उतार–चढ़ाव :** प्री ओपन में शेयरों की कीमतों में तेजी से परिवर्तन हो सकता है, जिससे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ स्टॉक्स में प्री ओपन सेशन में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे खरीदने या बेचने में कठिनाई हो सकती है।
- **सूचनाओं का प्रभाव :** ताजा समाचार या घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव हो सकता है, जो अनिश्चितता और निवेशकों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है।
- **निवेशकों की भावना :** प्री ओपन में भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति हो सकती है, जिससे गलत ट्रेडिंग के परिणामस्वरूप हानि हो सकती है।
- **ऑर्डर फुलफिलमेंट :** प्री ओपन में सभी ऑर्डर फुलफिल नहीं हो सकते हैं, जिससे इच्छित कीमत पर व्यापार नहीं हो पाता।
- **ट्रेडिंग कॉस्ट :** अधिक उतार–चढ़ाव के कारण, प्री ओपन में ट्रेडिंग करना महंगा हो सकता है, जिसमें स्प्रेड और कमीशन शामिल हैं।

**मार्गदर्शन :** प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण समय है जो निवेशकों को बाजार में बदलाव का अंदाजा लगाने और संभावित लाभ उठाने का मौका देता है। सही जानकारी और रणनीति के साथ, निवेशक इस समय का सही उपयोग कर सकते हैं।

## भारत का खाद्यान्न उत्पादन 33.22 करोड़ टन पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का खाद्यान्न उत्पादन जून में समाप्त फसल वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 33.22 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गेहूं और चावल की बंपर फसल से कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। कृषि मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि फसल वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम अनुमान इससे पिछले वर्ष के 32.96 करोड़ टन से 26.1 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है। चावल उत्पादन रिकॉर्ड 13.78 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो 2022-23 में 13.57 करोड़ टन था।

# ब्रोकर-निवेशक का विवाद आपराधिक कार्यवाही से बाहर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सेबी एक्ट की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी एक्ट) विशेष अधिनियम है। कानून के अनुसार एक बार विशेष अधिनियम लागू होने पर सामान्य कानून जैसे आईपीसी या सीआरपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 409 विश्वासघात और 420 धोखाधड़ी का मामला एक ही आरोप पर नहीं चलाया जा सकता है।

- सेबी एक्ट विशेष अधिनियम पर सामान्य कानून लागू नहीं : हाईकोर्ट



वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि विपक्षी ने शेयर बाजार के जोखिमों को जानते हुए भी निवेश किया, साथ ही धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में लेन-देन की शुरुआत से बेईमानी का इरादा मौजूद होना आवश्यक है जो मामले में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, इसलिए याची के खिलाफ 409 और 420 के तहत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी पाया कि किसी को निवेश के रूप में अपनी संपत्ति सौंपने के लिए धोखे से प्रेरित नहीं किया जा सकता है। अतः न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता की एकलपीठ ने जितेंद्र केसरवानी के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि ब्रोकर और निवेशक के बीच निवेश विवाद सेबी एक्ट की धारा 15-एफ के दायरे में आते हैं। ऐसे मामलों में आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती है।

मामले के अनुसार मेसर्स एलडीके शेयर एंड सिक्योरिटीज प्राइवेट लि. के निदेशक के खिलाफ पुलिस स्टेशन हरीपर्वत, आगरा में आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शेयर ब्रोकर होने के नाते याची ने उसे अपनी कंपनी के माध्यम से शेयरों में निवेश और व्यापार के लिए कहा था और बदले में उसे कुछ सुविधाएं देने का दावा किया था, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता द्वारा कई मांगों के बावजूद याची ने 9,69,450 रुपए वापस नहीं किए, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

# कोयला आयात 9 प्रतिशत बढ़कर 9.05 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश ने 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 9.05 करोड़ टन कोयला आयात किया, जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, और उसके पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है।

अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान कोयला उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष के 29.33 करोड़ टन से 9.56 प्रतिशत बढ़कर 32.14 करोड़ टन हो गया। मौजूदा खपत की स्थिति आयात की महत्वपूर्ण जरूरत को दर्शाती है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के तापीय कोयला के लिए जो घरेलू भंडार में उपलब्ध नहीं है। इस कमी से प्रमुख उद्योगों को समर्थन देने के लिए आयात की जरूरत है।

- भारत के पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार : मंत्रालय



# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सेना अधिकारी व उसकी मंगेतर को दी गई सुरक्षा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर को सुरक्षा मुहैया कराई है, जिनका भरतपुर पुलिस थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। भुवनेश्वर–कटक पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद दोनों के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तैनात किए गए हैं। जब वे शहर में कहीं भी जाएंगे तो पीएसओ उनके साथ–साथ रहेंगे। ओडिशा सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब सैन्य अधिकारी, उनकी मंगेतर और उनके पिता तथा कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से मुलाकात की थी।

### शिवाजी की नई प्रतिमा के लिए निविदा जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी की प्रतिमा गिरने के बाद, वहां 60 फुट ऊंची नयी प्रतिमा के लिए निविदा जारी की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नई प्रतिमा का आकार पिछली प्रतिमा से दोगुना होगा। प्रतिमा 20 करोड़ में बनाई जाएगी और सरकार ने इसके लिए छह महीने की समय सीमा तय की है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट किले में शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था जो 26 अगस्त को तेज हवा से गिर गई थी।

### राहुल गांधी को धमकी पर मणिपुर में शिकायत दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने राहुल गांधी को कथित धमकी को लेकर बुधवार को इंफाल सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कीशिंग और उपाध्यक्ष हरेश्वर ओजा इमो के साथ भाजपा और राजग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि राजग और भाजपा नेताओं ने विभिन्न मंचों पर गांधी को धमकी दी है।

# कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं

## गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं करते, वे अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं। मोदी ने सोनीपत जिले के गोहाना में चुनावी रैली में कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को वापस लाना जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाले बहादुरों के बलिदान का अपमान होगा।

जम्मू-कश्मीर का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीन चरणों में से दो चरण का मतदान हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल वहां शांति पसंद नहीं करते और हरियाणा के बहादुर सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव होते हैं तो हरियाणा की बहादुर माताएं खुश होती हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगियों को जम्मू-कश्मीर में शांति पसंद नहीं है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहती है। वह वहां फिर से आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देना चाहती है। मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस देश के दुश्मन के एजेंडे को भारत में लागू करना चाहती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस को सबक सिखाएंगे।


हरियाणा के सोनीपत में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- मोदी बोले- कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में 370 वापस लाना चाहती है

### राहुल गांधी को नहीं पता ब्रेन-ड्रेन क्या होता है : विज

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता अनिल विज ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं पता कि ब्रेन–ड्रेन क्या होता है। विज ने कहा कि गांधी ने भाजपा से सवाल किया है कि हरियाणा के युवा क्यों डंकी रूट से बाहर जा रहे हैं और जिंदगी खराब कर रहे हैं, राहुल गांधी की दादी और पिता प्रधानमंत्री रहे हैं, तो इनको पता नहीं है कि उस समय ब्रेन–ड्रेन किसको कहते थे। उस समय ब्रेन–ड्रेन का रिवाज था। भारत के काबिल लोग नौकरी की चाह में विदेशों में चले जाते थे। विज ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और सैलजा के कथित रूप से खुद को मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बारे में कहा कि सूत न कपास, जुलाहे में लठम लठा। मुख्यमंत्री तो भाजपा का बनेगा, ये तो सपने देख रहे हैं और इस पर टैक्स नहीं लगता है।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा एक्यूआई खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तीन महीने और 19 दिनों के बाद बुधवार को लोगों ने वायु गुणवत्ता में गिरावट महसूस की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। 5 जून को एक्यूआई के 248 तक पहुंचने के बाद यह पहली बार है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे तक एक्यूआई 197 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया था। उस दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शीतकालीन कार्य योजना का अनावरण किया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से 21 केंद्रित पहल शामिल हैं।

# अल्पसंख्यक मंत्रालय कांग्रेस के समय मुस्लिम मंत्रालय था : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के समय इस मंत्रालय को मुस्लिम मंत्रालय के तौर पर देखा जाता था क्योंकि वो मुसलमानों को वोटबैंक मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए काम रहा है। मंत्रालय के काम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। पहले लोग सोचते थे कि यह मुस्लिम मंत्रालय है जबकि इसमें छह समुदायों के लिए काम होता है। कांग्रेस मुसलमानों को वोटबैंक बनाते थे, इसलिए मुस्लिम-मुस्लिम करते रहते थे। रीजीजू ने 100 दिनों में मंत्रालय द्वारा किए कार्यों का उल्लेख किया।



- मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए कर रहा काम

### वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट जल्द

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति जिस गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट जल्द संसद में रख दी जाएगी। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे व न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश के लिए बाध्य होगी। कोर्ट ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कह सकते क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? हालांकि वह इस स्तर पर संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना मुश्किल है कि शिंदे ने पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं। पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।



- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

## चिकित्सा छात्रों को देनी होंगी एक वर्ष सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चिकित्सा संस्थानों से भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्षीय अनिवार्य सेवा बॉण्ड की शुरुआत की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश के अनुसार इस नए विनियमन के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों समेत स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिल्ली सरकार के तहत चिकित्सा संस्थानों में एक वर्ष सेवाएं देनी होंगी। दाखिले के समय यूजी छात्रों को 15 लाख जबकि पीजी व सुपर-स्पेशियलिटी के छात्रों को 20 लाख का बॉण्ड जमा करना होगा।

# कंगना की टिप्पणी पर मोदी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की टिप्पणी पर बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह निरस्त किए जा चुके तीनों काले कृषि कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं या नहीं।

गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री ने उन कानूनों को फिर से लाने जैसा कदम उठाया तो इंडिया गठबंधन उसका विरोध करेगा और उन्हें एक बार फिर माफी मांगनी पड़ेगी। कंगना रनौत ने मंगलवार को 2021 में निरस्त किए तीन कृषि कानूनों को वापस लाने की मांग की थी। गांधी ने जारी वीडियो में कहा कि भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कानूनों को फिर लाने की बात की है। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उनको फिर से लाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था। गांधी ने एक्स पर कहा कि सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री?



- राहुल ने कहा स्पष्ट करें क्या वापस लाना चाहते हैं तीनों कृषि कानून

### कंगना ने टिप्पणी ली वापस

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को दोबारा लागू किए जाने से संबंधित टिप्पणी पर खेद व्यक्त करते हुए बुधवार को उसे वापस ले लिया है। कंगना ने मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत में 2021 में निरस्त किए गए तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किए जाने की बात कही थी। कहा था कि तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को खुद मांग करनी चाहिए।

# रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव, सांप्रदायिक राजनीति के लिए इतिहास को न बांटें

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलीलें देने पर फटकार लगाते हुए बुधवार को कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव हैं और इतिहास को सांप्रदायिक राजनीतिक आधार पर बांटना नहीं चाहिए। समिति ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है, जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की।

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलील पर लगाई फटकार

हाईकोर्ट ने कहा कि समिति का इरादा अदालत के माध्यम से सांप्रदायिक राजनीति का है और मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि इसे धार्मिक रंग दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि आपके पास यह प्रतिमा है। एक तरफ हम महिला सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं। एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली समिति की अपील पर सुनवाई कर रही पीठ ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी की प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया कि याचिका में कोई कारण नहीं बताया गया है।

# गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

साबरकांठा (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ट्रेलर ट्रक से जा टकराई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने गैस कटर से कार के हिस्से हटाए जिसके बाद शवों को निकाला गया। हादसा उदयपुर को अहमदाबाद से जोड़ने वाले एनएच पर सुबह 6.30 बजे हुआ। एसपी विजय पटेल ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार सात लोगों की मौत हो गई।

### तेलंगाना में भी सड़क दुर्घटना, सात की मौत

**चेन्नई।** तेलंगाना में उलुंदूरपेट के पास एनएच पर बुधवार को वैन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। तिरुनावलूर पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आ गई थी और वाहन पेड़ से टकरा गया। वैन में सभी पुरुष थे। पर कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया था।

## आरएसएस ने चूहों की तरह राज्य में की घुसपैठ : हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरएसएस की तुलना चूहों से की। भाजपा व आरएसएस पर चुनावी फायदे के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाया। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह की जनसभा में सोरेन ने दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की इसमें संलिप्तता का दावा किया।

# श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की आतिशी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के माध्यम से न्यूनतम वेतन लागू किया, बल्कि भाजपा द्वारा खड़ी की गईं बाधाओं के बावजूद हर साल दो बार इसमें संशोधन भी सुनिश्चित किया।

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का लगाया आरोप

## चौटी पर हौसला



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की गोरीचेन रेंज में 20,942 फीट ऊंची ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ने के बाद पोज देती हुई। छठे दलाई लामा रिग्जेन त्सांगयांग ग्यात्सो के सम्मान में इस चोटी का नाम अब त्सांगयांग ग्यात्सो पीक रखा गया है।

# टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

### फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

### देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में संक्रामक रोग से दो की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक अज्ञात संक्रामक बीमारी के फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता हिकमतुल्ला ने एक्स पर कहा कि राजधानी काबुल से लगभग 80 किमी उत्तर में शिनवारी जिले के कफशान क्षेत्र में चार दिनों में अज्ञात संक्रामक बीमारी से 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि संक्रमित लोगों में से 50 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### देउबा ने की नेपाली छात्र की रिहाई में मदद की अपील

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने विश्व समुदाय से नेपाली छात्र बिपिन जोशी की हमास की कैद से सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया है। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। देउबा ने सोमवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की मंत्रिस्तरीय बैठक में अपने देश के छात्र की कठिन स्थिति ओर ध्यान आकर्षित किया और उसकी रिहाई सुनिश्चित उनासीवें संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंची विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल उत्सुकता से बिपिन की घर वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

### ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

### ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

**लंदन।** ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है। लंदन में रह रहीं कौर ने एकत्रित और पुनः निर्मित वस्तुओं से अपनी कलाकृतियां बनाई हैं।

# जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

## संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के वास्ते मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया। रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यूक्रेन के नेता को 'घिसी-पिटी बातें दोहराने की अनुमति देने के लिए' स्लोवेनिया की भी आलोचना की, जो इस महीने परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।



अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

### भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

### दूसरे शांति सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित कर चुके हैं : यूक्रेन

**संयुक्त राष्ट्र।** जेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष पर सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को गुटों या क्षेत्रीय समूहों में नए और अनावश्यक विभाजन किए बिना एकजुटता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। मैं, आप व सभी प्रमुख देशों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं जो वाकई में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा हम चीन को आमंत्रित करते हैं। हम ब्राजील को आमंत्रित करते हैं। मैंने भारत को पहले ही आमंत्रित किया है।

### मोदी ने भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों से अमेरिका में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की है, ताकि अमेरिकी नगारिकों को भारत भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी ने यह टिप्पणी सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में ओएफबीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की।

### इजराइल के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र सभा को करेंगे संबोधित

**यरुशलम :** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नई शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्ला के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।

# भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

● जयशंकर ने कहा- चीन के साथ भारत का कठिन इतिहास रहा



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है।

उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा। इसलिए यह रिश्ता न केवल एशिया के भविष्य पर, बल्कि संभवतः दुनिया के भविष्य पर भी असर डालेगा। उन्होंने कहा आपके पास दो ऐसे देश हैं जो आपस में पड़ोसी हैं, वे इस दृष्टि से अनोखे हैं कि वे एक अरब से अधिक आबादी वाले देश भी हैं, दोनों वैश्विक व्यवस्था में उभर रहे हैं और उनकी सीमा अक्सर अस्पष्ट हैं तथा साथ ही उनकी एक साझा सीमा भी है। इसलिए यह बहुत जटिल मुद्दा है। मुझे लगता है कि अगर आप आज वैश्विक राजनीति में देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि अगर आप वैश्विक राजनीति में आज देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। जयशंकर ने हाल में कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की लगभग 75 प्रतिशत समस्याओं को सुलझा लिया गया है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारा ध्यान सबसे पहले सैनिकों को सीमा पर से हटाना है ताकि वे वापस उन सैन्य अड्डों पर चले जाएं, जहां से वे पारंपरिक रूप से काम करते हैं।

# कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओरआसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।



● एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

### बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

## सिंगापुर पुलिस से दुर्व्यवहार पर चार भारतीयों पर रिपोर्ट दर्ज

**सिंगापुर।** सिंगापुर में उपद्रव करने और पुलिस के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भारतीय मूल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, दो मिनट का एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया है जिसमें चारों आरोपियों को पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। खबर के अनुसार चारों आरोपियों मोहम्मद डिनो मार्सियानो अब्दुल वहाब (44), एलेक्स कुमार ज्ञानसेकरन (37), मोहम्मद यूसोफ मोहम्मद याहिया (32) और मोहनन वी बालकृष्णन (32) ने लिटिल इंडिया में रविवार सुबह कथित हत्या के एक मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

**यरुशलम, एजेंसी**

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। उधर, हिजबुल्ला ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।



### हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलों को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

## चीन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**बीजिंग।** चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम )का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण वार्षिक अभ्यास का एक हिस्सा था। चीनी रक्षा मंत्रालय ने वीचैट पर एक बयान में कहा, यह प्रक्षेपण वार्षिक प्रशिक्षण योजना के हिस्से के रूप में किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास के अनुसार है। यह प्रक्षेपण किसी विशेष देश या लक्ष्य के खिलाफ लक्ष्य करके नहीं किया गया। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, मिसाइल अपने अपेक्षित जगह समुद्री क्षेत्र में गिरी।

# बांग्लादेश नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

**ढाका, एजेंसी**

● जल संसाधन सलाहकार रिजवान ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा

बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

## भारतीय इजराइली सैनिक के परिवार के आव्रजन में मदद की अपील की

**यरुशलम।** भारतीय मूल के यहूदियों के आव्रजन के मामले में सबसे आगे रहने वाले इजराइल के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक मृत सैनिक के परिवार के इजराइल में आव्रजन के संबंध में मदद की अपील की है। यह एनजीओ भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम से भारतीय मूल के यहूदियों को इजराइल में बसाने की पुरजोर वकालत करता है। पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम में रहने वाले यहूदियों को आम तौर पर बेनी मेनाशे के नाम से जाना जाता है। स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंगहल (24) की इस महीने की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान वेस्ट बैंक के बेत एल बस्ती के पास असफ जंक्शन के निकट एक वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत हो गयी थी।

**खगोल विज्ञान** | डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी

# मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

**संवाददाता, नैनीताल**

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

### ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

**नैनीताल :** ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।